आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:15 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 135, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने होर्मुज में बिछाईं बारूदी सुरंगें

## संकट में युद्धविराम...तेहरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसियों ने जारी किया होर्मुज का नक्शा | अमेरिका और ईरान के बीच समझौतों पर वार्ता आज, जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंचे

- ईरान ने कहा- यूरेनियम संवर्धन हमारा अधिकार, बिना इसके कोई बात नहीं करेंगे

दुबई/इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके स्पष्ट नतीजे सामने आएंगे और कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। कालिबाफ के नाम पर संभावित वार्ताकार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस्लामाबाद में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं, ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट प्रकाशित किया जिससे संकेत मिला कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाई हैं। यह चार्ट ऐसे समय में प्रकाशित हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को लेकर संदेह बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है 30 सदस्यीय अमेरिकी टीम के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। वहीं, होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाने का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया है जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम पर फारसी भाषा में खतरे का क्षेत्र अंकित करते हुए एक घेरा दिखाया गया है। जहां ईरान ने बारूदी सुरंगें बिछाई गईं।

ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि यूरेनियम संवर्धन के तेहरान के अधिकार की रक्षा करना अमेरिका से किसी भी युद्धविराम वार्ता के लिए आवश्यक है।


लेबनान के बेरूत शहर में बचाव अभियान के दौरान महिला को बचाते दमकलकर्मी।

### लेबनान से सीधी बातचीत को इजराइल तैयार

**वाशिंगटन।** इजराइल और लेबनान के बीच संघर्ष-विराम को लेकर बातचीत अगले हफ्ते वाशिंगटन में विदेश विभाग के कार्यालय में शुरू होने की उम्मीद है। योजना से वाकिफ एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बातचीत में अमेरिकी पक्ष का प्रतिनिधित्व लेबनान में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा एवं इजराइली पक्ष का प्रतिनिधित्व अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचिएल लीटर करेंगे।

### लेबनान युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं : ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया है। उन्होंने लेबनान पर इजराइल के हालिया हमलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक अलग लड़ाई है। इस बीच, ईरान ने लेबनान पर हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। उसने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज को फिर बंद कर दिया जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है।

### ईरान होर्मुज में वसूलेगा 1 डालर प्रति बैरल टोल



ईरान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी टैंकरों पर 1 डॉलर प्रति बैरल का टोल लगाने की योजना है। वह यह टोल क्रिप्टोकरेंसी में तय करेगा और निरीक्षण पूरा होने के कुछ ही सेकंड के भीतर बिटक्वाइन में भुगतान की मांग करेगा। फाइनेंशियल टाइम्स ने ईरान के तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पाद निर्यातकों के संघ के आधिकारिक प्रवक्ता हामिद होसैनी के हवाले से बताया कि ईरान तेल टैंकरों को प्रति बैरल एक डॉलर के शुल्क पर होर्मुज से गुजरने की अनुमति देने के लिए तैयार है।

# बुनकरों के हित में तैयार करें क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने बुनकरों के लिए परिणामोन्मुख क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

योगी ने गुरुवार को हथकरघा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।


एमएसएमई मंत्री और उच्चाधिकारियों संग बैठक करते सीएम।

- उच्चस्तरीय समीक्षा में तय हुई बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व को लेकर प्राथमिकताएं
- क्लस्टर आधारित विकास के जरिए बुनकरों को बाजार डिजाइन, तकनीक से जोड़ने का निर्देश

### बिजली बिल में राहत की तैयारी

पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन संयुक्त कार्य योजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की लागत घटेगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी।

### वैल्यू चेन मॉडल पर होगा विकास

सरकार हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करेगी। क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे। बल्कि डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच को एकीकृत कर बुनकरों को बेहतर मूल्य और स्थायी बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### निवेश के नाम 74 लाख रुपये की ठगी के दो मामलों में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 74 लाख रुपये की ठगी करने के दो अलग अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, ग्रेटर नोएडा निवासी राहुल त्यागी नामक व्यक्ति को 27.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा गया और उसे शेयर बाजार और आईपीओ मंचों में निवेश करने का लालच दिया गया। एक अन्य मामले में, पुलिस ने ग्रेटर नोएडा निवासी रिंकू (36) को 47 लाख रुपये की निवेश धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उनके राज्यसभा जाने के साथ बिहार में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और हवाई अड्डे पर जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा सहित पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। कुमार ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं यहां शपथ लेने आया हूं। उन्हें राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

# बाल तस्करी के मामलों को गंभीरता से लें राज्य, समन्वित कार्रवाई करें

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, एक न्यायालय के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन कार्रवाई अंततः राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी है इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है। पीठ ने संगठित तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने के उद्देश्य से 2025 में सुनाए गए एक फैसले को लागू करने के मामले में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी जताई।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि कुछ मामलों में बच्चों को बरामद किया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है लेकिन इसके लिए जिस स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए उसका फिलहाल अभाव है। पिछले साल 15 अप्रैल को दिए गए फैसले में कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था। इनमें तस्करी के मामलों में मुकदमों का निपटारा रोजाना सुनवाई के आधार पर छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश भी शामिल था।



- सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई, कहा- गिरोह देशभर में सक्रिय
- कहा- तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी

### कई राज्यों ने निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी रिपोर्ट

पीठ ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, गोवा, हरियाणा, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और पंजाब ने अब भी निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट दाखिल नहीं की। जब मध्य प्रदेश के गृह सचिव ने इस चूक के लिए माफी मांगी तो पीठ ने 'अंतिम अवसर' दिया और चेतावनी भी दी कि बार-बार विफल रहने पर राज्यों को आधिकारिक रूप से 'आदेश का पालन नहीं करने वाला' घोषित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि कम से कम 15 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने मानव तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी के लिए अनिवार्य समीक्षा समितियों का गठन अभी तक नहीं किया है। इस मामले में आगे की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

### जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश

फैसले में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने और जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश दिया गया था। इससे पहले पीठ ने कुछ राज्यों की ओर से दाखिल अनुपालन रिपोर्ट को महज आंखों में धूल झोंकना करार दिया था।

# असम ने रचा इतिहास, केरलम-पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान

गुवाहाटी/ तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, एजेंसी

**85.38%** वोटिंग असम के इतिहास में सबसे ज्यादा

**89.81%** मत पड़े पुडुचेरी में 50 साल बाद

**78.01%** केरलम में 49 साल में दूसरी बार बना रिकॉर्ड

देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.38% मतदान हुआ।

असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। वहीं, केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 50 साल बाद 89.81% मतदान हुआ। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई।


केरलम में विधानसभा चुनाव के दौरान कतार में खड़ी महिलाएं।

# अमेरिका-ईरान जंग ने ले ली बरेली के होनहार की जान

**बरेली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की विभीषिका में अरब देशों में काम करने वाले भारतीय भी झुलस रहे हैं। बरेली के रहने वाले जीशान अजहरी भी जंग की भेंट चढ़ गए। दुबई में ईरान के मिसाइल हमले में खाई बनी सड़क में कार गिरने से उनके साथ पाकिस्तानी ड्राइवर की भी जान चली गई। 16 दिन बाद दुबई से शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

विदेश में जान गंवाने वाले जीशान (29) बरेली के बिहारीपुर निवासी बिस्कुट व्यापारी जान मोहम्मद उर्फ लल्ला के तीन पुत्रों में सबसे छोटे थे। वह 2020 से दुबई में नौकरी कर रहा था। जीशान अपने क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में मिसाइट अटैक की वजह से हुए पानी से भरे गढ्डे में कार गिर गई ओर उनकी मौत हो गई।


जीशान (फाइल)

- मिसाइल हमले से सड़क पर हुए गड्ढे में कार गिरने से जीशान अजहरी की हुई मौत

# महिला आरक्षण : प्रस्तावित संशोधन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश भर की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मोदी ने सभी सांसदों से इस संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।

मोदी ने अपनी वेबसाइट 'नरेन्द्र मोदी डॉट इन' पर प्रकाशित एक लेख में यह भी कहा कि यह पहल उस सिद्धांत की पुष्टि है जिसने लंबे समय से भारत के इस सभ्यतागत लोकाचार का मार्गदर्शन किया है कि समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाएं प्रगति करती हैं। अब जरूरत है 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले राज्यों के विस चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।



- सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का किया आग्रह

# ब्लॉक परिसर में राजनीतिक बैठक कराने पर बीडीओ को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 16 फरवरी को आयोजित की गई थी पूर्व मंत्री डीपी यादव की राजनीतिक बैठक
- बैठक की शिकायत के बाद बीडीओ पद से हटाकर मनरेगा सेल से कर दिए गए थे संबद्ध

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में राजनीतिक बैठक कराने और चाय नाश्ता कराने के मामले में घिरे विकास क्षेत्र इस्लामनगर के पूर्व बीडीओ को शासन से निलंबित कर दिया गया है। मामला सामने आने के बाद उन्हें मनरेगा सेल से संबद्ध किया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जिला कोर कमेटी की बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।

विकास क्षेत्र इस्लामनगर परिसर में 16 फरवरी को पूर्व मंत्री डीपी यादव की बैठक कराई गई थी। आरोप है कि बैठक में चाय नाश्ता का भी इंतजाम कराया गया था। इसके बाद से खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खां की शिकायत जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर शासन तक पहुंची थी।

पिछले दिनों हुई जिला कोर कमेटी की बैठक में मुद्दा उठा था। मुनव्वर खां को मनरेगा सेल से संबद्ध करते हुए नितिन कुमार को इस्लामनगर के बीडीओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया था। डीडीओ से मामले की जांच कराई गई थी। बताया जा रहा है कि जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर डीएम ने भी कार्रवाई की संस्तुति की थी।

विकासखंड परिसर में राजनीतिक बैठक कराने पर दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही करने पर अब शासन से मुनव्वर खां को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में मुनव्वर खां लखनऊ के ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय मे संबद्ध रहेंगे। जिला विकास अधिकारी अखिलेश चौबे ने बताया कि इस्लामनगर के बीडीओ रहे मुनव्वर खां को निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई शासन स्तर से की गई है।

**उपलब्धि** | उप्र ने की 22,337 करोड़ की खरीद, केंद्र सरकार ने सराहा, 3606 करोड़ की खरीद से नगर विकास विभाग सबसे आगे

# जेम पोर्टल पर यूपी प्रथम, बना देश का रोल मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सरकारी खरीद में पारदर्शिता का नया मानक स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम के माध्यम से 22,337 करोड़ रुपये की खरीद कर यूपी देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। भारत सरकार ने भी यूपी की इस पारदर्शी खरीद प्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बताया है।

खास बात यह है कि प्रदेश के अधिकांश विभागों ने अपनी खरीद जेम पोर्टल के जरिए सुनिश्चित की, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनी। प्रदेश में नगर विकास विभाग ने सबसे अधिक 3606 करोड़ रुपये की खरीद कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा (2973 करोड़), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (2498 करोड़) और गृह विभाग (1852 करोड़) प्रमुख रहे। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूपी ने गुजरात (14,009 करोड़), महाराष्ट्र (6113 करोड़), दिल्ली (4278 करोड़) और छत्तीसगढ़ (3935 करोड़) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया। जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद ने केवल पारदर्शिता ही नहीं बढ़ाई, बल्कि छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और वंचित वर्गों को भी बाजार से जोड़ने का काम किया है। महिला उद्यमियों से खरीद 467 करोड़ (2020-21) से बढ़कर 4755 करोड़ (वर्ष 2025-26) तक पहुंच गई। वहीं एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद 54 करोड़ से बढ़कर 752 करोड़ हो गई। स्टार्टअप से खरीद भी 261 करोड़ से बढ़कर 3203 करोड़ तक पहुंची, जबकि एमएसएमई से खरीद 3978 करोड़ से बढ़कर 27,235 करोड़ रुपये हो गई। इससे प्रदेश में स्थानीय उद्यमों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।




### जेम खरीद में टॉप-10 राज्य

- उत्तर प्रदेश – 22,337 करोड़
- गुजरात – 14,009 करोड़
- महाराष्ट्र – 6113 करोड़
- दिल्ली – 4278 करोड़
- छत्तीसगढ़ – 3935 करोड़
- बिहार – 3611 करोड़
- मध्य प्रदेश – 2900 करोड़
- जम्मू-कश्मीर – 2653 करोड़
- झारखंड – 2647 करोड़
- असम – 2494 करोड़

### विक्रेताओं के कारोबार में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी

जेम पोर्टल के जरिए यूपी के विक्रेताओं का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 5770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 42,654 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम, कृष्ण मुरारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को जेम पोर्टल से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से

**तिलहर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई। तहसील परिसर में बनाए गए नामांकन स्थल पर प्रत्याशी 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे।18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच, 20 अप्रैल को नाम वापसी और 21 अप्रैल को प्रतीक चिन्ह आवंटन किया जाएगा। 5 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और 7 मई को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। इस चुनाव प्रक्रिया के लिए चुनाव अधिकारी जीत सिंह राय और आरओ खंड विकास अधिकारी खुदागंज अरविंद दुबे को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कर्ज न चुकाने पर बैंक ने सील किया मकान

**तिलहर, अमृत विचार :** कर्ज न चुकाने पर एडीएम न्यायिक के आदेश पर एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को कच्चा कटरा मोहल्ला निवासी राजेश कुमार प्रजापति के मकान को सील कर कब्जे में ले लिया। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। नायब तहसीलदार मनु माथुर ने बताया कि राजेश कुमार प्रजापति ने वर्ष 2018 में लक्ष्मी किराना स्टोर के नाम से करीब 27 लाख रुपये का लोन लिया था। वर्ष 2023 से किस्त जमा न होने पर बैंक ने मुकदमा दर्ज कराया था। एडीएम न्यायिक के आदेश पर सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एचडीएफसी रोजा शाखा प्रबंधक संजीव कौशल, अरवरिल कुमार, शोभित कुमार, अमीन जाहिद अली और पुलिस बल की मौजूदगी में मकान को सील कर बैंक ने भौतिक कब्जा ले लिया।

### परामर्श केंद्र पर एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र पर 20 पत्रावलियों पर सुनवाई के बाद एक दंपती को राजी खुशी विदा किया गया। सदर बाजार क्षेत्र के एक दंपति, जिनका विवाह करीब 18 माह पूर्व हुआ था। उनके बीच पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी डेढ़ माह से मायके में रह रही थी। आरोप लगाया था कि पति फोन पर फुफेरी बहन से निकाह करने की बात कर रहा था जिस कारण वह मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया, जहां उनकी वार्ता कराई गई। समझाने के बाद दोनों पक्ष सहमति से पुन: साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उप निरीक्षक मधु यादव आदि मौजूद रही

# छुट्टा पशुओं को पकड़ने का दावा फिर भी हालात बेकाबू

## लगातार पकड़ने का अभियान चला रहा नगर निगम फिर भी महानगर को छुट्टा पशुओं से नहीं मिल रहा छुटकारा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महानगर को छुट्टा पशुओं से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। आज भी सड़कों पर छुट्टा पशु देखे जा रहे हैं। इनसे हर समय हादसों का खतरा बना रहता है। नगर निगम लगातार पशुओं को पकड़ने का दावा कर रहा है। इसके बाद भी छुट्टा पशुओं की समस्या पर काबू नहीं हो पा रहा है।

महानगर में छुट्टा पशु लगातार लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। महानगर की सड़कों पर छुट्टा पशु आराम से चहल कदमी करते दिखाई दे रहे हैं। इनसे राहगीरों को दिक्कतों का सामना तो करना ही पड़ रहा है, जान का भी खतरा पैदा हो रहा है। पिछले वर्षों में दर्जन भर से ज्यादा लोगों को छुट्टा पशुओं के हमले में अपनी जान गंवाना पड़ी।

महानगर में जेल रोड, सदर बाजार, हनुमत धाम रोड, स्टेशन रोड, कैंट रोड, लोधीपुर रोड, घंटाघर रोड, ईदगाह रोड पर छुट्टा पशु पूरी सड़क को घेर कर चलते हैं। सड़क पर पैदल व दुपहिया वाहनों से चलने वाले इन छुट्टा पशुओं से दूर हटकर चलते हैं। ताकि वह इनके हमले से बच सकें। जरा सी असावधानी होने पर लोग इनके हमले से घायल हो जाते हैं। फिर वह अपना इलाज कराते फिरते हैं। कभी-कभी गंभीर घायल मर भी जाते हैं।



महानगर में जेल रोड व हनुमत धाम रोड पर टहलते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार



महानगर में जेल रोड व हनुमत धाम रोड पर टहलते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

● **सड़कों पर घूम रहे पशुओं से बना रहता है हादसों का खतरा**

इन्हें पकड़ने के दावे और प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उनका असर दिखाई नहीं दे रहा है। जिला प्रशासन और नगर निगम इस दिशा में नियमित बैठकें कर कार्य योजना बनाने की बात करता है, लेकिन जमीनी सतह पर इस समस्या का हल नजर नहीं आता है।

> नगर निगम क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की शिकायत मिलने पर तत्काल उन्हें निगम की टीम से पकड़वा कर गोशाला और नंदी शाला में भेजा जाता है। अब पहले की अपेक्षा सड़कों पर छुट्टा पशु कम ही दिखाई देते हैं।
> – **हरवंश दीक्षित**, मुख्य सफाई निरीक्षक

> नगर निगम क्षेत्र में मंघई टोला में दो गोशालाएं हैं। इनमें एक में 330 और दूसरी में 323 गोवंश हैं। ककरा में एक नंदी शाला है। जिसमें 700 गोवंश हैं।
> – **विजय नारायण मौर्या**, महाप्रबंधक जल

इस संबंध में मंत्री और अधिकारी यह कह चुके हैं कि छुट्टा पशु सड़कों पर दिखाई नहीं देगा। इसके बाद भी तमाम पशु सड़कों से लेकर शहर की गलियों में घूम रहे हैं। जिनमें कुछ सांड़ आए दिन किसी न किसी पर हमला कर रहे हैं।

समस्या को लेकर अधिकारी लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि जल्द ही सभी पशु सड़कों से हट जाएंगे। गोशालाओं में लगातार गोवंशों को भेजा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पशुओं को पाल भी रहे हैं। इसके बाद भी पशु सड़कों से नहीं हट पा रहे हैं।

सवाल यह है कि आखिर महानगर में कब तक जन सामान्य इन छुट्टा पशुओं के हमले में घायल होकर मरते रहेंगे। इसका संतोषजनक जवाब देने का कोई तैयार नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लोग पशुओं को छुट्टा छोड़ देते हैं, ऐसे में यह समस्या बढ़ रही है।

### जनपद में 17 वृहद गोशालाएं संचालित

जनपद में 17 वृहद गोशालाएं संचालित हैं तथा 14 निर्माणाधीन हैं। देखने के लिए तीन लोगों की कमेटी का गठन किया जाएगा। नैनीताल ढाबा के सामने हाईवे पर गोवंशों के लिए ट्रामा सेंटर बनाया जाएगा। गोवंश बीमार होने पर या चोट लगने पर एनिमल एंबुलेंस के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकते हैं।– **धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, डीएम

### किए जा रहे प्रयास

जिले में 152 गोशालाएं हैं। महानगर में नगर निगम की तीन, जबकि जिले में नगर निकाय क्षेत्र में 14 गोशालाएं संचालित हैं। उनका प्रयास है कि सड़क से हटाकर पशुओं को जल्द से जल्द गोशाला में भेजा जाए। छुट्टा पशुओं के चलते हादसे में किसी की जान न जाए, इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ लोग पशुओं को छुट्टा छोड़ देते हैं, जिस कारण यह समस्या बढ़ रही है।– **डॉ. राजेंद्र प्रताप**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।

## आरपीएफ से कमरा खाली करा सीआरएस को दिलवाएं

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** स्टेशन पर टिकट घर के पीछे स्थित कमरे को आरपीएफ से खाली कराने के लिए नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने डीआरएम को पत्र लिखा है। कहा कि कमरा खाली होने के बाद सीआरएस के स्टोर के लिए आवंटित किया जाए।

स्टेशन में कई साल पहले वेतन कार्यालय बना था। जहां से कर्मचारियों को वेतन दिया जाता था। कार्यालय के पास एक कमरे में सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ के जवान रहते थे। रेल प्रशासन ने खाते में वेतन आने के बाद से वेतन कार्यालय को खत्म कर दिया लेकिन वह कमरा अभी भी आरपीएफ के पास है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता ने आरपीएफ को पत्र लिखकर कमरा खाली करने को कहा है। बताया कि उसे सीआरएस को स्टोर के लिए दिया जाना है। कमरे में रह रहे आरपीएफ कर्मचारी ने कमरा खाली कर दिया लेकिन आरपीएफ ने कमरा हैंड ओवर न कर गोदाम बना लिया है। यूनियन के सचिव शिवओम सक्सेना ने पत्र में बताया कि 17 जनवरी को हाउसिंग कमेटी की मीटिंग में निर्णय हुआ था कि कमरा खाली करा सीआरएस को दे दिया जाए।

# पंक्तिबद्ध कर पंजीकरण करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निगोही का औचक निरीक्षण**

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-निगोही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक, डॉ नितिन चौधरी, चिकित्सा अधिकारी डॉ ललित कुमार वर्मा, डॉ. अंशिका खरबंदा, डॉ. अंतिमा मित्तल, चिकित्सा अधिकारी (आरबीएसके) डॉ. जीशान, डॉ. फैजा, डॉ. प्रियंका, फार्मासिस्ट निर्मल सैनी, स्टाफ नर्स जगमीत एवं अन्य समस्त संबंधित स्टाफ उपस्थित मिला।

निरीक्षण समय तक 568 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका था। पंजीकरण कक्ष के बाहर भीड़ लगी होने पर संबंधित को मरीजों का पंजीकरण पंक्तिबद्ध कर किए जाने हेतु निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में मोहसिन ने बताया कि 35 मरीजों को जन औषधि केंद्र से औषधि दी गई। ईएमओ कक्ष में डॉ. अंशिका खरबंदा ने 05 मरीजों का मेडिकोलीगल किया। नेत्र परीक्षण अधिकारी सुयोगरत्न ने 16 मरीजों की नेत्र परीक्षण किया था। एलटी मंजेश कुमार ने निरीक्षण समय तक 12 मलेरिया जांचें, 39 एएनसी जांचें कीं। जिसमें कोई भी मलेरिया धनात्मक नहीं पाया गया। लैब टेक्नीशियन को शुगर, हीमोग्लोबिन, टाइफाइड, एचआईवी आदि जांचें करने, साफ-सफाई व बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।



पोषण किटें वितरित करते सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### 50 क्षय रोगियों को निशुल्क पोषण किटें वितरित

डालमिया भारत शुगर एण्ड इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, निगोही द्वारा गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ओमेन्द्र कुमार राठौर, डीपीपीएम आरती, डालमिया के सीएसआर प्रोग्राम के सरोज मिश्रा, ब्रह्मपाल सिंह, आदित्य गुप्ता ने पोषण किट वितरित कीं। सभी क्षय रोगियों को समय से दवा खाने, दी गई पोषण किट को स्वयं ही खाने एवं स्वास्थ्य की अच्छी तरह से देखभाल रखने हेतु प्रेरित किया गया।

## अधिवक्ता पर मुकदमे के विरोध में बहिष्कार जारी

**तिलहर, अमृत विचार:** अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमे के विरोध में बार एसोसिएशन के नेतृत्व में वकीलों का कोर्ट बहिष्कार गुरुवार को भी जारी रहा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव और महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में अधिवक्ता एकत्र होकर सीओ ज्योति यादव से मिले और मुकदमा समाप्त करने की मांग की।

वार्ता के दौरान अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि एसडीएम की डीएसी गुम होने के मामले में उन्हें साक्षी बनाया गया है, जबकि उनकी वादी से कोई वार्ता नहीं हुई है। उन्होंने इसे गलत बताते हुए विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने इसे फर्जी मुकदमा बताते हुए निरस्त करने की मांग की। इस दौरान जय ओम गंगवार, इमरान अख्तर, कुलदीप गुप्ता, अक्षय यादव, अचित द्विवेदी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता को निकाली रैली



प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते विधायक अरविंद सिंह व ब्लॉक प्रमुख राजाराम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया**

**अमृत विचार :** विकास खंड भावलखेड़ा में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं स्कूल चलो अभियान रैली ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों की सहभागिता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजाराम ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवोदय विद्यालय सहित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक एवं संकुल शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया।

प्राथमिक विद्यालय सूरतपुर की कक्षा 1 की नन्ही छात्रा आइला ने ग्राम पंचायत से लेकर विश्व स्तर तक की जानकारी मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा रहे, जबकि संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सहायक विकास अधिकारी, समस्त प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक उपस्थित रहे।

# रेल पटरियों के किनारे बनेगी रेलवे की दीवार

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

● **मानव हादसे रोकने को रेलवे प्रशासन करवाएगा निर्माण**

● **इंजन से पशुओं के टकराने से हादसा होने का रहता है भय**

**अमृत विचार:** रेल प्रशासन हादसे को रोकने के लिए कटरा से रोजा तक रेल पटरियों के किनारे दीवार बनाएगा। कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिए गए है।

रेल प्रशासन आए दिन दुर्घटनाओं में पशु से मानव तक अपनी जान गवां रहे है। इंजन से पशुओं के टकराने से बड़ा हादसा होने का भय बना रहता है। रेल प्रशासन पहले चरण में गाजियाबाद से रोजा तक रेल लाइन के किनारे बाउंड्री वाल कराएगा। हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, रोजा समेत कई स्टेशनों के आस-पास दीवार बनाई जाएगी। रेलवे ने उन स्थानों को चिन्हित कर लिया है, जहां घनी आबादी वाली बस्तियां रेलवे लाइनों के किनारे बसी है। रेलवे का मकसद बाउंड्री वॉल बनाकर न सिर्फ हादसे रोकना है, बल्कि भविष्य में सेमी हाईस्पीड ट्रेनों के लिए रेलवे ट्रैक को सुरक्षित करना भी है। बाउंड्री वाल फांदकर या तोड़कर कोई पटरियों के साथ छेड़छाड़ न कर सके, इसके लिए स्थानीय लोगों की भी मदद ली जाएगी। जीआरपी ओर आरपीएफ पुलिस गश्त करेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अभी मुख्य लाइनों को चिन्हित किया गया है। इसमें शाहजहांपुर और रोजा भी शामिल है।

## मोबाइल सिम और रिचार्ज के दामों में वृद्धि पर चिंता जताई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर के समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता ने दूरसंचार मंत्री को पत्र भेजकर मोबाइल सिम और रिचार्ज के दामों में वृद्धि पर चिंता जताते हुए दामों में कमी करने की मांग की है।

दूरसंचार मंत्री को भेजे पत्र में कहा गया कि मोबाइल के सिम और रिचार्ज के दामों में की गई वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। गरीबों को मोबाइल रखने और रिचार्ज कराने में समस्या आ रही है। पत्र में मोबाइल सिम और रिचार्ज के मूल्यों को एक माह में कम करने की मांग कर हड़ताल की चेतावनी दी गई है। पत्र भेजने वालों में डॉ रमेश चंद्र वर्मा, शोभित पटेल, आशू अंसारी, विजय कुमार, दीन दयाल वर्मा, विकास गुप्ता, राधा गुप्ता, कार्तिकेय गंगवार, डा संदीप सिन्हा आदि हैं।

## स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, मदनापुर

● **नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत एवं परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण**

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय आमखेड़ा प्रथम विकास क्षेत्र मदनापुर में गुरुवार को संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मदनापुर नीरज कुमार शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिकंदरपुर कलां सीता देवी ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत एवं परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश दुबे, सहायक अध्यापक राजीव वर्मा तथा शिक्षामित्र ब्रह्म बहादुर सक्सेना एवं विद्यालय का रसोइया स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

## तेंदुआ दिखने की खबर से दहशत, वन विभाग ने बताया अफवाह

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** कहेलिया से कस्बे के संपर्क मार्ग पर तेंदुआ दिखने की सूचना से दहशत है। करीब डेढ़ माह पहले कस्बा निवासी आनन्द प्रकाश सिंह उर्फ मटोल सिंह के गन्ने के खेत में ट्रांसफार्मर के नीचे करंट लगने से एक तेंदुआ मृत मिला था, जिसके कूल्हे पर गहरा घाव था। पोस्टमार्टम में करंट से मौत की पुष्टि हुई थी। इसके बाद तेंदुओं के होने की चर्चा लगातार होती रही। एक पखवाड़ा पूर्व कहेलिया रेलवे स्टेशन के पास किसानों ने एक तेंदुआ और उसके दो शावकों को देखा था। रेलवे लाइन के किनारे गेट नंबर 309 और 311 के बीच झाड़ियों में तेंदुओं के छिपने की संभावना भी जताई जा रही थी। गुरुवार को फिर से तेंदुआ दिखने की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जांच के बाद बताया कि यह केवल अफवाह है।

# राजेश सिंह निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित

संवाददाता, पुवायां

● **बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन में उत्साह में दिखे वकील**

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन पुवायां के वार्षिक चुनाव सत्र 2026-27 के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। चुनाव प्रक्रिया को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

अध्यक्ष पद के लिए इंद्रजीत वर्मा, अजय पांडे, विजय त्रिवेदी और सुनील कुमार पाठक ने नामांकन पत्र दाखिल किए। महामंत्री पद हेतु अनिल कुमार सिंह, आशीष दीक्षित, कुमार गौरव शुक्ला, राम प्रताप वर्मा एवं रणवीर सिंह मैदान में हैं। उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक) के दो पदों के लिए अभिनव सिंह, अनूप कुमार सिंह और अवनीश गुप्ता ने नामांकन किया। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष (एक पद) के लिए आकाश शुक्ला और धीरज कुमार वर्मा ने पर्चा दाखिल किया। संयुक्त मंत्री के तीन पदों के लिए विनय बाजपेई, ऋचिक वैश्य, रामगोपाल पांडे और सुरेश चौधरी ने नामांकन कराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए सतीश कनौजिया और नवीन कुमार मिश्रा के बीच मुकाबला होगा। सहायक चुनाव अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। गवर्निंग बॉडी (15 वर्ष से अधिक) में अंकुश मिश्रा, अनूप वर्मा, गोपाल अग्निहोत्री, हरिओम शुक्ला और ज्ञानेंद्र सक्सेना निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं गवर्निंग बॉडी (15 वर्ष से कम) में अर्पित बाजपेई, छविनाथ, पंकज कुमार, अमरनाथ शुक्ला, पवन कुमार पटेल और हरमीत सिंह निर्वाचित हुए।

**बैठक** | **उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, उद्यमियों की समस्याओं पर सख्त डीएम**

# उद्यमियों को ब्लैकमेल करने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्यमियों ने बताया कि कुछ लोग औद्योगिक इकाइयों पर जाकर ब्लैकमेल करने और पैसे मांगने की कोशिश करते हैं। इस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और जेल भेजा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों से वसूली और गुंडई करने वालों को तत्काल चिन्हित किया जाए और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

● **उद्यमियों से वसूली और गुंडई करने वालों को चिन्हित करने के आदेश**

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र रोजा में जल निकासी की समस्या उठी, जिस पर डीएम ने बताया कि नाला निर्माण का कार्य स्वीकृत हो चुका है और नगर निगम को नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ददरौल के ग्राम जमौर गोटिया में टूटी सड़क के निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने और सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण के लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए गए।

### बिजली बिल ठीक करने के दिए निर्देश

डीएम ने विद्युत विभाग को उद्यमियों की इकाइयों के गलत बिजली बिलों को ठीक करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में उठाई गई सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

## बिना किसान पहचान पत्र नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिले के किसानों के लिए किसान पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। 6 से 15 अप्रैल 2026 तक जिले में कैंप लगाकर फार्मर आईडी बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। भविष्य में किसान सम्मान निधि की किस्तें उन्हीं किसानों को मिलेंगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा। राज्य सरकार की योजनाएं भी इसी आधार पर लागू की जाएंगी।

कृषि विभाग की ओर से उर्वरक, बीज, कीटनाशी और अन्य कृषि इनपुट के वितरण तथा लाभार्थियों के चयन में इसे आधार बनाया जाएगा। मई 2026 से सभी वितरण इसी के आधार पर होंगे। इसके अलावा गेहूं, धान, दालें और सरसों जैसी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में भी पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा।

# शरीर के साथ महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालती है घरेलू हिंसा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत घरेलू हिंसा और महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गुरुवार को कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने कहा कि घरेलू हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालती है। घरेलू हिंसा से बचने और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि समाज में जागरूकता पैदा की जाए और पीड़िताओं को सहायता प्रदान की जाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन ज़ेहरा ज़ैदी ने स्वयंसेवियों को घरेलू हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रज़ा रसूल ने महिला सुरक्षा एवं सरकार द्वारा उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी।




कार्यशाला में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक। ● अमृत विचार

● **जीएफ़ कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित**

कार्यक्रम अधिकारी डॉ निज़ामउद्दीन ख़ान ने आत्मनिर्भरता एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी ताबिंदा अंसारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरी, दानिया, नैंसी, अमृत भारती, हरनाम, पारस आदि स्वयंसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

न्यूज ब्रीफ

### आवास दिलाने का दिया झांसा, सफाईकर्मी पर ठगी करने का आरोप

**जैतीपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के बझेड़ा भगवानपुर गांव निवासी सुनील कुमार ने गांव में तैनात एक सफाईकर्मी पर आवास दिलाने के नाम पर 18 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सुनील कुमार के अनुसार आलमपुर का एक सफाईकर्मी उनके गांव में तैनात है, जिसने करीब एक वर्ष पहले ब्लॉक में पहचान होने का दावा कर उनसे पैसे लिए थे, लेकिन आवास सूची में नाम नहीं आया और निर्माण भी नहीं हुआ। पैसे मांगने पर आरोपी बहाने बनाने लगा और देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि रुपये मांगने पर गाली-गलौज और धमकी दी गई। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### खेत की रखवाली कर रहे वृद्ध को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर कलुआपुर निवासी अमर सिंह यादव (80) ने बताया कि बुधवार रात वह खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल वृद्ध के अनुसार मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे एक नाली में लघुशंका करने को लेकर आरोपी उनसे रंजिश मानने लगे थे और उसी के चलते हमला किया गया। पुलिस ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है और जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं ला रहे किसानों को पीटा एफआईआर दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** बदायूं जिले के थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम सिकंदराबाद निवासी किसान गौरव यादव और ओमेंद्र यादव बृहस्पतिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं बेचने कलान थाना क्षेत्र के गांव बाराकला आ रहे थे। आरोप है कि बाराकला में प्रवेश करते ही गांव के कुछ लोग और छेदानगला के दबंग लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए और दोनों पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे भी आरोपियों का दिल नहीं भरा तो जान से मारने की धमकी दे डाली। घायल अवस्था में दोनों थाने पहुंचे, जहां से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गई है और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में जीजा की मौत, साला घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रावतपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गयी और साला घायल हो गया। दोनों शादी के कार्ड बांटकर कलान से तिलहर लौट रहे थे। चालक वाहन लेकर भाग गया।



मृतक बनवारी।



पोस्टमार्टम हाउस मेंजानकारी देते परिजन। ● अमृत विचार

तिलहर क्षेत्र के गांव सहबेगपुर निवासी बनवारी (35) की साली की शादी 27 अप्रैल को होनी थी। वह साले रमेश कुमार निवासी गुलाम खेड़ा थाना तिलहर के साथ कार्ड बांटने कलान थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में गया था। बुधवार की रात आठ बजे दोनों बाइक से कलान से तिलहर लौट रहे थे। कांट क्षेत्र में स्टेट हाइवे पर रावतपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बनवारी और मेश कुमार घायल हो गए। कांट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मेडिकल कॉलेज भेज

- साली की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा था बनवारी, अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर

दिया। जहां डॉक्टर ने बनवारी को मृत घोषित कर दिया और घायल साले का उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए। बनवारी की पत्नी आरती और दो बच्चे रो रोकर बेहाल हैं। परिवार में रोना पीटना मच गया। शादियां की खुशियां मातम में बदल गई। कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पिकअप ने टैंपो को मारी टक्कर, बच्चे की मौत

**शाहजहांपुर/कांट, अमृत विचार :** कांट-जलालाबाद रोड पर पिकअप ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे मां की गोद में 4 साल का बच्चा सड़क पर गिरने से घायल हो गया। घायल को सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषत कर दिया। कांट थाना क्षेत्र के गांव सिमरा खेड़ा निवासी रिंकू बिहार राज्य में काम करता था। वह परिवार के साथ बिहार से जलालाबाद किसी बस से आया था। गुरुवार की सुबह वह परिवार समेत जलालाबाद से कांट के लिए टैंपो से आ रहा था। रास्ते में आक्सफोर्ड स्कूल के सामने पिकअप ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे मां की गोद में बैठा पवन (4) सड़क पर गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य लोगों के मामूली चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल युवक की दो माह बाद अस्पताल में मौत

**जैतीपुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर कंकलिया निवासी देशराज (27) दोस्त आयुष के साथ 04 फरवरी को परौर थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के घर गया था। दोनों बाइक से लौट रहे थे। परौर क्षेत्र के मरुआ झाला के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे देशराज गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज बरेली के एक अस्पताल में कई दिनों तक चला। भाई की 20 फरवरी को शादी के चलते परिजन उसे घर ले आए थे। 7 अप्रैल को घायल देशराज की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### घायल ने दम तोड़ा

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भेदपुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम पिता तुलाराम बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के पास सामने से आ रही बाइक के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए थे। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था, जहां गुरुवार दोपहर उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, पुत्र घायल:** तिलहर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव पिपरोली निवासी छिंदर सिंह (70) पुत्र गज्जन सिंह के साथ बुधवार रात बाजार से लौट रहे थे। वरुण अर्जुन अस्पताल के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें गज्जन सिंह मामूली जबकि छिंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सराफा व्यापारी अपने ही कैमरे में हार चुराते हुआ कैद, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सराफा व्यापारी ने ग्राहक से सोने का हार लेकर छिपा दिया। पीड़ित ने रामचंद्र मिशन थाने पर शिकायत की। पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो व्यापारी हार ग्राहक से लेकर छिपाते हुए कैमरे में दिख गया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

रामचंद्र मिशन थाना गांव गुवारी निवासी वीरपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 2 अप्रैल की दोपहर चचेरे भाई आदित्य के साथ पत्नी के सोने के हार में धागा डलवाने रौसर कोठी स्थित जय दुर्गे ज्वैलर्स के पास गया था। उन्होंने बैग से हार निकालकर काउंटर पर रखा तभी व्यापारी विनीत कुमार ने हार में धागा डालने के लिए धागे के पैकेट काउंटर पर रखे। आरोप है कि व्यापारी ने इसी बीच हार गायब कर दिया। आरोपी ने धागा डालने के हार मांगा तो वीरपाल ने कहा कि पहले ही दे चुका हूं। आरोपी ने अपने पास होने से मना कर दिया था। इस बात को लेकर कहासुनी हो गई। वीरपाल थाने पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस



पुलिस हिरासत में सराफा व्यापारी।

- ग्राहक को करता रहा गुमराह हार बरामद होने पर रिपोर्ट दर्ज

ने मुकदमा दर्ज किया था। जांच शुरु की और दुकान में सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो आरोपी विनीत कुमार हार लेकर छिपाते हुए दिख गया। पूछताछ के दौरान आरोपी विनीत ने बताया कि सोने का हार देखकर लालच आ गया था और ग्राहक की नजर बचाकर छिपा दिया था। आरोपी ने कहा कि वह इस बात को भूल गया था कि उसकी दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी दुकानदार पहले गुमराह करता रहा और कैमरे में पकड़ गया। चोरी की घटना को स्वीकार किया है।

# मुठभेड़ में बदमाश को गोली से घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ककराकला रोड पर कोतवाली पुलिस की शातिर बदमाश से मुठभेड़ हुई। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दरोगा बाल-बाल बच गए। एक बदमाश मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस, नगदी और बाइक बरामद की है।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह टीम के साथ बुधवार की रात दो बजे ककरा कला रोड पर चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि बदमाश साथी के साथ बाइक से आ रहा है और किसी घटना को अंजाम देने वाला है। टीम ने ककरा रोड पर बाइक पर आते दोनों बदमाशों को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर दोनों भागने के प्रयास में बाइक से गिर गए तो टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किए। इस दौरान पुलिस टीम ने आत्मरक्षा की दृष्टि से बदमाशों पर फायर किए। एक बदमाश के पैर में गोली लगने पर घायल हो गया और दूसरा मौका पाकर भाग गया।



घटनास्थल पर पहुंचे एएसपी सिटी। ● अमृत विचार

- बाल-बाल बचे दरोगा, साथी फरार, तस्कर पर दर्ज हैं गोकशी समेत 11 मुकदमे

### 9 साल पहले दरोगा को मारी थी गोली

मुठभेड़ में घायल बदमाश भूरे उर्फ भूरिया वर्ष 2017 में लखीमपुर जिले के मैगलगंज थाना क्षेत्र के एक दरोगा को गोली मारकर घायल कर दिया था। बदमाश पर गौकशी, चोरी, हत्या के प्रयास आदि की धारा के 11 मुकदमे दर्ज है। पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश में लगी थी और पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था।

बदमाशों की फायरिंग से दरोगा रणजीत सिंह के दहिने भुजा की तरफ से गोली निकल गई। मुठभेड़

> पुलिस मुठभेड़ में बदमाश भूरा उर्फ भूरिया घायल हुआ है। उसका एक साथी भाग गया। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया था। एक दरोगा बाल-बाल बच गया है।
>
> **- देवेंद्र कुमार** एएसपी सिटी

में घायल बदमाश भूरे उर्फ भूरिया निवासी ककरा थाना निगोही को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस, 900 रुपये, बाइक बरामद की है। पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न धाराओं में 11 मुकदमें शाहजहांपुर और खीरी जिले के विभिन्न थानों दर्ज है। घटना की सूचना पर एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सिटी पंकज पंत मौके पर पहुंच गए थे।

### पत्नी के ससुराल न आने पर पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**खुटार, अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी सरवन कुमार की शादी खुटार के एक मोहल्ले में 2020 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी में किसी बात को लेकर अनबन हो गई। कुछ दिन पूर्व दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। जिस पर सरवन कुमार गुरुवार को पत्नी को विदा कराने खुटार आया था लेकिन पत्नी ने ससुराल जाने से मना कर दिया और कहा कि जब तक तुम्हारे पिता या चाचा विदा कराने के लिए तुम्हारे साथ नहीं आएंगे तब तक मैं तुम्हारे साथ ससुराल नहीं जाऊंगी।

जिस पर सरवन ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया और खुटार बायपास रोड गोशाला के पास अचेत अवस्था में लेट गया। ससुरालियों को सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# होटल ब्रदर इन कांड में साढ़े तीन महीने से फरार आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** होटल ब्रदर इन के मालिक भाजपा नेता पर जानलेवा हमला और होटल में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने साढ़े तीन महीने से फरार चल रहे आरोपी को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

20 दिसंबर 2025 की रात ग्राम बंथरा निवासी दिवाकर सिंह के हाइवे पर नगरिया मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में संचालित होटल ब्रदर इन पर कुछ लोगों ने धावा बोलकर तोड़फोड़ की थी और दिवाकर सिंह उर्फ पंकज पर जानलेवा हमला किया था। मामले में होटल स्वामी के छोटे भाई इंद्रजीत सिंह उर्फ नीरज सिंह ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस पहले ही योगेश कदम और आयुष मराठा को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि 25 हजार के इनामी आरोपी अक्षय कदम को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया



कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी।

- तोड़फोड़ और जानलेवा हमले में एक आरोपी अब भी फरार

था। इसी क्रम में फरार चल रहे आरोपी शिवांश मिश्रा पुत्र सर्वेश हाल निवासी फेस 1 मकान नंबर 37 सी सिटी पार्क कॉलोनी थाना रोजा जिला शाहजहांपुर को मुखबिर की सूचना और सर्विलांस की मदद से आठ अप्रैल की शाम मध्यप्रदेश के उज्जैन रेलवे स्टेशन के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस आरोपी को तिलहर कोतवाली लाकर नौ अप्रैल को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले का पांचवां आरोपी ऋषभ तिवारी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### ट्रेन में डंडा मारकर मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आईटीआई कालोनी निवासी अजय प्रताप सिंह ने जीआरपी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को दोपहर जननायक एक्सप्रेस से शाहजहोपुर से गाजियाबाद के लिए लिए जा रहा था। वह ट्रेन के गेट पर खड़ा होकर मोबाइल से बात कर रहा था। ट्रेन के कुछ दूरी चलने के बाद एक व्यक्ति ने उसके हाथ पर डंडा मारा जिससे मोबाइल नीचे गिर गया। अज्ञात व्यक्ति मोबाइल उठाकर भाग गया। वह वापस लौटकर आए तो मोबाइल नहीं मिला। कुछ दूरी पर आरोपी मिल गया तो वह उसे पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। पकड़ा गया अभियुक्त सलमान निवासी सुभाषनगर थाना सदर बाजार है।

# तमंचे के साथ वीडियो वायरल, युवक पकड़ा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना मिर्जापुर पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

टीम क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अवैध तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाली है और उसके पास हथियार मौजूद है। टीम ने कलान-मिर्जापुर रोड स्थित नर्सरी के पास दबिश दी और अर्पित सिंह उर्फ नज्जू निवासी जरियनपुर को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने एक दोस्त के तिलक समारोह में अवैध तमंचा लेकर दिखावा करते



मिर्जापुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

हुए वीडियो बनाई थी। वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करने के बाद चर्चा में आ गया। पकड़े जाने के डर से उसने तमंचा और कारतूस को एक बंद मकान में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छिपाए गए स्थान से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया। बरामदगी के आधार पर आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थाना मिर्जापुर में धारा 3/25

### अभियुक्त गिरफ्तार तमंचा बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि शोएब निवासी कटिया टोला नाले वाली थाना सदर बाजार को शहबाजनगर रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से कई मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक मो. फरमान, मुख्य आरक्षी रणवीर सिंह व आरक्षी गोपाल शामिल रहे।

### टीन शेड से गिरकर इलेक्ट्रिशियन की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के भावल खेड़ा निवासी अखिलेश कुमार (32) जमुका दोराहे के निकट एक राइस मिल में इलेक्ट्रीशियन पद पर एक साल से काम करता था। मंगलवार शाम वह ड्यूटी के दौरान मिल में करीब 20 फीट ऊंचाई पर बिजली का काम कर रहा था। इसी बीच आंधी-बारिश आ गयी। वह टीन शेड से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कर्मचारियों ने परिवार वालों को सूचना देकर घायल अखिलेश को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। परिजन भी वहीं पहुंच गए। उसने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। भाई अरविंद का आरोप है कि वह मिल कर्मचारी उसे छोड़कर चले गए थे। मिल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर परिवार को मुआवजा दिया जाए।

# श्मशान घाट से नकदी और स्मार्टफोन लेकर चोर फरार

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** थाना कटरा क्षेत्र के आमझोर श्मशान घाट पर बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। मोहल्ला कोहरियान निवासी बाबा सोनपाल दास श्मशान घाट पर रहते हैं। बुधवार देर रात करीब एक बजे के आसपास चेले मुनेंद्र बाहर तख्त पर सो रहे थे, जबकि बाबा अंदर कमरे में थे। इसी दौरान तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाश वहां पहुंच गए।

नकाबपोश बदमाशों ने अंदर सो रहे बाबा से दरवाजे की कुंडी खुलवाई और घुसते ही उन्हें काबू में कर लिया। कमरे में रखे बक्से के ताले तोड़ दिए और उसमें रखे कपड़े बाहर फेंक दिए। बक्से में रखी नकदी और एक स्मार्टफोन लेकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद बाबा और उनके



घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- नकाबपोश बदमाशों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम
- सीओ तिलहर ने मौके पर पहुंचकर की जांच-पड़ताल

चेले के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लोगों से पूछताछ कर छानबीन की, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका।

थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र आया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, तिलहर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और घटना को प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह, बाबा बाबू राम, रामू बाबा, सिद्ध बाबा, राजकुमार बाबा एवं विनोद नाथ कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव खिरिया रसूलपुर निवासी गुड्डू कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 03 अप्रैल को सिंधौली बाजार में सब्जी लेने के लिए गया था। उन्होंने एक स्थान पर बाइक खड़ी कर दी। वह लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। वह बाइक को तलाशते रहे और नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करके बाइक की तलाश कर रही है।

# आत्महत्या की कोशिश में पिता-बेटे पर एफआईआर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मगटोरा गांव में चकरोड पर राजस्व विभाग की टीम को धमकी और आत्महत्या करने की धमकी के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जलालाबाद के गांव मगटोरा में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ चक रोड पर बने मकान को हटाने पहुंची थी। टीम के साथ जेसीबी भी थी। मकान मालिक धनपाल और उसके परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राजस्व टीम पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि गांव में चक रोड पर कई मकान बने हुए है। उनके मकान को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इस दौरान उनकी राजस्व विभाग से नोकझोंक हुई। धनपाल और बेटे दुर्वेश ने पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने का प्रयास किया। पुलिस कर्मचारियों ने डन्हें नीचे उतारा। टीम लौट आई और अधिकारियों को जानकारी दी। इधर तहसील जलालाबाद के लेखपाल ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि एसडीएम के निर्देश पर मगटोरा गांव में चकरोड पर कब्जा हटाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अवैध कब्जेदार धनपाल, सर्वेश, तेजवीर, कृष्णपाल, दुर्वेश, राकेश ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने आत्महत्या की धमकी देने आत्महत्या करने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है।

### लापता ग्रामीण का शव तालाब में मिला

**तिलहर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव खानपुर की कोलापट्टी निवासी सोमेंद्र सिंह ने बताया कि उनके ताऊ महेश सिंह, जिनकी पत्नी उर्मिला की कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है और कोई संतान नहीं है। उनके साथ रहते थे और मानसिक मंदित थे। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह सो गए, लेकिन गुरुवार सुबह घर में नहीं मिले।

परिजनों और ग्रामीणों ने तलाश की तो उनका शव घर के पास तालाब में पड़ा मिला। सूचना पर नगरिया मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई होगी।

# हमले के आरोपी गिरफ्तार नहीं, एसपी से मिला परिवार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मदनापुर क्षेत्र में एक घायल एक बुजुर्ग व्यक्ति पिछले एक माह से कोमा में है। उसके बेटे ने घर पर ही आईसीयू कमरा बना इलाज चल रहा है। उसका आरोप है कि पुलिस शेष चार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। गुरुवार को पीड़ित परिवार एसपी से मिला ।

मदनापुर के गांव नारायणपुर उर्फ नयागांव निवासी विमल सिंह ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 4 अप्रैल को होली के दिन वह पिता चंद्रपाल के साथ आखत डालने होली पर गया था। इसी दौरान गांव के उपेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, रामसरन सिंह, अंकित सिंह समेत आठ लोगों ने उसके पिता पर जानलेवा हमला किया

- एक माह से घायल कोमा में, घर में हो रहा उपचार

था। आरोपी उसके पिता को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग गए थे। उसके पिता तब से कोमा में है। उसके पिता का इलाज लखनऊ में अपोलो में हुआ, लेकिन पैसे की कमी के कारण डिस्चार्ज कर दिया था। उसने घर पर ही कुछ मशीनें खरीदी और कुछ किराए पर ली, साथ ही नर्सिंग स्टाफ रखकर पिता का इलाज करा रहा है। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उसका आरोप है कि चार आरोपी खुलेआम घूम रहे है। उसने मांग की है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि शेष की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# ज्वैलर्स-मिल्क सेंटर पर चोरी का प्रयास

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव रामपुर कलां में सर्राफा और मिल्क सेंटर की दुकान में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि अंजाम देने में असफल रहने पर लौट गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोरों की फुटेज कैद हुई है। दुकान स्वामियों ने बेंच दूर पड़ी देखने पर शक हुआ और सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमें दो चोर चोरी करने का प्रयास कर रहे है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी सभासद विनय गुप्ता ने बताया कि रामपुर कलां में उनकी सराफा की दुकान है। बुधवार रात दुकान बंद कर घर चले आए थे। रात करीब बारह बजे दो चोर दुकान के पास पहुंचे। बल्ब को निकाल



सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध।

कर अंधेरा करने की कोशिश की। बाद में एक बेंच को दुकान से उठाकर कुछ दूर रख दिया। एक चोर दूसरे साथी को गोद में लेकर चोरी करने का तरीका खोज रहा था। दोनों दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास करते रहे लेकिन नाकाम रहे। गुरुवार सुबह विनय गुप्ता दुकान पहुंचे। तो सामान बिखरा देखा। आशंका में सीसीटीवी चेक किया।

> जानकारी हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी। तहरीर अभी नहीं मिली है। तहरीर मिलती है। तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **- श्यामवीर सिंह,** थानाध्यक्ष खुटार

- दुकान से दूर बेंच देख गहराया शक, सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर हुई जानकारी

जिसमें दोनों की फुटेज मिली।

वहीं पड़ोस में गांव मलिका निवासी प्रभुकार सिंह की मां लक्ष्मी डेयरी मिल्क सेंटर की दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया। सूचना पर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की फोटो की पहचान कराई जा रही है। पुलिस दोनों दुकान स्वामियों से पूछताछ करने के बाद वापस लौट गई। पीड़ितों ने कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन आज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा द्वारा मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में आज अपराह्न 12 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्रित होकर असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी ने दी है।

### फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र की चल रही जांच

शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने और 30 लाख के घोटाले में सीओ सिटी ओर चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जांच कर रहे हैं। सीओ सिटी और प्रभारी निरीक्षक ने सीएमओ कार्यालय का मौका मुआयनाकर डाटा मांगा है। मिर्जापुर के गांव मजरा बड़ऊ निवासी संतराम कश्यप ने दिसंबर माह में डीएम से शिकायत की थी कि गांव के कई लोगों के फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए थे, जो सरकारी लाभ ले रहे है। सीडीओ की अध्यक्षता में जांच की गई है। जांच में अपात्र प्रमाणपत्र बनने की पुष्टि हुई थी।

# सामुदायिक भवन, विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास

## संवरता महानगर, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने की 111.88 लाख व 9.90 करोड़ योजनाओं की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पांच स्थानों पर सामुदायिक भवन निर्माण, लोगों को मिलेगी सुविधा
- नए उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति सुधरेगी, उद्योगों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ विकासखंड ददरौल के ग्राम शाहबाजनगर में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 111.88 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि शाहबाजनगर, सुभाष नगर अजीजगंज, सामदगंज गोटिया और भावल खेड़ा समेत कुल पांच स्थानों पर सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में सामुदायिक भवन की मांग थी, जिससे अब छोटे-मोटे उत्सव और कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे।इसी क्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की ओर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनेस प्लान के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बंतारा का भी शिलान्यास किया गया। इस उपकेंद्र की क्षमता 5 एमवीए होगी और इससे जुड़ी 33 केवी व 11 केवी लाइनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। योजना की कुल लागत 9.90 करोड़ रुपये है।

इस मौके पर सांसद अरुण कुमार सागर, विधायक ददरौल अरविंद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अटसलिया विद्युत उपकेंद्र की स्थापित क्षमता 10 और 5 एमवीए है, जिस पर अधिकतम भार 970 एम्पियर तक पहुंच चुका है, जिससे उपकेंद्र अधिभारित हो गया है। इस समस्या को दूर करने के लिए बंतारा में नया उपकेंद्र प्रस्तावित किया गया है।



शाहजहांपुर में पूजन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

### लोड संतुलित होगा और आपूर्ति में आएगा सुधार

योजना के तहत अटसलिया से करीब 350 एम्पियर भार बंतारा उपकेंद्र पर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे लोड संतुलित होगा और आपूर्ति में सुधार आएगा। अटसलिया से निकलने वाला 11 केवी इंडस्ट्रियल फीडर करीब 45 किलोमीटर लंबा है और इस पर लगभग 350 एम्पियर भार आता है, जिससे बार-बार ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या बनी रहती है। बंतारा उपकेंद्र बनने के बाद दो नए इंडस्ट्रियल फीडर शुरू किए जाएंगे, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ेगी और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# मेधा गौरव दिवस के रूप में मनाया गया वार्षिकोत्सव, छात्र सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीएम श्री संविलियन विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण

**अमृत विचार:** पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मेधा गौरव दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक हरि प्रकाश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी जलालाबाद प्रभात राय ने मां सरस्वती का पूजन कर किया।

इसके बाद बच्चों की ओर से सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मोहम्मद जुबेर खान, प्रतिभा मिश्रा, गुलाम ख्वाजा और असमाबी की ओर से अतिथियों का बैज लगाकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कुल 166 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि की ओर से बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया तथा विद्यालय में नव स्थापित झूलों का लोकार्पण किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को साइकिल तथा सर्वोदय विद्यालय हरदोई में सफल छात्र को बैग वितरित किए गए।

जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अभिनय मिश्रा, नीरज यादव, अर्चना राठौर, नरेंद्र, अरविंद, गुलाम ख्वाजा, असमाबी, सोनी, विकास, विनीता, प्रतिभा मिश्रा, ओंकार, अंबिका समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। संचालन माधव शुक्ल ने किया और धन्यवाद ज्ञापित मोहम्मद जुबेर खान ने किया।

# कविता, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी सम्मानित



कार्यक्रम में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्र व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कम्पोजिट विद्यालय सुजातपुर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र भावल खेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय सुजातपुर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्र, एसएमसी अध्यक्ष मुबारक अली एवं प्रधान पति राम मोहन शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ शिक्षा के मूल्यों पर आधारित लघु नाटिका, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर प्रस्तुति, कविता पाठ, भाषण, पोस्टर, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि ने सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले, परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं सक्रिय सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका अवस्थी ने किया। अंत में प्रधानाध्यापक दिनेश गंगवार ने आभार व्यक्त किया।

### धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव समारोह मेधावियों को मिला सम्मान

परौर, अमृत विचार : सीपीएस अस्तोली में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह गुरुवार को उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की शानदार झलक देखने को मिली छात्रा अवि यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने पर साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल दिया गया। कक्षा 7 के छात्र आयुष कुशवाहा और राज प्रताप सिंह ने मंच संचालन किया प्रधानाचार्य रिचा शुक्ला ने अपने संबोधन में बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीपीएस अस्तोली ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा देकर नई पहचान बना रहा है। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### नेपाल में बर्ड फ्लू पीटीआर में अलर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार : पड़ोसी देश नेपाल में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी अलर्ट जारी किया गया है। सीमावर्ती रेंज समेत स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की कड़ी निगरानी शुरू की गई है। इस बाबत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने सभी रेंजों के क्षेत्रीय वनाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीते माह भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि हुई थी। नेपाल का यह इलाका देश के सीमावर्ती जनपद महाराजगंज के समीप पड़ता है। जनपद में भी बर्ड फ्लू संक्रमण का खतरा अधिक बना हुआ है। शासन के निर्देश पर जिले में भी अलर्ट किया गया है। बर्ड फ्लू की निगरानी को लेकर16 रैपिड रिस्पांस टीमें (आरआरटी) गठित की गई है।

सभी टीमें संबंधित क्षेत्रों में पोल्ट्री फार्मों समेत पोल्ट्री उत्पाद के आवक आदि पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

# शिक्षा चौपाल में मेधावी-शिक्षक सम्मानित

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन के तहत न्याय पंचायत ढका घनश्याम के प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की।

ब्लॉक प्रमुख व बीईओ ने स्कूल चलो अभियान पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे 6 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी स्कूल में अवश्य कराएं और उन्हें नियमित विद्यालय भेजें। शिक्षक संकुल गुरमेल सिंह ने विभाग के एजेंडे और निपुण लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी साझा की।

सम्मान समारोह में न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से एक उत्कृष्ट छात्र को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उनके योगदान को याद किया गया। नोडल संकुल प्रभारी कुलदीप शुक्ला के निर्देशन व प्रधानाध्यापक आशीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सुनील कुमार, संजीव कुमार, वीरपाल, स्नेहलता गौतम सहित भारी संख्या में ग्रामीण व एसएमसी अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रघुनाथ, रोहित गंगवार, पंकज कुमार और आदित्य चौहान सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।



ढका घनश्याम में आयोजित शिक्षा चौपाल में मौजूद अतिथि, शिक्षक व छात्र।

- निपुण भारत मिशन के तहत कार्यक्रम, अभिभावकों से नामांकन बढ़ाने की अपील

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए सफाई कर्मी और सफाई निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महापौर ने किया वार्ड संख्या 44 में स्वच्छता अभियान का आरंभ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा के नेतृत्व में वार्ड संख्या 44 में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान के अंतर्गत महापौर ने घर-घर जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया एवं उनके अनुभवों और सुझावों को सुना। उन्होंने नागरिकों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सतत प्रयास है। जनसहभागिता से ही स्वच्छ और विकसित शहर का निर्माण संभव है।

महापौर ने वार्ड के सफाई कर्मियों एवं सफाई निरीक्षक को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया और कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सत्यं शर्मा, वैभव खन्ना, वेद प्रकाश मौर्य, दिवाकर मिश्रा, अनुज वर्मा, अनूप मौर्य एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करतीं महापौर अर्चना वर्मा।

### होटल में गैस कंपनी के इंजीनियर की मौत

पीलीभीत, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में इंजीनियर की मौत हो गई। वह तीन दिन से सुनगढ़ी के एक होटल में ठहरे थे। खुदकुशी की आशंका जताई जा रही है। प्रेम प्रसंग को वजह माना जा रहा है।

बरेली के हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम योसलपुर निवासी दीपांशु दिल्ली में एक गैस कंपनी में इंजीनियर थे। तीन दिन से वह थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के छतरी चौराहा स्थित कुमार होटल में रुके हुए थे। बुधवार रात दीपांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। बताते हैं कि होटल के कमरे में उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद शहर के बल्लभनगर कॉलोनी निवासी अपने एक परिचित को कॉल करके इसकी जानकारी भी दी थी। इसके बाद परिचित होटल पहुंचा और होटल कर्मचारियों को जानकारी दी। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां रात 11 बजे उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग में खुदकुशी का मामला लग रहा है।

# शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली कलश यात्रा



अकबरपुर में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार:** अकबरपुर गांव में नवनिर्मित मंदिर में गुरुवार को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर परिसर से भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

आचार्य सत्य प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि कलश स्थापना के बाद श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि दोपहर बाद 3 से 6 बजे और रात 8 से 11 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर निकाली गई कलश यात्रा की व्यवस्था में आनंद प्रकाश मिश्रा, वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा, रवि पाण्डेय, शिव प्रकाश, ऋषिकांत मिश्रा, छोटे लाल मास्टर आदि का विशेष योगदान रहा।

# नकदी, मोबाइल लूटने वाले दो युवक पहुंचे खुटार, पकड़कर ले गई पीलीभीत एसओजी

संवाददाता, खुटार

- दौड़ते हुए गांव के सरकारी स्कूल में घुस गए थे आरोपी

**अमृत विचार:** गुरुवार शाम सात बजे के करीब खुटार के गांव रजमना में रहने वाले लोग कामकाज में व्यस्त थे। तभी दो युवक खुटार की ओर से दौड़ते हुए गांव में स्थित सरकारी स्कूल में आकर घुस गए। दोनों के पीछे चार-पांच लग्जरी गाड़ियां भी फर्राटे भरती हुई पहुंच गई।

गांव के लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही गाड़ियों से उतरे असलाहधारी लोगों ने स्कूल को चारों ओर से घेर लिया और उसमें घुसे दोनों युवकों को पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया। इसी बीच गांव के तमाम लोग भी मौके पर एकत्र हो गए और जानकारी की। तो पता चला कि गाड़ियों से आए असलाहधारी पीलीभीत की एसओजी टीम के सदस्य हैं और पकड़े गए दोनों युवक लुटेरे हैं। जिन्होंने हाल ही में पीलीभीत में नकदी और मोबाइल फोन लूटने की घटना को अंजाम दिया है।

इसके बाद टीम पकड़े गए दोनों युवकों को गाड़ी में बिठाकर ले गई है। पकड़े गए दोनों युवक कौन है और कहां के रहने वाले थे। इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। उधर, इस संबंध में खुटार थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह से बात की गई। तो उन्होंने इसकी जानकारी होने से इनकार किया है।

### युवती का आपत्तिजनक फोटो वायरल, रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सिंधौली क्षेत्र की एक युवती ने आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने और ब्लैकमेल कर ठगी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लखीमपुर खीरी के अमन बेग ने उसके साथ धोखाधड़ी और मानसिक उत्पीड़न किया। आरोपी ने उसकी बिना सहमति और जानकारी के निजी पलों की गुप्त रूप से रिकॉर्डिंग कर कुछ अश्लील फोटो बना लिए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। तीन माह पूर्व डरा धमकाकर 60 हजार रुपये वसूल लिए थे। आरोपी एक लाख रुपये की मांग करने लगा। पैसे देने से मना किया तो उसके भाई की फेसबुक आईडी हैक कर उस पर अश्लील फोटो वायरल कर दिए। पीड़िता ने कहा कि वह आत्महत्या को मजबूर है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# साहित्य को समर्पित रहा सांकृत्यायन का जीवन



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में गोष्ठी आयोजित, छात्रों को पुस्तक वितरण

**अमृत विचार:** सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में प्रसिद्ध लेखक, इतिहासकार और पद्म भूषण से सम्मानित महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 133वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने राहुल सांकृत्यायन के जीवन और उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी पुस्तक वोल्गा से गंगा सभी को पढ़नी चाहिए और ज्ञान की खोज में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

विद्यालय के प्रबंधक और भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक राजीव खन्ना ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन का जीवन पूरी तरह साहित्य को समर्पित रहा। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने उनके स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विचारों पर प्रकाश डाला। संचालन इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और प्रबंधक राजीव खन्ना की ओर से छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। गोष्ठी में बुधपाल सिंह, अनिल कुमार, सुशील कुमार, विशाल चंद्र, आशीष वर्मा, सुनील वर्मा, अवधेश शुक्ला, संजीव अग्निहोत्री, विनोद कुमार, राजेश सक्सेना और अक्षय सक्सेना मौजूद रहे।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता।

**बिसौली, अमृत विचार :** गुरुवार को तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक हुई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने एसडीएम राशि कृष्णा को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था निजी स्कूलों के द्वारा अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। उनके द्वारा महंगी और निर्धारित दुकानों से किताबों की खरीद कराई जा रही है। सहकारी समितियों पर किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। आवारा पशु उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। इसके साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण को लेकर किसानों ने एसडीएम से मांग की। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष रामलखन यादव व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल में परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**नूरपुर पिंनौनी, अमृत विचार :** गांव स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर में गुरुवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में मेधावी रहे बच्चों को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। परीक्षा में कक्षा एनसी के छात्र समक्ष ने स्कूल टॉप किया। अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय निरीक्षक सुबोध कुमार और स्कूल प्रधानाचार्य सौरभ गुप्ता ने सम्मानित किया।

### राम जन्म की कथा सुन प्रफुल्लित हुए श्रोता

**उझानी , अमृत विचार :** गांव रिसौली में चल रही रामकथा के चौथे दिन कथा वाचक रवि समदर्शी महाराज ने श्री राम जन्म कथा का वर्णन किया जिसे सुन ग्रामीण प्रफुल्लित हो गए। इस मौके पर यजमान राधेश्याम पाली, पंडित सोनू शर्मा, विपिन कुमार सिंह, आकाश दीप, सतीश कश्यप, भानू चौहान, अवधेश माहेश्वरी सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिजिटल लाइब्रेरी का जिम्मा संभालेगी मैनेजमेंट कमेटी

## जिले की 127 ग्राम पंचायतों में बन रही है डिजिटल लाइब्रेरी, पाठ्य पुस्तकें भेजी गईं

- कमेटी के गठन को लेकर पंचायतीराज विभाग ने तेज की कवायद
- गांवों के बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देने की तैयारी, कमेटियां करेंगी लाइब्रेरी का संचालन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** जिले की 127 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं। इनके संचालन को लेकर फर्नीचर और पाठ्य पुस्तकें पहुंच चुकी हैं।

डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन और क्रियान्वयन मैनेजमेंट कमेटी के जरिये किया जाएगा। कमेटियों के गठन को लेकर पंचायती राज विभाग ने कवायद तेज कर दी है। इन कमेटियों के द्वारा ही इनका संचालन कराया जाएगा।

गांव के बच्चों को रोजगारपरक परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले की 127 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। इन लाइब्रेरी को व्यवस्थित करने के लिए फर्नीचर, किताबें और अन्य सुविधाएं व्यवस्थित की जा रही हैं। डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन और क्रियान्वयन के लिए कमेटियों का गठन किया जाएगा।

डीपीआरओ ने बताया कि गांव में स्थापित की जाने वाली लाइब्रेरी के संचालन, रखरखाव और उपयोग को बढ़ाने तक की पूरी जिम्मेदारी मैनेजमेंट कमेटी के जरिये निभाई जाएगी। मैनेजमेंट कमेटी के गठन को लेकर कवायद शुरू हो गई है। डीपीआरओ ने सभी ग्राम पंचायतों को एक सप्ताह के भीतर कमेटी गठन कर इसकी सूचना जनपद स्तर पर संचालित व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करने के निर्देश दिए हैं।

### कमेटी में ग्राम प्रधान होंगे अध्यक्ष

डीपीआरओ ने बताया कि मैनेजमेंट कमेटी के गठन में ग्राम प्रधान को अध्यक्ष और सचिव को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। पंचायत सहायक सदस्य सचिव की भूमिका में रहेगे। इसके अलावा ग्राम सभा के प्रतिष्ठित पुरुष व महिला सदस्य, शिक्षित एवं अनुभवी व्यक्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं और स्नातक/परास्नातक युवा सदस्य के रूप में शामिल किए जाएंगे। गठित होने वाली कमेटी में युवाओं और पढ़े-लिखे लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लाइब्रेरी का बेहतर संचालन हो सके।

### दीवार पर अंकित होंगे मोबाइल नंबर

डिजिटल लाइब्रेरी के क्रियान्वयन और संचालन के लिए गठित कमेटी के पदाधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर पंचायत भवन की दीवार पर वाल पेंटिंग के जरिए अंकित किए जाएंगे। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी। साथ ही, ग्रामीणों को भी इसकी संपूर्ण जानकारी हो सकेगी।

> जिले की 127 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इन्हें व्यवस्थित कराया जा रहा है। इनका संचालन एक कमेटी के द्वारा किया जाएगा। कमेटियों का गठन कराया जा रहा है। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।
>
> **यावर अब्बास**, जिला पंचायती राज अधिकारी

### अगले माह शुरू होगी जनगणना तैयारियां जोरों पर

**बिसौली, अमृत विचार :** तहसील बिसौली में जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनगणना कार्यक्रम दो चरणों में संपादित किया जाएगा। नगर पालिका और तहसील प्रशासन पर कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेदारी है।

तहसीलदार बिसौली विजय शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण अगले माह मई में शुरू होगा जिसमें पहले मकानों की गणना होगी, इसको लेकर जिले से 166 सुपरवाइज़र और 1099 प्रगणकों की सूची प्राप्त हो गई है। 18 अप्रैल से 5 मई तक इनका प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा जिसमें बिसौली के चारों ब्लॉक क्षेत्रों के 304 राजस्व गांव के मकान और दूसरे चरण में व्यक्ति गिने जाएंगे। दूसरा चरण 2027 में होना है। नगर पालिका को इस कार्यक्रम के लिए जिले से 12 सुपरवाइज़र और 68 प्रगणकों की सूची प्राप्त हो चुकी है।



तहसीलदार बिसौली

# डीएम ने गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण



क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार

- गेहूं खरीद में तेजी लाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को जनपद में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने विकासखंड जगत के ग्राम पंचायत रहमा व मलगांव स्थित क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने अधिकारियों को खरीद में तेजी लाने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इन केंद्रों पर अब तक मात्र तीस क्विंटल की गेहूं की खरीद की गई है। डीएम ने केंद्रों पर गेहूं खरीद की प्रक्रिया, किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था, बोरे की उपलब्धता व भुगतान की स्थिति को गहनता से देखा। साथ ही, वहां पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनकी समस्याओं के निस्तारण को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर तौल मशीन सही ढंग से कार्य करें। किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। समय पर भुगतान किया जाय। साफ-सफाई, पेयजल व छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी व कृषक आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

- आयुष्मान और आवास से मिला सुरक्षा और सम्मान का जीवन : राजीव कुमार गुप्ता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ग्राम व बस्ती चलो अभियान के तहत ब्लॉक समरेर के गांव कमां में संवाद कार्यक्रम हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। गांव के नागरिकों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए आश्वस्त किया। कार्यकर्ताओं के साथ घरों पर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं बताकर लाभार्थियों से संपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं ने आमजन के जीवन में ठोस और व्यापक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत करोड़ों गरीब परिवारों की महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए जिससे उन्हें पारंपरिक ईंधन के धुएं से राहत मिली और उनके स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार हुआ। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिली। गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी सहायता प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बना है। जनधन योजना ने गरीबों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास कार्यों को निरंतर गति मिली है। जिससे प्रदेश की छवि में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, चंद्र प्रकाश, अवनीश सोलंकी, बालवीर सिंह, अंकित भदौरिया, गजेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह, मोहन राजपूत, अमित कुमार सिंह, सोनू सिंह, दिनेश कुमार सिंह, लालाराम कश्यप, चिम्मन राठौर, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।



योजनाओं की जानकारी देते जिलाध्यक्ष

# छुट्टा गोवंशों के खिलाफ ग्रामीण हुए लामबंद



सड़कों पर घूमता छुट्टा गोवंश का झुंड। ● अमृत विचार

- गौशाला की जगह सड़कों और गलियों में दौड़ रहे गोवंश
- बसंत नगर और कुरऊ के ग्रामीणों ने डीएम को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश ग्रामीणों के लिये परेशानी का कारण बन चुके हैं। खेत-खलिहान से लेकर गांवों की गलियों में भी छुट्टा गोवंश का आतंक है। इस समस्या को लेकर आज ग्रामीणों ने डीएम से गुहार करते हुए मांग की कि गौशालाओं में गोवंश को रखा जाय जिससे ग्रामीणों की फसल सुरक्षित रह सकें।

जिले भर में छुट्टा गोवंश को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। गांव कस्बों और शहरों तक में छुट्टा गोवंश खतरा बने हुए हैं। सड़कों पर गोवंश हिंसक सांड लोगों पर हमले कर रहे हैं। रात को सड़कों पर हादसे हो रहे हैं। बीच सड़क पर गौवंश झुंड बनाकर घूमते हैं जिससे हर कोई परेशान हैं। गुरुवार को ग्राम कुरऊ और बसंत नगर के लोग डीएम से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांवों में रात दिन छुट्टा गोवंश गलियों में दौड़ते हैं। पालतू पशुओं पर हमले करते हैं बचाव करने पर हिंसक हो जाते हैं। गांव में बच्चों और महिलाओं का बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। कुरऊ निवासी प्रेमवीर ने बताया कि उनके गांव में रात को झुंड आता है जिससे पालतू पशुओं को घरों के अंदर बांधना पड़ता है। खेतों में खड़ी फसलों को नष्ट करते हैं। रात भर रखवाली करनी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई सालों से ग्रामीण परेशान हैं। पशुपालन विभाग से मांग की गई थी कि गौवंश को गोशालाओं में संरक्षित कराया जाय लेकिन कोई बात नहीं सुनी गई। बसंत नगर निवासी हरपाल ने बताया कि क्षेत्र में गौशालाएं हैं, उनमें पांच गोवंश ही हैं जबकि गांवों में दर्जनों गोवंश घूमते रहते हैं। उनको भी गौशाला में रखा जाए जिससे समस्या से निजात मिल सके।

### भाकियू संगठन भी कर चुके हैं प्रदर्शन

छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कई संगठन धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। सलारपुर क्षेत्र में छुट्टा गोवंशों से किसानों की फसलें नष्ट होती रहती हैं इसलिए यूनियन के साथ मिलकर ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन भी दिए थे। उघैती और इस्लामनगर क्षेत्र में ब्लॉक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किए गए थे। तहसील बिल्सी मुख्यालय पर भाकियू ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया था। फिर भी छुट्टा गौवंश की समस्या से किसानों को निजात नहीं मिल रही है। डीएम से लेकर तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं फिर भी इस पर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। भाकियू असली अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष केपी सिंह राठौर ने एसडीएम सदर को ज्ञापन देकर छुट्टा गोवंश को गौशाला में संरक्षित करने की मांग की थी।

# बिल्डिंग का मलबा न हटाने पर लगाई फटकार



रेलवे स्टेशन से मलबा उठाती जेसीबी। ● अमृत विचार

- रेलवे स्टेशन पर बंद था प्लेटफार्म तक जाने की रास्ता
- दंडित किए जाने पर जेसीबी से हटाया गया मलबा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर निष्प्रयोज्य बिल्डिंग का मलबा नहीं हटाने से प्लेटफार्म को जाने वाली रास्ता बंद हो गया। इस पर रेलवे प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही, दूसरा काम न देने का दंड भी दिया। इसके बाद आनन-फानन में जेसीबी लगाकर मलबा हटा दिया गया।

रेलवे स्टेशन पर निष्प्रयोज्य एक बिल्डिंग को एक सप्ताह पूर्व ध्वस्त कर दिया गया। इस बिल्डिंग का मलबा प्लेटफार्म को जाने वाले रास्ते पर कई दिनो तक पड़ा रहा जिससे रेलवे यात्रियों व रेलवे प्रशासन को दिक्कत होने लगी थी। रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को मलवा नहीं हटाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, इस ठेकेदार को दिया गया दूसरा काम भी वापस ले लिया गया। इसके बाद आनन-फानन में ठेकेदार ने रेलवे स्टेशन से बिल्डिंग का मलबा जेसीबी से हटाना शुरू कर दिया। जेसीबी ने मलवा ट्रालियों में भरना शुरू किया तो भारी धूल उड़ने लगी। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने एक साथ कई ट्रालियों से मलबा हटवाया। करीब तीन घंटे तक रेलवे स्टेशन पर धूल का गुबार बना रहा जिससे रेलवे कर्मचारियों रेल यात्रियों को असुविधा हुई। बाद में कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई। स्टेशन मास्टर अफसर हुसैन ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को इस समय मुख्य द्वार बंद है। मुख्य गेट का निर्माण कराया जा रहा है जिससे दूसरे रास्तों से यात्री रेलवे प्लेटफार्म तक पहुंच रहे हैं। पिछले दिनों एक बिल्डिंग तोड़ी गई थी। मलबा दो दिन में हटाने का निर्देश दिया गया था।

### दो साल से चल रहा है निर्माण कार्य

इन दिनो रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले दो सालों से बहुत से नए कार्य कराए गए हैं। करीब आधा दर्जन बिल्डिंग तोड़ कर नया निर्माण कराया गया है। शौचालय और स्नानघर का निर्माण कराया गया है। प्लेटफार्म एक पर नया टीनशेड और नई बेंच लगाई गई है। रेलवे अधिकारियों के कार्यालयों को भव्य रूप से तैयार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के निकट अंडरपास का निर्माण जारी है। रेलवे कर्मचारियों को नए आवास तैयार कराए जा रहे हैं। प्लेटफार्म एक को और चौड़ा किया गया है। करीब पचास मीटर में नया टीनशेड डाला गया है जिससे यात्रियों को बैठने को जगह भी पर्याप्त हो गई है।

### 72 घंटे में फसल नुकसान की सूचना दें किसान

**बदायूं, अमृत विचारः** जनपद में विगत दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण रबी की विभिन्न फसलों में हानि होने की संभावना है। जिन किसानों द्वारा वर्ष 2025-26 में रबी की फसलों का बीमा कराया गया है वह किसान अपनी फसल में हुए नुकसान की सूचना लिखित रूप से बीमा कम्पनी इफ्को टोक्यो के प्रतिनिधि या कृषि विभाग के विकास खण्ड व तहसील व जिला स्तरीय किसी भी कार्यालय में तत्काल 72 घंटे के भीतर उपलब्ध करा सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान अपनी शिकायत बीमा कम्पनी के टोल फ्री नंबर-14447 पर दर्ज करा सकते हैं। सूचना देने के पश्चात फसल बीमा कंपनी द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर वास्तविक नुकसान क्षति का आकलन कराते हुए संबंधित किसान को क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

# फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए गांव-गांव चलेगा अभियान, लगेंगे कैंप

- अभियान के लिए कृषि और राजस्व विभाग की गठित हुई टीमें
- फार्मर रजिस्ट्री कराने में रुचि नहीं दिखा रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** किसान फार्मर रजिस्ट्री कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब तक 70 प्रतिशत किसानों ने ही फार्मर रजिस्ट्री कराई है। ऐसी स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग ने अभियान शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

अभियान के दौरान कैंप लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जाएगी। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग की टीमें गठित की गई हैं। किसानों को सरकारी योजनाओं का सही से लाभ दिलाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री के बाद किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि सब्सिडी और किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही, उन्हें अपनी उपज बेचने में भी आसानी होगी। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया पिछले दो साल से चल रही है। जिले में 4.85 लाख किसान हैं। इनमें से अब तक 70 प्रतिशत किसानों के द्वारा ही फार्मर रजिस्ट्री कराई गई है। ऐसी स्थिति होने पर डीएम अवनीश कुमार राय के निर्देश पर कृषि विभाग की ओर से अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसके लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग के कर्मचारियों की टीमें गठित कर दी गई है। अभियान के दौरान लेखपाल और कृषि विभाग के कर्मचारी ब्लॉक, न्याय पंचायत और गांवों में जाकर कैंप लगाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जाएगी। इस संबंध में उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए अभियान की शुरुआत हो चुकी है। राजस्व विभाग और कृषि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री कराई जा रही है।

# ज्योतिषी बनकर महिला से की ठगी

- पीड़िता ने कहा, पुलिस बोली सीसीटीवी की फुटेज न कराएं चेक, आरोपियों को पकड़ लेगी पुलिस टीम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो शातिर ठगों ने खुद को हरिद्वार का ज्योतिषाचार्य बताकर महिला को नशा सुंघाया और महिला के कुंडल ठग कर फरार हो गए। शिकायत करने पर पुलिस ने महिला से टालमटोल की।

उझानी कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी निवासी लता रानी सक्सेना पत्नी सुभाष सक्सेना नगर के घंटाघर स्थित बैंक से दो हजार रुपये निकालकर अपनी बेटी के घर मोहल्ला श्रीनारायणगंज जा रही थीं। बैंक से कुछ ही दूर पहुंचने पर उन्हें दो लोग मिले जिन्होंने महिला को खुद को हरिद्वार का ज्योतिषाचार्य बताया और महिला का भविष्य बताने को कहा। लता रानी ने भविष्य की जानकारी कराने से मना कर दिया तो वह दोनों बोले कि कुछ तो परेशान हो भले ही बताना न चाह रही हो। इसी दौरान उन्होंने महिला को कुछ सुंघा दिया। जिससे महिला बेसुध हो गई। दोनों ने लोगों ने महिला का थैला छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्होंने महिला के कानों से सोने के कुंडल उतार लिए और भाग गए। कुछ समय के बाद महिला पूरी तरह से होश में आई तो वह दोनों शातिर वहां नहीं थे। महिला ने तहरीर दी। महिला का आरोप है कि पुलिस ने कहा कि वह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक न कराएं। पुलिस आरोपियों के पकड़ लेगी।

### साधु के भेष में ठगों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पिटाई

**उसावां, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने साधु के भेष में आए ठगी करने आए लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी पिटाई लगाकर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला थाना उसावां क्षेत्र के गांव मूजखेड़ा का है। साधु का भेष धरे तीन लोग बाइक से गांव पहुंचे और भिक्षा मांगने लगे। वह तीनों को गांव निवासी पिंकी पत्नी पप्पू के घर पहुंचे और महिला से कहा कि उनके घर पर कोई संकट मंडरा रहा है। परिवार के सदस्य के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। महिला ने उनसे इसका बचाव पूछा तो उन्होंने सोने के जेवर आटे पर रखकर उनके पास लाने को बोला। महिला ने अपनी नाक से लौंग उतारी और दे दी। उन लोगों ने और भी जेवर लाने को कहा तो महिला ने मंगलसूत्र भी उतारकर दे दिया, जिसके बाद उन लोगों ने पूरब दिशा की मुंह करके खड़ी होकर भगवान को याद करने को कहा। इसी बीच उन्होंने जेवर एक पोटली में छिपा लिए। आटा की पोटली बांधकर महिला कोई थमाई और तीन दिन के बाद खोलने को कहा। महिला ने कमरे में जाकर चेक किया तो जेवर नहीं थे। महिला ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने ठगों को पकड़कर पिटाई लगाई। पुलिस बुलाकर ठगों को उनके हवाले कर दिया।

लापरवाही

उपभोक्ताओं को डिलीवरी प्वाइंट पर जाकर लेना पड़ रहा है सिलेंडर, उपभोक्ता हो रहे परेशान

# ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी घर नहीं पहुंचाया जा रहा सिलेंडर



गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगाये लगे उपभोक्ता। ● अमृत विचार

- गैस सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसी और डिलीवरी प्वाइंट पर लग रही उपभोक्ताओं की लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** रसोई गैस की किल्लत से लोगों को छुटकारा नहीं मिल रहा है। उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होम डिलीवरी शुरू होने के बाद भी सिलेंडर घर नहीं पहुंच रहा है। लोग सिलेंडर को बुक कराने के बाद ऑनलाइन भुगतान भी कर रहे हैं। फिर भी सिलेंडर घर नहीं आ रहा है। इसके चलते उपभोक्ताओं को एजेंसी प्वाइंट पर जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। पूर्ति विभाग के अधिकारी बुकिंग के आठ से दस दिन के अंदर सिलेंडर पहुंचने का दावा कर रहे हैं। पोल एजेंसियों और डिलीवरी प्वाइंट पर लगने वाली लाइन से इन दावों की पोल खुल रही है।

जिले में 53 विभिन्न कंपनियों की एजेंसियां हैं। इन कर 14 लाख से अधिक उपभोक्ता पंजीकृत हैं। पहले एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं को केवाईसी न होने की वजह से सिलेंडर की आपूर्ति नहीं कर रहे थे। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं ने तेजी के साथ ई-केवाईसी करानी शुरू कर दी। करीब 80 प्रतिशत उपभोक्ता ई-केवाईसी करा चुके हैं। वहीं एजेंसी संचालकों ने होम डिलीवरी भी शुरू कर दी है। लेकिन अब भी उपभोक्ताओं की परेशानियां समाप्त नहीं हो रही हैं। अब ऐसे केस सामने आ रहे हैं जिन्होंने ऑनलाइन गैस सिलेंडर बुक कराने के बाद उसका भुगतान भी ऑनलाइन कर दिया है। फिर भी उपभोक्ता के घर सिलेंडर नहीं पहुंच रहा है। सिलेंडर बुक कराने के बाद ऑनलाइन भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या एक हजार के आस-पास हैं। इन उपभोक्ता के द्वारा ऑनलाइन गैस सिलेंडर बुक कराया, उसका ऑनलाइन कंपनी के खाते में भुगतान भी कर दिया लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। गैस बुक कराए करीब 10 से 12 दिन बीत चुके। ऐसे कई उपभोक्ता जवाहरपुरी, आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइन एरिया और आदर्श नगर के निवासी हैं। आवास विकास कॉलोनी निवासी शैलेंद्र कुमार, विपिन रावत, जवाहरपुरी निवासी आनन्द जौहरी, ओमप्रकाश शर्मा ने ऑनलाइन सिलेंडर बुक कराया था। इसका ऑनलाइन कंपनी को भुगतान भी कर दिया लेकिन उनकी होम डिलीवरी नहीं हुई। ऐसी स्थिति में इन लोगों ने एजेंसी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस पर एजेंसी संचालकों के द्वारा डिलीवरी प्वाइंट से सिलेंडर लाने के लिए कहा गया। विवश होकर ऐसे लोग सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी कार्यालय के साथ डिलीवरी प्वाइंट पर लाइन में लगकर सिलेंडर ला रहे हैं।

> गैस सिलेंडर के लिए होम डिलीवरी शुरू करा दी गई है। बुकिंग कराने के 8 से 10 दिन के बाद सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर सिलेंडर पहुंच रहा है। अगर किसी उपभोक्ता को परेशानी हो रही है तो वह अपनी शिकायत कार्यालय आकर दर्ज करा सकता है। इसके बाद संबंधित एजेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सतीश चंद्र मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

न्यूज ब्रीफ

### बगरैन में विजिलेंस टीम की छापेमारी पकड़े गए बिजली चोर

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा बगरैन में गुरुवार तड़के बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने छापा मारकर कई बिजली चोर पकड़े। इससे गांव में खलबली मच गई। गुरुवार सुबह छह बजे बगरैन में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने छापामार कार्रवाई की। विजिलेंस टीम और पुलिस बल ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में दस्तक दी। टीम की गाड़ियां रुकते ही कस्बे में हड़कंप मच गया। लोग घरों से निकलकर देखने लगे। आनन-फानन में कटिया हटाने की कोशिश शुरू कर दी गई। लेकिन टीम की मुस्तैदी के आगे उनकी न चली। छापेमारी के दौरान कई घरों में मीटर तो लगे मिले, लेकिन केबल में कट लगाकर सीधे बिजली जलाई जा रही थी। कुछ घरों में तो मीटर ही नहीं मिला, वहां अवैध रूप से डाली गई केबल के जरिए उपकरण चलते पाए गए। कुछ लोग रसीद या अन्य दस्तावेज भी नहीं दिखा सके। विजिलेंस टीम इस बार पूरी तैयारी के साथ पहुंची थी। जिन घरों में अवैध रूप से बिजली जलती पाई गई, वहां टीम ने वीडियोग्राफी की। छापामार कार्रवाई के दौरान गांव में हड़कंप मचा रहा। बिजली चोरी में पकड़े गए ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### बैठक में नामांकन पर दिया जोर

**बिल्सी, अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान को गति देने के उद्देश्य से विकासखंड अम्बियापुर में प्रधानाध्यापकों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रकाश ने शिक्षकों को अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करने का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कोई भी छात्र शिक्षा की मुख्यधारा से बाहर न रहे, इसके लिए समन्वित प्रयास आवश्यक जरूरी है। प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कक्षा 5 पास छात्रों की सूची उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उपलब्ध कराने व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को कक्षा 8 के छात्रों की सूची निकटतम इंटर कॉलेजों को सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 और 9 में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

# नजदीकी इंटर कॉलेज में दाखिला दिलाएंगे शिक्षक

## प्रवेश दिलाने के लिए शिक्षकों को बनाया नोडल अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **माध्यमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर शुरू हुई है कवायद**

> सभी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन शुरू हो गया है। बच्चों के नामांकन में उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। इससे अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में हो सके।
> **लालजी यादव**, डीआईओएस

**अमृत विचार:** माध्यमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने की जिम्मेदारी परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को दी गई है। इसके लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक और वरिष्ठ शिक्षक को नोडल बनाया गया है। इनके द्वारा पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने भी इस अभियान को गति देने का काम शुरू कर दिया है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा आठवीं पास विद्यार्थियों को राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में वरिष्ठतम प्रधानाचार्य को प्रभारी व नोडल अधिकारी बनाया गया है। माध्यमिक के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे स्कूल में कक्षा नौ व 11वीं में प्रवेश कराने के लिए पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले उच्च प्राथमिक स्कूलों से संपर्क करें। वहीं उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने यहां पर एक रजिस्टर तैयार करेंगे, जिसमें कक्षा आठ के छात्रों का पूरा ब्यौरा किया जाएगा। साथ ही, कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाले बच्चों का नाम और उस स्कूल का नाम अंकित करेंगे। नोडल बनाए गए शिक्षकों को अधिक से अधिक बच्चों का कक्षा नौ में प्रवेश दिलाने के आदेश डीआईओएस की ओर से दिए गए हैं। वहीं बीएसए ने उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को कक्षा आठ पास कर चुके बच्चों का प्रवेश नजदीक के स्कूल में कराने को आदेशित किया है।

### किसान यूनियन हलधर ने जोड़े नए सदस्य

**बिल्सी, अमृत विचार:** भारतीय हलधर किसान यूनियन ने क्षेत्र में संगठन विस्तार के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाया जिसमें नए सदस्य जोड़े गए। अभियान के तहत यूनियन की टीम ने गुधनी, बमेढ़ और बांस बरोलिया गांवों में पहुंचकर सैकड़ों किसानों से संपर्क किया और करीब 55 किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी ने बताया कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए यह सदस्यता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है, जो आगामी 25 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 7 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक भव्य रोड शो आयोजित किया जाएगा, जो क्षेत्र से होते हुए जिला मुख्यालय तक पहुंचेगा। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव विजनेश सोलंकी, मंडल अध्यक्ष मृगांक जैन उर्फ टीटू आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक उसावां में 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन

- **स्मार्ट फोन से विभाग के कार्यों को मिलेगी गति**

संवाददाता, उसावां



आंगनबाड़ी कार्यकत्री को मोबाइल फोन देते दिनेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उसावां विकास खंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को क्षेत्र की 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति दिनेश कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी उसावां मनीष सिंह वर्मा व बाल विकास परियोजना अधिकारी हरेंद्र सिंह ने फोन वितरित किए।

मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत को देखते हुए जल्द ही मानदेय बढ़ाने का ऐलान कर चुके हैं। प्रदेश की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन दिए जा रहे हैं। अन्य कई उपकरण भेजे जाएंगे। बीडीओ मनीष सिंह वर्मा ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को इस मोबाइल से केवल सरकारी कार्य करना है। स्मार्ट फोन से विभाग के कार्यों में गति मिलेगी।

सीडीपीओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन से विभागीय कार्य, गणना और सर्वे जैसे कामों में तेजी आएगी। इससे कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सकेगा। शेष आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन सीडीपीओ कार्यालय से दिए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी व वरिष्ठ अध्यापक ग्याराम भारती ने किया। कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि मोबाइल फोन न होने के कारण समस्या आ रही थी, अब वे काम तेजी से किए जा सकेंगे। मोबाइल फोन पाकर कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे।

# बीच-बचाव कराने में महिला को धक्का, मौत

संवाददाता, बिसौली

- **कुत्ते को भगाने के लिए महिला के बेटे ने फेंका था डंडा**
- **राह से गुजर रहे युवक की नाक पर लगा डंडा, हुई मारपीट**



मृतक धनवती

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव नागपुर में कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। बीच-बचाव के दौरान 75 साल की महिला की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

गांव निवासी भागीरथी की बुजुर्ग मां धनवती पत्नी बाबूराम बुधवार रात लगभग आठ बजे घर पर खाना खा रही थीं। इसी दौरान एक छुट्टा कुत्ता उनकी पालतू बिल्ली पर झपटा। पास में ही बैठे भागीरथ ने अपनी मां की छड़ी उठाकर कुत्ते को मारने के लिए फेंकी। छड़ी कुत्ते को लगने की बजाय घर के सामने से गुजरने वाले नन्हें पुत्र जालिम की नाक पर लगी। उनकी नाक से खून बहने लगा। भागीरथी उनके पास दौड़कर पहुंचे और चोट के बारे में जानना चाहा। आरोप है कि नन्हें और उनकी पत्नी, नन्हू पुत्र हरिराम ने मारपीट शुरू कर दी। धनवती बीच-बचाव करने के लिए पहुंचीं। इसी दौरान धनवती को धक्का लग गया। वह जमीन पर गिरीं। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भगीरथी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीओ बिसौली मामले की जांच करेंगे।

### इलाज की खातिर पैसे लेने एम्बुलेंस से बैंक पहुंचा मरीज



एंबुलेंस में लेटा मरीज भूप सिंह।

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला भूप सिंह पिछले कई दिनों से कस्बे के निजी अस्पताल में बीमारी का इलाज करा रहा था , यहां के डॉक्टर ने जब हाथ खड़े किए तो परिजन इसको एम्बुलेंस में ऑक्सीजन लगाकर जिला अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन पैसै न होने से परिजन वहीं रुक गए। इसके बाद परिजन एम्बुलेंस में मरीज को लेकर बैंक पहुंचे। भाई ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में नमक मिर्च बेचकर गुजारा करने वाले भूप सिंह के पास ई-श्रम कार्ड तो है लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं है, वह पांचों भाई मेहनत मजदूरी करते हैं। भूप सिंह के लावा किसी अन्य परिजन के पास पैसा भी नहीं है, इस मजबूरी में उनके बैंक में अंगूठा लगाकर पैसे निकाला गया।

# पूजा ही नहीं, नदियों की सुरक्षा भी जरूरी : भैयाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कन्या पूजन करते आरएसएस के पूर्व सहकार्यवाह सुरेश भैया जी



कार्यक्रम को संबोधित करतीं वॉटर वूमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक

- **जनसंवाद और कार्यक्रमों से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी, डॉ. शैलेश पाठक का कद व प्रभाव भी बढ़ा**
- **निशुल्क अर्जिता ग्लोबल कंप्यूटर सेंटर का कन्या पूजन कर किया गया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह व वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भैयाजी जोशी के दातागंज प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र में सामाजिक, पर्यावरणीय और राजनीतिक माहौल को नई दिशा दी। उनके संदेशों और गतिविधियों ने न सिर्फ जनजागरण किया, बल्कि स्थानीय स्तर पर राजनीतिक चर्चाओं को भी तेज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि पूजा ही नहीं, नदियों की सुरक्षा भी जरूरी है।

गुरुवार सुबह आरएसएस की शाखा में सहभागिता करने के बाद भैयाजी जोशी काफिला के साथ सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने जलाभिषेक किया। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक, वॉटर वूमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक के साथ उनकी पंचतत्व पौधशाला पहुंचे। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। वॉटर वूमेन के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह भारतीय संस्कृति और पर्यावरण चेतना को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता के आवास पर जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने जल संकट को भविष्य की बड़ी वैश्विक चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ नदियों की पूजा करना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें स्वच्छ व सुरक्षित रखना भी सभी का दायित्व है। उन्होंने हर व्यक्ति से अपने जीवन में कम से कम तीन पौधे लगाने का आह्वान किया। जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। वॉटर वूमेन ने कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक एकता और मूल्यों के कारण हर चुनौती का मजबूती से सामना करने में सक्षम है। सभी से प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

इसके बाद भैया जी जोशी ने संतोष कुमारी पाठक स्मृति महाविद्यालय जाकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क अर्जिता ग्लोबल कंप्यूटर सेंटर का कन्या पूजन कर उद्घाटन किया। यहां उन्होंने कहा कि व्यक्ति का भविष्य उसकी संगति से तय होता है इसलिए हमेशा अच्छे लोगों के साथ रहना चाहिए। वॉटर वूमेन ने भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय में जल्द ही आधुनिक और नवीन पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। संस्थान के प्रबंधक अंकित पाठक इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्यक्रम से भाजपा के वरिष्ठ नेता का कद और भी ज्यादा बढ़ गया है। कार्यक्रम में प्रांत संघचालक शशांक भाटिया, सह प्रांत प्रचारक विनोद, विभाग प्रचारक सुधांशु, जिला संघचालक आसित गुप्ता, सह जिला कार्यवाह मनोज, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, ब्रज क्षेत्र के महामंत्री राकेश अनावा, प्रशांत, सतीश, आदर्श, राकेश वर्मा, दिनेश गुप्ता, विनोद अग्रवाल, सप्पू गुप्ता, मनोज सिंह सोलंकी, भावेश प्रताप सिंह, कालीचरण दिवाकर, अग्रवीर गुर्जर आदि उपस्थित रहे।




# दुर्गा कॉलोनी में आवारा सांड का आतंक, लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिल्सी



विरोध प्रदर्शन करते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर की दुर्गा कॉलोनी में आवारा सांड के हमले से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही तत्काल कार्रवाई की मांग की।

कॉलोनी निवासी जयप्रकाश ओझा ने बताया कि दोपहर के समय कॉलोनी निवासी महेशपुरी अपने घर लौट रहे थे, तभी एक आवारा सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि यह सांड पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में घूम रहा है और कई लोगों पर हमला कर चुका है। प्रदीप ने बताया कि सांड के कारण कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं, राधा देवी ने कहा कि डर के कारण लोग मंदिर तक जाने से कतरा रहे हैं। कांति देवी ने सांड के व्यवहार को असामान्य बताते हुए कहा कि वह बिना उकसावे के लोगों पर हमला कर रहा है। घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से सांड को पकड़वाने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जयप्रकाश ओझा, अनुराग सिंह तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं को लगाया एचपीवी का टीका

- **भूदेवी इंटर कॉलेज में लगाया गया स्वास्थ्य कैंप**

संवाददाता, बिल्सी



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज स्वास्थ्य कैंप लगाया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की स्कूल की छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया गया।

स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण और उससे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, यह भी बताया कि यह टीका भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। उन्होंने अन्य छात्राओं के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों का समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा.अनिल कुमार गुप्ता, डा.जयश्री शर्मा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### रामपुर से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव अशोकपुर निवासी गुलाब सिंह बेटे राहुल की शादी के लिए बैंडबाजा की बुकिंग करने के लिए रामपुर जा रहे थे। उनके पड़ोस में रहने वाले निहाल सिंह (45) पुत्र मनोहर लाल भी थे। दोनों बुधवार देर शाम रामपुर से वापस लौट रहे थे। फैजगंज बेहटा क्षेत्र में पुल वाले महाराज मेला के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दोनों को रेफर किया। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। घायलों को मुरादाबाद के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन निहाल सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया। गुलाब सिंह को भर्ती किया गया है।

उपलब्धि | गन्ना किसानों के लिए विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई नर्सरी व अन्य संबंधित सामग्री

# अब ऑनलाइन मिलेगी बीज उपलब्धता की जानकारी

- **विभाग ने पहली बार शुरू की किसानों के लिए नई व्यवस्था**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ट्राली में भरा हुआ गन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहली बार गन्ना किसानों को गन्ने के बीज की उपलब्धता की डिजिटल जानकारी की सुविधा शुरू की गई है। विभाग के अनुसार अब कोई भी किसान विभागीय वेबसाइट पर गन्ने के बीज टैब पर क्लिक कर गन्ना किसानी की कोई भी जानकारी हासिल कर सकता है। इस पर किसानों को गन्ना नर्सरी व अन्य जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी।

गन्ना किसानों को नई सुविधा के बारे में बताया गया है कि शासन स्तर से पहली बार गन्ना किसानों को गन्ना बीज की उपलब्धता की डिजिटल जानकारी ऑनलाइन एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। गन्ना विकास विभाग की सभी जानकारियां गन्ना किसान को विभाग की वेबसाइट पर मिलेगी।

गन्ना किसान अपने क्षेत्र के नजदीकी चीनी मिल या सरकारी गन्ना बीज नर्सरी में उपलब्ध बीज की सटीक जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। ऑनलाइन व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य किसान को नजदीक बीज उपलब्धता बताना, बीज वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा किसानों को बिचौलियों से बचाना है। पोर्टल पर उपलब्ध बीज गन्ना किसानों से ही संबंधित होने के कारण किसानों को धोखाधड़ी से बचाना है। गन्ना किसान अपने क्षेत्र के गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर पूरी जानकारी कर सकते हैं।

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फीलाल ने बताया कि गन्ना किसानों के हितों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। प्रदेश में घटते गन्ना खेती के रकबा को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। गन्ना बुवाई के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गन्ना किसानों को स्वस्थ व रोग रोधी उन्नति प्रजाति के प्रमाणित गन्ना बीज उपलब्ध कराना विभाग की पहली प्राथमिकता है। तत्काल गन्ना बीज उपलब्ध कराना चीनी मिलों को निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अपने नजदीकी गन्ना बीज धारक किसान, गन्ना किस्मों व मात्रा का विवरण और गन्ना की उपलब्धता से जुड़ी सभी जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। किसान घर बैठे कोई भी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने की कवायद

जनपद में चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को समय पर भुगतान न करने से गन्ना खेती का रकबा कम होता जा रहा है। इस पर शासन स्तर से चिंता व्यक्त की गई है। शासन के निर्देश हैं कि किसी भी कीमत पर गन्ने का रकबा बढ़ाया जाय। किसानों को हर संभव सुविधा और जानकारी मुहैया कराई जाय। ऑनलाइन व्यवस्था इसी कड़ी का हिस्सा है। इस नई व्यवस्था से किसानों को गन्ना खेती के प्रति फिर से प्रेरित किया जा सकता है। इसलिए कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव पर ऑनलाइन व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

## बंटवारे को लेकर मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनगढ़ में बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने बुधवार को तूल पकड़ लिया। कहासुनी के दौरान एक पक्ष ने सरिया और ईंट से हमला कर दिया। महिला समेत दो लोग घायल हो गए। तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी शिशुपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने भाई ऋषिपाल और कृष्ण पाल सिंह के साथ बंटवारे को लेकर बातचीत कर रहे थे। उनमें कहासुनी हो गई। आरोप है कि तभी ऋषिपाल के बेटे अमन और टिंकू मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में शिशुपाल का बेटा राहुल घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी वंदना को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा। अमन, टिकू और ऋषिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, एक घायल

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में गुरुवार शाम ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। गांव राजथल निवासी दिनेश (20) पुत्र किशनवीर गुरुवार शाम अपने ट्रैक्टर से बांझांगी रोड होते हुए खेत की जुताई करने जा रहे थे। रास्ते में अचानक सामने आए किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उसका ट्रैक्टर सड़क से नीचे उतर गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटते ही दिनेश उसके नीचे दब गए। ट्रैक्टर पर बैठा अन्य युवक घायल हो गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। दोनों युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल के लिए भेज दिया।

## मोबाइल पर खाईबाड़ी करते दो लोग गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो मोबाइल फोन और रुपये बरामद हुए। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर अवैध काम करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पुलिस ने बिसौली के बुद्ध बाजार निवासी अमन पुत्र अनिल कुमार और शिव कॉलोनी निवासी जतिन मिश्रा पुत्र रमाकांत मिश्रा को गिरफ्तार किया। वह दोनों बिसौली पेट्रोल पंप के पास मोबाइल से ऑनलाइन खाईबाड़ी कर रहे थे। दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

# एसएसपी की हुई सख्ती तो किया जाने लगा नियमों का पालन

### नए टीएसआई ने बनाई व्यवस्था, चौराहों पर जगह-जगह लिखकर दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एसएसपी अंकिता शर्मा की सख्ती से शहर के मुख्य मार्गों पर जल्द ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त नजर आएगी। सभी चौराहों पर ट्रैफिक लाइट खराब हैं लेकिन यातायात पुलिस ने नई व्यवस्था शुरू की है। चौराहों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को उनकी साइड से ही भेजने की तैयारी है। इसके अलावा चौराहों पर चेतावनी लिखी गई है कि वहां वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की जाएगी।



भामाशाह चौक से ओवरब्रिज जाने वाले मार्ग पर की गई बैरिकेडिंग।



पुलिस परेड ग्राउंड की दीवार पर लिखी गई चेतावनी।

शहर में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। लगभग सभी चौराहों पर रोज ही जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग अपनी साइड के बजाय दूसरी साइड से गुजरते हैं जिससे जाम लग जाता है। चौराहों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराते हैं लेकिन बेतरतीब तरीके से वाहन लेकर चलने वाले लोग बहस करते नजर आते हैं। इससे अपनी साइड में चलने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसएसपी ने यातायात सुगम बनाने को निर्देशित किया। दो दिन पहले एमएल राजपूत से हटाकर ललित कुमार को टीएसआई का चार्ज दिया गया था जिन्होंने यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने के इंतजाम शुरू किए हैं। भामाशाह चौक पर ओवरब्रिज की जाने वाले मार्ग पर बैरिकेटिंग की गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं जो वाहन चालकों को बायीं ओर चलने को जागरूक करने के अलावा चालान भी कर रहे हैं। इसके अलावा सड़क किनारे वाहन खड़ा करके सवारियां भरने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। यातायात पुलिस ने पुलिस परेड ग्राउंड की दीवार पर वैधानिक चेतावनी लिखी है जिसमें लिखा कि सड़क के किनारे पर कोई ई-रिक्शा, ऑटो, ईको, बस व अनय किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा मिला तो वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## भसराला में ग्राम चलो अभियान के तहत किया संवाद

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे ''ग्राम चलो अभियान'' के तहत जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद शीराज़ आलम ग्राम भसराला में बैठककर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क साधा।

जनसंपर्क के दौरान आलम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। शीराज़ आलम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर मंडल मंत्री कार्यक्रम संयोजक गजेंद्र राठौड़, आयोजक प्रधान मोहम्मद उवैस, शक्ति केंद्र संयोजक ओमेंद्र सिंह यादव, कप्तान सिंह यादव, पूर्व प्रधान बाबू भाई बीडीसी सदस्य पप्पू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हत्याकांड के मुख्य आरोपी का हुआ मेडिकल परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 12 मार्च को हत्याकांड को दिया था अंजाम, मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दोनों पैर में मारी थी गोली


**अमृत विचार :** पैर में संक्रमण फैलने की शिकायत पर एचपीसीएल के प्लांट पर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह का राजकीय मेडिकल कॉलेज में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे दोबारा जेल भेजा गया है। वहीं बुधवार को कोर्ट में सरेंडर करने वाले केशव को कोर्ट में पेश किया गया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च को दिन दहाड़े उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसने थाने जाकर सरेंडर किया। आलाकत्ल तमंचा बरामद कराने को पुलिस उसे जंगल ले गई तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की थी। जवाब में पुलिस ने उसके दोनों पैर में गोली मारी। जिला अस्पताल में इलाज कराकर उसे जेल भेजा गया था। गोली उसके पैर में अभी भी फंसी हुई है। उसने जेल प्रशासन से पैर में दर्द की शिकायत की थी। जेल प्रशासन ने उसे चिकित्सक को दिखाया था। चिकित्सक ने स्थिति ठीक बताई थी। साथ ही वरिष्ठ सर्जन को दिखाने को कहा था। इसके मद्देनजर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। उसके पैर पर पुराना प्लास्टर हटाकर नया लगाया गया। उसे दोबारा जेल भेजा गया। वहीं पुलिस ने अन्य मामले में सरेंडर करने वाले मुख्य आरोपी के भाई केशव को कोर्ट में पेश किया। आरोपी ने कहा कि उसने एक अन्य मामले में सरेंडर किया था जबकि वह हत्याकांड का साजिशकर्ता है। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

## दहेमी के जंगल में तेंदुए का शोर, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव दहेमी, मौजमपुर, शिकारपुर आदि गांवों के जंगल में तेंदुआ जैसे जानवर के पगचिन्ह देखे गए हैं। इससे ग्रामीणों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है। सूचना देने के बाद भी वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया है। इससे लोगों में दहशत और रोष है।



खेत में तेंदुआ जैसे पगचिन्ह।

दहेमी क्षेत्र में पिछले तीन दिन से मक्का के खेतों में तेंदुआ जैसे पगचिन्ह देखे गए हैं। खेत स्वामी कैलाश पटेल के मुताबिक बीते कई दिनों से उनके खेत में तेंदुए के पदचिन्ह दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने बताया कि जो पगचिन्ह उनके खेतों में देखने को मिले वह पगचिन्ह तेंदुआ के प्रतीत हो रहे हैं। तीनो गांवों के ग्रामीणों के मुताबिक पांच दिन पूर्व इसी तेंदुए ने दहेमी मोजमपुर जंगल में एक छुट्टा गोवंश को अपना शिकार बनाया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी खेड़ा नवादा को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो खेत में केवल खून पड़ा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि दहेमी स्थित पेट्रोल पंप ठेकेदार के पालतू कुत्ते पर भी हमला किया था, जिसमें बाल-बाल बच गया। तेंदुए की दहशत के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई नहीं हो पा रही है जिससे किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह पूर्व सिलहरी गुरुपुरी में लोगों ने तेंदुआ देखा था। वन विभाग किसी बड़ी घटना का इन्तजार कर रहा है। इस संबंध में पुलिस चौकी इंचार्ज योगराज सिंह ने बताया कि उक्त जंगल में एक मवेशी का ब्लड जमीन पर पड़ा देखा गया था।



बच्चों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। • अमृत विचार

## शत-प्रतिशत अंक के साथ काव्या बनीं स्कूल टॉपर

संवाददाता, उस्मानपुर

**अमृत विचार :** कस्बा नाधा स्थित एसआर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

विद्यालय प्रशासन की ओर से घोषित परिणामों के अनुसार नर्सरी (एनसी) से यूकेजी वर्ग में काव्या ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इनाया ने 99.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व प्रकृति ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्तकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 1 से 3 तक के परिणामों में शीतल ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विशाल (90.62 प्रतिशत) और विनय (88.31 प्रतिशत) ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में कक्षा 4, 5 व 6 के विद्यार्थियों में उत्कर्ष ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य कुमार ने 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व संध्या ने 95.47 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक हरीओम मिश्रा, अध्यक्ष सर्वेश कुमारी और प्रधानाचार्य रीतेश शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

## रोगी को धक्का देने के मामले में होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उसावां सीएचसी प्रभारी पर है मरीज को धक्का देने का आरोप
- बेटी को दवा दिलाने गए व्यक्ति ने की प्रकरण की शिकायत

**अमृत विचार :** उसावां सीएचसी प्रभारी द्वारा मरीज के साथ अभद्रता करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित की शिकायत पर सीएमओ ने निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित का आरोप है कि कई अन्य मरीजों के साथ भी अभद्रता की गई, लोगों में रोष है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर दिन सैकड़ों मरीज दवा लेने जांच कराने आते हैं। करीब पचास गांवों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने वाले सीएचसी पर डा. राहुल सिद्धार्थ चिकित्सा अधीक्षक हैं। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने सीएमओ कार्यालय को गुरुवार को दिए पत्र में आरोप लगाया कि वह बुधवार को अपनी छोटी बच्ची को लेकर सीएचसी पर गये थे। उनकी बच्ची की तबीयत खराब थी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी उसे चिकित्सक ने नहीं देखा। जब उसने चिकित्सक से बात करने की कोशिश की तो चिकित्सक ने बाहर बैठने को कहा। इस पर पीड़ित बाहर बैठ गया, लेकिन बाद में भी उसे नहीं बुलाया गया। जिस पर पीड़ित ने चिकित्सक के पास जाकर बच्ची को देखने की गुहार की। आरोप है इसी बात पर चिकित्सक आग बबूला हो गये, उसे बाहर निकाल दिया गया। इस पर वहां मौजूद मरीजों ने चिकित्सक के इस व्यवहार का विरोध किया तो चिकित्सक ने धक्का देकर उसे बाहर निकाल दिया। इसके बाद सीएचसी पर हंगामा हो गया। चिकित्सक बाहर निकल कर नहीं पाये। इस मामले को लेकर गुरुवार को सीएमओ को पीड़ित ने शिकायती पत्र दिया। साथ ही उसने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने नाम बताने से इनकार किया है। सीएमओ मोहन झा ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है। अब जांच कराई जाएगी। सीएमओ कार्यालय में आज इस प्रकरण को लेकर चर्चा रही।

### डॉक्टर पर पहले भी लग चुके हैं मनमानी के आरोप

इससे पहले भी सीएचसी प्रभारी पर देर से पहुंचने के आरोप लगाए गए हैं। कई मरीजों ने चिकित्सक की मनमानी पर रोष जताया है। उसावां सीएचसी जनपद का सीमावर्ती अस्पताल है, इसलिए वहां पर स्वास्थ्य कर्मचारी पूरी तरह मनमानी के साथ काम करते हैं। लेकिन इस बार मरीज की शिकायत पर मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

### सहसवान में निजी अस्पताल फैला रहा गंदगी

सहसवान में एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर बायो मेडिकल वेस्ट खुला पड़ा होने से भारी गंदगी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने इस अस्पताल मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सहसवान के निजी अस्पताल में कुछ दिन पहले एक विवाद हो गया था उसको किसी तरह शांत किया गया लेकिन अब उसी अस्पताल में एक बार फिर गंदगी फैलाने को लेकर लोगों ने हंगामा किया है। आरोप है कि अस्पताल को वायो मेडिकल वेस्ट इधर उधर फेंक दिया जाता है जिससे बाहर गंदगी फैलती है। अस्पताल संचालक की मनमानी से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने इस अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।




Bareilly International University

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

Rohilkhand Medical College Campus Pilibhit Bypass Road, Bareilly-(U.P.) 243006

Recognized by Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow & Indian Nursing Council, New Delhi

Recognized Mentor Institute By UPSMF Lucknow

ADMISSION OPEN (प्रवेश प्रारम्भ) NURSING

'A' Rated Institute by UPSMF Lucknow

**M.Sc. Nursing : 2 Year**
एम.एस.सी. नर्सिंग : 2 वर्षीय
कुल सीट : 20

Eligibility :-
1. B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing with Minimum of 55% Aggregate marks.
2. Minimum one year of work experience after Basic B.Sc. Nursing/prior or after Post Basic B.Sc. Nursing.
3. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

**NPCC : 2 Year**
एन.पी.सी. सी. : 2 वर्षीय
कुल सीट : 10

Eligibility :-
1. B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing with Minimum of 55% Aggregate marks.
2. Minimum one year of clinical experience after Basic B.Sc. Nursing/ Post Basic B. Sc. Nursing.
3. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

**B.Sc. Nursing : 4 Year**
बी.एस.सी. नर्सिंग : 4 वर्षीय
कुल सीट : 100

Eligibility :-
1. Candidates with Science who have passed qualifying 12th Standard examination (10+2) and must have Obtained a minimum of 45% marks in Physics, Chemistry and Biology (PCB) taken together and passed in English individually from any recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or before 31st December 2026.

**Post Basic B.Sc. Nursing : 2 Year**
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग : 2 वर्षीय
कुल सीट : 30

Eligibility :-
1. Diploma in General Nursing & Midwifery with Minimum 50% Aggregate marks.
2. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

**ANM : 2 Year**
ए.एन.एम. : 2 वर्षीय
कुल सीट : 50

Criteria :-
1. The minimum educational requirement shall be 10+2 in arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Bio technology, Economics, Plitical Sciences, History, Geography,Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective or Science, or health care science-vocational stream only passing out from recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or before 31st December 2026.

**GNM : 3 Year**
जी.एन.एम. : 3 वर्षीय
कुल सीट : 100

Criteria :-
1. Minimum education eligibility criteria for Admission is 10+2 with English and passed with 40% at the qualifying examination from any Recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or Before 31st December 2026. *CNET by Atal Bihari Vajpayee Medical University (ABVMU), Lucknow, Uttar Pradesh



Admission Helpline : 9105500404, 202, 9520876133

College E-Mail : rcnbareilly11@gmail.com University Website : https://www.biu.edu.in


## छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल के कठोर कारावास की सजा

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** घर से चाय लेने जा रही लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाते हुए पांच साल के कठोर कारावास समेत दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा इंटर कॉलेज के बाहर चार्ट का ठेला लगाता है। उसकी लड़की ठेले पर काम करती है। उसने बेटी को चाय लेने के लिए घर भेजा था। कब्रिस्तान के पास राहुल ने उसकी को पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। वह किसी तरह उसके चंगुल से छूटी और पिता के पास पहुंची। फैजगंज पुलिस ने 20 सितंबर 2019 को राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। न्यायालय में कस्बा फैजगंज बेहटा के वार्ड पांच निवासी राहुल सिंह पुत्र परविंदर सिंह उर्फ प्रवेनद पर छेड़छाड़ करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई है।

## रुपए को लेकर दो पक्षों में विवाद

**कुंवर गांव, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव वनगढ़ में मकान के हिस्सा बंटवारे के तय रुपए न देने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई है।

मारपीट में घायल वंदना पत्नी राहुल और शिवानी पत्नी अतुल ने फरसा और ईट मारकर घायल करने का आरोप लगाते हुए शिकायत थाना पुलिस से की गई है।

## सात दिन से बंद गाय ने तोड़ा दम

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार:** घर के बाहर सात दिन से खूंटे से बंधी गाय ने भूख और प्यास से तड़प कर दम तोड़ दिया। घर के बंद मिले पशुओं की हालत भी गंभीर है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और पशु चिकित्सक ने गाय के शव को दफना दिया है वहीं अन्य पशुओं को चारा खिलाने और पानी पिलाने के बाद गौशाला में संरक्षित कर दिया है।



घर के बाहर उपस्थित डॉक्टर और थाना पुलिस। • अमृत विचार

- पशुओं को घर में बंद कर गृह स्वामी गया है बाहर

पशु प्रेमी विकेद्र शर्मा को सूचना मिली की सालारपुर ब्लॉक के गांव बाबट निवासी जसवीर के द्वारा मिनी गौशाला का संचालन किया जा रहा है। वह कई दिनों से गायब है। उसके घर के बाहर खूंटे पर गाय बंधी हुई है। कुछ पशु घर के अंदर बंद हैं। सूचना मिलने पर पशु प्रेमी विक्रेंद्र शर्मा ने थाना पुलिस और पशु चिकित्सक डॉक्टर संजीव भुइयार सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और पशु चिकित्सक गांव पहुंच गए। खूंटे से बंधी गाय को देखा तो वह मर चुकी थी। अन्य कुछ पशु बेहोश पड़े थे। थाना पुलिस ने गाय के मृत शरीर को ग्रामीणों की सहायता से दफन करा दिया। साथ ही प्रधान की उपस्थिति में घर का ताला तोड़ कर पुलिस ने घर में बंद तीन पशुओं को बाहर निकाला। पुलिस ने उन पशुओं को हरा चारा खिलाया और पानी पिलाया। इसके बाद उन पशुओं को पशु पक्षी विहार गुरुपुरी विनायक थाना सिविल लाइन के सुपुर्द कर दिया। पशु प्रेमी दीपेश दिवाकर ने जसवीर सिंह के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत थाने में तहरीर दी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता जिनका मेरी सेना के अभिलेखों में नाम **तनवीर जहां जन्मतिथि** 01.07.1955 है जबकि अब आधार व पैन कार्ड के अनुसार नाम **तनवीर जहां (Tanveer Jahan) व जन्मतिथि** 01.01.1960 से जाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र बासू अग्रवाल को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राजकुमार अग्रवाल पुत्र श्री सुरेन्द्र चन्द्र अग्रवाल निवासी पशुपति विहार कालोनी, पो. आर.के. विश्वविद्यालय थाना बारादरी जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र नईम अहमद और उसकी पत्नी रेशमा को व्यवहार और चाल चलन ठीक न होने, परिवारियों से दुर्व्यवहार करने और आये दिन झूठे व संगीन जुर्म में फंसाने, जान से मारने की धमकी देना, परिवार के लोगों को प्रताड़ित करना, इसी कारणवश अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा और परिवारियों का उनसे कोई वास्ता, सरोकार नहीं रह गया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्य के वही दोनों जिम्मेदार होंगे। **जमाल अहमद पुत्र रज्जाब अली निवासी ग्राम गांधीनगर मजरा कोरैया तहसील गोला, जिला-खीरी**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र केसर कुमार के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चन्द्र पुत्र भूपराम, निवासी- ग्राम कोठा मक्खन, तहसील नबाबगंज थाना भुता, जिला बरेली।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम मो. रफीक Mohd Rafeek दर्ज है। जो कि सही है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम मो. रफीक Moh Rafeek दर्ज है। जो कि गलत है। उक्त सही नाम को मेरे पासपोर्ट में संशोधित किया जाये। **मो. रफीक पुत्र चुन्ना मियां निवासी- 336, मो. नई बस्ती, लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0943634 वास्तव में कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। Ashok Kumar पुत्र Kanta Prasad निवासी Buyodha Khera Ram Nagar, Bareilly

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की

संपर्क करें

कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**आवश्यकता है**

बाबा रामदास पी.जी. कॉलेज
सैदपुर कनी, भोलापुर, बरेली को निम्न विषयों में **प्रवक्ताओं** की आवश्यकता है
(Ph.D. एवं Net)
For M.A. :
Political Science, Home Science
For M.Sc. :
Physics, Chemistry, Zoology, Botany
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय एवं email : principalbrdcbholapur@gmail.com पर समस्त प्रपत्र/फोटो सहित अपना Biodata भेजें।
आर.डी. गुप्ता-प्रबन्धक
मो. 6396249614

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप को लेकर रार

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से धर्मकांटे तक सीएम ग्रिड योजना के मद्देनजर 80 दुकानों पर निगम का बुलडोजर चलने के बाद अब पेट्रोल पंप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा पार्षद शालिनी जौहरी ने इस पंप को हटाने के लिए मोर्चा तेज कर दिया है। पार्षद का आरोप है कि यह पेट्रोल पंप सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है। इसके कारण अक्सर जाम लगता है। पेट्रोल पंप मालिक ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। पार्षद शालिनी जौहरी ने कहा कि महादेव पुल के निर्माण के समय पेट्रोल पंप को संजय नगर में जमीन आवंटित कर ट्रांसफर कर दिया गया था।

## बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बबराला, अमृत विचार:** कस्बे में छह वर्षीय बच्ची से घिनौनी हरकत करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 3 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे गुन्नौर कस्बे में एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान बच्ची मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ पड़ोस के घर में खेल रही थी। आरोप है कि तभी शादी में खाना बनाने आया युवक बच्ची को बहला-फुसलाकर एक कोने में ले गया और चाकू दिखाकर उसके साथ घिनौनी हरकत की। बच्ची ने चाचा को घटना की जानकारी दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी भाग गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू। कोतवाली के निरीक्षक (अपराध) बलराम यादव ने बताया कि गुरूवार को आरोपी आदिल फारूकी निवासी ब्रह्मपुरी छर्रा अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।



गुन्नौर में पुलिस गिरफ्त में छेड़छाड़ का आरोपी।

## नवाबगंज में बनेगा एम्प्लॉयमेंट जोन

**बरेली, अमृत विचार:** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरदार वल्लभ भाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने के लिए नवाबगंज क्षेत्र में राजकीय कृषि फार्म की भूमि चिह्नित की गयी है। फार्म की करीब 112 एकड़ भूमि पर एम्प्लॉयमेंट जोन बनेगा। डीएम अविनाश सिंह ने एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

इस योजना के पीछे राज्य सरकार का ऐसा मेगा प्लान है, जिसमें जिले में सौ एकड़ जमीन पर प्लग-एंड-प्ले फैक्ट्रियां, स्किल सेंटर और स्टार्टअप हब स्थापित किए जा सकें।

# करोड़ों के मैथोडिस्ट मैदान पर कब्जे में कई के खिलाफ रिपोर्ट

### साजिश में फंसे मिशनरी संस्था के डॉ. न्यूटन परमार, सुनील मसीह सहित कई लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हार्ट ऑफ द सिटी मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर को हड़पने की साजिश के मामले में कई लोगों की गर्दन फंस गई है। पूर्व कमिश्नर के आदेश पर हुई में जांच के आधार पर डीआईओएस ने एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस केस में पार्टनर फार्म क्षितिज इंटरप्राइजेज के साथ मिशनरी संस्था से जुड़े न्यूटन परमार, सुनील मसीह व व्यापारी हरीश अरोरा को मुख्यत रूप से आरोपी बनाया गया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र में सिविल लाइंस स्थित मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से जुड़ा है। बेहद सुनियोजित तरीके से कई महीना पहले मैदान बेशकीमती हिस्से को अनाप्रयुक्त बताकर उस पर कब्जा कर लिया गया था।

बाउंड्री वॉल भी खड़ी कर दी गई थी। इसकी शिकायत किला छावनी निवासी अमर सिंह राठौर ने की थी।

तत्कालीन कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच के लिए अपर आयुक्त (प्रशासन), एडीएम सिटी और एसपी सिटी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी।

जांच में में खुलासा हुआ कि कॉलेज के खेल मैदान का क्षेत्रफल पहले करीब 20 हजार वर्गमीटर था। उसमें वॉलीबॉल-बास्केटबॉल कोर्ट भी शामिल थे।

2009 की लीज डीड व एग्रीमेंट में भी उक्त भूमि को विद्यालय परिसर का हिस्सा दर्शाया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### अनयूज्ड दर्शा दी गई बेशकीमती जमीन

पुलिस के अनुसार, 2022 में करीब 610 वर्गमीटर भूमि ''अनयूज्ड'' बताकर एक निजी फर्म को लीज कर दी गई। चौहद्दी में एक पुरानी सड़क भी शामिल कर निर्धारित एरिया से अधिक जमीन कब्जा ली गई। भूमि बेचने को तथ्य गलत तरीके से पेश किए व फर्जी नक्शों का इस्तेमाल किया गया। शिकायत में एमसीआई के पदाधिकारियों पर कूटरचना कर अवैध लीज करने के गंभीर आरोप लगे थे। साथ ही एग्जीक्यूटिव बोर्ड नार्थ इंडिया रीजनल कॉन्फ्रेंस के अधिशासी सचिव सुनील मसीह पर पूर्व में भी कई संपत्तियों की अवैध बिक्री के मामले दर्ज होने की बात सामने आई। जिसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह कानूनी कार्रवाई पुलिस को लिखा। कोतवाली पुलिस ने आरोपी डॉ. न्यूटन एम. परमार, सुनील मसीह, क्षितिज इंटरप्राइजेज (पाटनरशिप फर्म) के द्वारा हरीश अरोरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से पड़ताल में जुट गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनेहरा विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-मनेहरा विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 12 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दीदार पट्टी विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-दीदार पट्टी विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 12 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-भीकमपुर विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरियावल विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-नरियावल विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघाई कायस्थान विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सिंघाई कायस्थान विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघाई पदारथपुर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-पदारथपुर विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान** **सचिव**


## नकली नोटों के शक में कारोबारी हिरासत में

- कच्चा बाजार में एजेंसी से जुड़े अधिकारी ने मारा छापा
- हैंडीक्राफ्ट कारोबारी से पूछताछ कर रही पुलिस

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नकली नोटों के कारोबार के शक में जांच एजेंसी ने एक हैंडीक्राफ्ट कारोबारी को हिरासत में लिया है। गुरुवार को एजेंसी से जुड़े अधिकारी सरायतरीन क्षेत्र के कच्चा बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने कारोबारी के घर पर छापेमारी करते हुए उसे अपने साथ ले लिया।

एजेंसी ने मौके पर पहुंचकर घर की बारीकी से तलाशी ली। इस दौरान आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और इलाके में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा।

तलाशी के बाद कारोबारी को हिरासत में लेकर एजेंसी टीम अपने साथ चली गई। सूत्रों के अनुसार मामला नकली नोटों के कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है।

हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी तक एजेंसी की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

जानकारी मिली है कि पकड़े गए व्यक्ति से जनपद संभल की ही एक पुलिस चौकी पर पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसी उससे जुड़े नेटवर्क और अन्य संभावित कड़ियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। वहीं, जनपद के कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि संभल पुलिस द्वारा किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति किसी अन्य एजेंसी की हिरासत में है और वही उससे पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। जांच एजेंसी की कार्रवाई के बाद मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## छेड़छाड़ के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** भाजपा सभासद की बेटी से छेड़छाड़, मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोपी थाना सिरौली क्षेत्र निवासी युवक की जमानत अर्जी स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट विजेन्द्र त्रिपाठी ने खारिज कर दी।

वादी के अधिवक्ता रोहित यादव ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि बहन के घर से निकले उसी समय सचिन ने पीछे आ रही पुत्री को गलत नीयत से हाथ पकड़कर खींचा। विरोध करने पर बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया था।


**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी पुवायां, शाहजहांपुर**

पत्रांक: 65-67/बी.आर.सी./नीलामी/2026-27 दिनांक: 09.04.2026

**विज्ञप्ति**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण सम्बन्धी शासनादेश संख्या- 15/68-5-2000 दिनांक 22.01.2020 एवं शासनादेश संख्या 855/68-5-2020 दिनांक 03.09.2020 एवं पत्रांक- 1497/68-5-2020 दिनांक 04.12.2020 तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर के कार्यालय पत्रांक एस.एस.ए./जर्जर भवन नीलामी/9083-92/2025-26 दिनांक 09.09.2025 के अनुपालन में जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण हेतु भवन की नीलामी खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की निर्धारित विस्तरीय नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामी की जानी है। अतः निम्नांकित जर्जर विद्यालय भवनों की नीलामी दिनांक 17.04.2026 को सूची में अंकित समय के अनुसार कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, पुवायां के सभागार कक्ष में आयोजित की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी तिथि से पूर्व किसी कार्य दिवस पर सम्बन्धित जर्जर विद्यालय भवन का स्वयं स्थलीय निरीक्षण के नीलामी में बोली हेतु निम्नांकित तिथि एवं स्थल पर तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा जर्जर भवन के निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत धरोहर धनराशि के साथ अपने आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करते हुए नीलामी में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र. | विकास खण्ड | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन का प्रकार | न्यूनतम बोली की धनराशि (रू.) में | धरोहर राशि 25 प्रतिशत (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | पुवायां | प्रा.वि. अगौना खुर्द | प्रा.वि. भवन | 40100 | 10025 |
| 2. | पुवायां | प्रा.वि. गौटिया इकघरा | प्रा.वि. भवन | 42300 | 10575 |

उक्त भवनों की नीलामी की शर्त एवं नियम कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी पुवायां के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है एवं कार्यालय में भी उपलब्ध है जिसे किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक अवलोकित किया जा सकता है। किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा तथा बिना किसी कारण बताये नीलामी निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा एवं विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर का होगा।

**कृष्ण कुमार**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**पुवायां, शाहजहांपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक: 154/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 09.04.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त ठेकेदारों एवं भूसा आपूर्तिकर्ताओं/दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद लखीमपुर वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम मैनहा (खम्भार खेड़ा) में पालिका की संचालित अस्थाई गौशाला में गौवंशीय पशुओं के भरण-पोषण हेतु भूसा एवं पशु आहार (दाना) आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 09.04.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 29.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 30.04.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जाएगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार** — **अधिशासी अधिकारी**, **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**
**डॉ. इरा श्रीवास्तव** — **अध्यक्ष**, **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**


# बरेली में दिखेंगे पर्यटन के नए रंग, विकास को लगेंगे पंख

- आनंद आश्रम, त्रिवटीनाथ, बड़ा बाग हनुमान मंदिर समेत कई पर्यटन स्थलों का होगा विकास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली में पर्यटन के नए रंग देखने को मिलेंगे। धार्मिक आस्था के केंद्रों के साथ रोजगार और स्थानीय विकास को रफ्तार मिलेगी। जिले में पर्यटन विकास को गति देने के लिए 13 महत्वपूर्ण योजनाओं शासन स्तर से मंजूरी दी गई है। इससे न सिर्फ मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की सूरत बदलेगी, बल्कि आसपास के गांवों और छोटे कारोबारियों के लिए भी आय के नए रास्ते खुलेंगे। युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिलने की संभावना रहेगी।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य जिले के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर उन्हें पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना है। इसमें शहर के बीचों-बीच स्थित आनंद आश्रम में 90.51 लाख से पर्यटन विकास का कार्य किया जाएगा। यहां यात्री विश्राम गृह, पाथवे, हॉर्टीकल्चर वर्क आदि किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 53 लाख रुपये जारी भी हो गए। बड़ा बाग हनुमान मंदिर में पर्यटन और अवस्थापना सुविधाओं का विकास कार्य 355.54 लाख रुपये से किया जाएगा। इसमें मल्टीपर्पज हॉल/धर्मशाला, मेन द्वार, हॉर्टीकल्चर वर्क आदि कार्य किए जाएंगे। इसके लिए 70 लाख रुपये जारी हो गए हैं। वहीं, श्रीरामजानकी मंदिर (सीताराम मंदिर) में 296.63 लाख से पर्यटन विकास के कार्य होंगे। इसके लिए 70 लाख जारी कर दिए गए हैं।

सात नाथ मंदिर के प्राचीनतम नाथ मंदिर बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में 195.39 लाख की लागत से फसाड लाइटिंग का कार्य किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 100 लाख जारी कर दिए गए हैं। साथ ही अहिच्छत्र के समेकित विकास के लिए 213.40 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यहां यात्री विश्राम गृह, पाथवे और हरित विकास कार्य कराए जाएंगे। महाभारत कालीन द्रोपदी स्वयंवर थीम पार्क के लिए 99.02 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। जिससे ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इको टूरिज्म के तहत लीलौर झील और ढिलवारी राम कटोरा ताल के विकास के लिए 295.17 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सिरोही के पहलऊनाथ, सिसैया मगनपुर के प्राचीन शिव मंदिर, लालपुर के ठाकुरजी मंदिर स्थल और पूर्णागिरी शिव मंदिर के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता-चतुर्थ, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत ।**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के चतुर्थ उपखण्ड के अन्तर्गत निरीक्षण भवन अमखिडिया में खडे सूखे वृक्षो की नीलामी वर्ष 2025-26 कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत पर नीलाम दिनांक 16.04.2026 को अपराहन 12: 00 बजे किया जायेगा। नीलामी समाप्त होने के 03 दिवस के अन्दर बैंक ड्राफ्ट के रूप में सम्पूर्ण धनराशि मय समस्त करों सहित जमा करनी होगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्य दिवस में नीलामी की जायेगी। नीलामकर्ता को बिना कारण बताये नीलाम निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य शर्ते कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यायल दिवस में देखी जा सकती है।

| क0 सं0 | प्रजाति | व्यास वर्ग | वृक्षो की संख्या | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आम | 6-7 | 01 | निरीक्षण भवन अमखिडिया पर खडे सूखे वृक्षो की नीलामी |
| 2 | | 7-8 | 01 | |
| 3 | | 8-9 | 02 | |
| 4 | अमलताश | 3-4 | 01 | |
| 5 | | 4-5 | 01 | |
| 6 | यूकेलिप्टिस | 30-35 | 01 | |

**नीलाम की आवश्यक शर्ते :-**

1. अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर दें।
2. बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर धनराशि रू0-20000.00 का बैंक ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 (जो अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड पीलीभीत के नाम देय होगा) बतौर जमानत जमा करना होगा,नगद धनराशि नही ली जायेगी।
3. वन विभाग द्वारा किये गये मूल्यांकन से कम की बोली नही बोली जायेगी।
4. अधिकतम बोलीदाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर एवं अन्य कर की धनराशि जमा करनी होगी।
5. अधोहस्ताक्षरी को नीलामी बोली उचित न आने पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
6. नीलाम क्रेता / ठेकेदार व उनके कर्मचारी द्वारा किसी भी नियम का उल्लंघन करने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा जिसका कोई भी क्लेम विभाग को मान्य नही होगा।
7. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता बोली बोलने से पूर्व उपरोक्त नीलामी स्थल पर खड़े पेड़ों का भली-भाँति निरीक्षण कर लें, नीलामी के बाद कोई क्लेम मान्य नही होगा।
8. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि नीलाम समाप्त होने के उपरान्त बैक ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
9. नीलामी के दौरान समस्त ठेकेदारो को पहचान पत्र / आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

UP - 249397 दिनांक: 08/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता चतुर्थ**
**शारदा सागर खण्ड पीलीभीत**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता-चतुर्थ, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत ।**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के चतुर्थ उपखण्ड के अन्तर्गत भौनी से करगैना मार्ग में अवसरा नदी के किमी0-8.350 पर सेतु के बांयी ओर खड़े वृक्षो की नीलामी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत पर नीलाम दिनांक16.04.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा। नीलामी समाप्त होने के 03 दिवस के अन्दर बैंक ड्राफ्ट के रूप में सम्पूर्ण धनराशि मय समस्त करों सहित जमा करनी होगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्य दिवस में नीलामी की जायेगी। नीलामकर्ता को बिना कारण बताये नीलाम निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य शर्ते कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यायल दिवस में देखी जा सकती है।

| क0 सं0 | प्रजाति | व्यास वर्ग | वृक्षो की संख्या | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | केसिया सेमिया | 1-2 | 01 | भौनी से करगैना मार्ग में अवसरा नदी के किमी0-8.350 पर सेतु के बांयी ओर खड़े वृक्षो की नीलामी |
| 2 | | 2-3 | 02 | |
| 3 | शीशम | 1-2 | 02 | |
| 4 | | 2-3 | 01 | |
| 5 | अर्जुन | 1-2 | 03 | |
| 6 | | 2-3 | 01 | |
| 7 | पीपल | 1-2 | 01 | |
| 8 | | 3-4 | 02 | |
| 9 | | 4-5 | 01 | |
| 10 | शहतूत | 1-2 | 01 | |
| 11 | नीम | 2-3 | 01 | |

**नीलाम की आवश्यक शर्ते :-**

1. अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर दें। 2. बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर धनराशि रू0-5000.00 का बैंक ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 (जो अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड पीलीभीत के नाम देय होगा) बतौर जमानत जमा करना होगा, नगद धनराशि नही ली जायेगी। 3. वन विभाग द्वारा किये गये मूल्यांकन से कम की बोली नही बोली जायेगी। 4. अधिकतम बोलीदाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर एवं अन्य कर की धनराशि जमा करनी होगी। 5. अधोहस्ताक्षरी को नीलामी बोली उचित न आने पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। 6. नीलाम क्रेता / ठेकेदार व उनके कर्मचारी द्वारा किसी भी नियम का उल्लंघन करने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा जिसका कोई भी क्लेम विभाग को मान्य नही होगा। 7. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता बोली बोलने से पूर्व उपरोक्त नीलामी स्थल पर खड़े पेड़ों का भली-भाँति निरीक्षण कर लें, नीलामी के बाद कोई क्लेम मान्य नही होगा। 8. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि नीलाम समाप्त होने के उपरान्त बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा। 9. नीलामी के दौरान समस्त ठेकेदारो को पहचान पत्र /आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

UP - 249406 दिनांक: 08/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता चतुर्थ**
**शारदा सागर खण्ड पीलीभीत**

**अदालत श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय कलीनगर**

वाद संख्या- टी202512560403532 सन् 2025
देशराज सिंह आदि बनाम रामभरोसे आदि
धारा- 24 उ.प्र. राजस्व संहिता
ग्राम- लालपुर ता. माधौटांडा
तह.- कलीनगर जिला पीलीभीत

1. आरेन्द्र पाल सिंह 2. देवेन्द्र पाल सिंह पुत्रगण व्रेसपाल सिंह 3. नन्ही देवी पत्नी उपेन्द्र पाल सिंह 4. नन्ही देवी पत्नी व्रेसपाल सिंह 5. नित्या सिंह ना. वा. संरक्षिगा नन्ही देवी पत्नी उपेन्द्र पाल सिंह निवासी:- सुरभी कॉलोनी, सिविल लाईन साउथ, पीलीभीत

वाजेही कि आपके खिलाफ एक नालिस दफा 24 उ. प्र. रा. सं. दायर की है अतः आपके दिनांक 20.04.2026 वबक्त 11:00 बजे दिल असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्त जो वाकिफ हाल मुकदमा उक्त दिनांक पर अपनी जबावदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी सहादत पर आप व ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 07.04.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी, कलीनगर**


## युवक को जबरन कार में डालकर मारपीट

**पुवायां , अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने जबरन अगवा कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज न होने का आरोप लगाया है।

पीड़ित सचिन मिश्रा पुत्र स्व. संजीव कुमार निवासी ग्राम कुंवरपुर जप्ती ने दी गई तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल को वह शाहजहांपुर से घर लौट रहा था। शाम करीब 4:35 बजे आरएमएल स्कूल के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि अनुज मिश्रा, प्रेमपाल मिश्रा, सुनीत बाजपेयी उर्फ जैकी सहित अन्य लोगों ने जबरन उसे कार में डाल लिया और असलाह के बल पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर ले गए। वहां पहले से मौजूद अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए और घटना का वीडियो मोबाइल से बनाया गया। बाद में आरोपियों ने उसके भाई को फोन कर सूचना दी, जिसके बाद वह उसे छुड़ाकर लाया। घटना के बाद वह थाना पुवायां पहुंचा, लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।


**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वीरा देवी पत्नी श्री अनिल कुमार सिंह निवासी-एस-77, गंगानगर कालोनी, बदायूं रोड, बरेली द्वारा खेत सं.-497मि. नेकपुर लाईनपार, सुभाषनगर, बदायूं रोड बरेली पर रोड वाइडनिंग हेतु 23.30 वर्गमी. भूमि छोड़ते हुए 269.71 वर्गमी. (293.01-23.30=269.71 वर्गमीटर) भूमि पर होटल क्रिया (20 कमरों तक) के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार स्थल का भू उपयोग निर्मित क्षेत्र में दर्शित है। उ.प्र. के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम संख्या-2.5 के अन्तर्गत होटल क्रिया (20 कमरों तक) महायोजना-2031 में स्थल के सम्मुख 45.00 मीटर चौड़ा मार्ग प्रस्तावित है।

आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या-(iv) में उल्लेख है कि ''महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।'' उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री मोहित कुमार (प्रथम) को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**उपाध्यक्ष**
**बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।**


## शिकायतों पर जिला अस्पताल में छापा

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बाहरी लोगों के अलावा अराजक तत्वों की शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को डीएम ने छापा मारा। उन्होंने बिना आई कार्ड के इमरजेंसी के पास आभा आईडी बना रहे युवक से पूछताछ की। पता लगा कि वह अस्पताल का ही संविदा कर्मचारी है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड मुहैया कराए जाएं।

# आईवीएफ फेल हुआ तो होम्योपैथी ने दिया मां बनने का सुख

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर विशेष : बांझपन के इलाज में होम्योपैथी बनी उम्मीद की किरण, आईवीएफ के महंगे विकल्प से राहत

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- लखनऊ स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में संचालित हो रही विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक, एक साल में 11 महिलाएं बनी मां

**अमृत विचार :** अनियमित जीवनशैली, बढ़ता मोटापा, देर से शादी और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं के कारण आज की युवतियां शादी के कई वर्षों बाद भी सामान्य रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में जहां एक ओर महंगा आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) कई दंपतियों की पहुंच से बाहर है, वहीं होम्योपैथी पद्धति अब एक सस्ती और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है।

लखनऊ के जानकीपुरम स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में हर शनिवार को विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा की देखरेख में चल रही इस क्लीनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या वर्मा के अनुसार, प्रत्येक ओपीडी में करीब 50 महिलाएं गर्भधारण और अन्य समस्याओं को लेकर पहुंच रही हैं। पिछले एक वर्ष में यहां इलाज से 11 महिलाओं को मातृत्व का सुख मिल चुका है, जिससे लोगों का होम्योपैथी पर विश्वास भी बढ़ा है।



प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा व डॉ. दिव्या वर्मा

### केस-1

#### आठ साल बाद जगी उम्मीद, पांच महीने में मिली खुशखबरी

अलीगंज की एक युवती शादी के आठ साल बाद भी गर्भधारण नहीं कर सकी। आईवीएफ पर लाखों खर्च करने के बाद भी असफलता हाथ लगी, जिससे दंपति मानसिक रूप से टूट चुके थे। बाद में संस्थान में परामर्श लेने पर काउंसलिंग और होम्योपैथिक उपचार शुरू किया गया। महज पांच महीने में युवती गर्भवती हो गई। जांच में सामने आया कि उसके अंडाशय छोटे थे, जिसका सफल उपचार किया गया।

### केस-2

#### हार्मोनल असंतुलन दूर तीन महीने में गर्भधारण

एक अन्य मामले में बेटे की मृत्यु के बाद दंपति गहरे सदमे में चला गया। कई वर्षों तक गर्भधारण न होने पर उन्होंने संस्थान का रुख किया। जांच में हार्मोनल असंतुलन सामने आया। इलाज शुरू होने के मात्र तीन महीने के भीतर ही युवती ने गर्भधारण कर लिया।

### केस-3

#### बार-बार गर्भपात से मिली राहत

लखनऊ की ही एक महिला को शादी के सात साल बाद भी बार-बार गर्भपात की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक तंगी के कारण वह आईवीएफ नहीं करा सकी। होम्योपैथिक इलाज शुरू करने के कुछ ही समय में वह गर्भवती हुई और जांच में गर्भस्थ शिशु स्वस्थ पाया गया।

#### महिलाओं के साथ पुरुषों का भी होता है इलाज

प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा बताती हैं कि बांझपन के मामलों में महिला और पुरुष दोनों की जांच बेहद जरूरी होती है। कई मामलों में समस्या पुरुषों में पाई जाती है, जिसके इलाज से महिला आसानी से गर्भधारण कर सकती है।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को मिलेगा बढ़ा मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैबिनेट के फैसले के बाद बेसिक शिक्षा विभाग से शासनादेश जारी



**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा से जुड़े शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ा तोहफा दिया है। गुरुवार को जारी शासनादेश के अनुसार दोनों वर्गों के मानदेय में 8 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी कर दी गई है। अब प्रदेश के 1,42,929 शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये के स्थान पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसी तरह, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। अंशकालिक अनुदेशकों को यह मानदेय वर्ष में 11 महीने दिया जाएगा। यह बढ़ा हुआ मानदेय इसी माह से लागू होगा, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मियों को राहत मिलेगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में निदेशक का कार्यभार ग्रहण करतीं गुंजन द्विवेदी।

### मिशन निदेशक गुंजन द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में बुधवार को गुंजन द्विवेदी ने मिशन निदेशक का पदभार संभाल लिया। अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता अभियान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वच्छता कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा स्थायी व्यवहार परिवर्तन बनाया जाना चाहिए। गुंजन द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

### इस्लामनगर के बीडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बदायूं के इस्लामनगर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खां को निलंबित कर दिया है। प्रथम दृष्टया अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई है। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर लिया गया है। साथ ही, उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने के भी आदेश दिए गए हैं। मालूम हो कि सरकार की इस कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर रुख अपनाने के संकेत दिए गए हैं।

### लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई (शनिवार) को लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर और सभी तहसीलों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देशन में होने वाली इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निस्तारण का मंच है, जहां निर्णय सिविल कोर्ट की डिक्री के समान बाध्यकारी होता है और इसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर सुलभ, शीघ्र और कम खर्च में न्याय का लाभ उठाएं।

### रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र में सई नदी तट स्थित रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेजी से जारी है। पर्यटन विभाग की करीब 93 .43 लाख रुपये की परियोजना के तहत अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। योजना का उद्देश्य मंदिर के पारंपरिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'विकास भी, विरासत भी' की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर शिकायतों की जांच करेगी विशेषज्ञ समिति

## मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, बिना गलती न कटे कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री और एमडी फील्ड में उतरें, करें समाधान
- गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, हेल्पलाइन रहे सक्रिय



**अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेषज्ञ समिति गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ कहा कि आम उपभोक्ता ईमानदार होता है और यदि बिल सही हो तो वह भुगतान से पीछे नहीं हटता। ऐसे में ओवरबिलिंग या तकनीकी खामियों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को देर शाम उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी उपभोक्ता की गलती नहीं है तो उसका बिजली कनेक्शन किसी भी स्थिति में नहीं काटा जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को खुद फील्ड में जाकर व्यवस्था देखने और शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट मीटरिंग, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ता सेवाओं को भरोसेमंद बनाना होगा। सभी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ हो गई है। इस दौरान बिजली भार में 80 प्रतिशत और ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट से अधिक है। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को तेज करने, बिजली लाइनों के आधुनिकीकरण और भूमिगत केबलिंग को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। न्यूनतम पांच घरों वाले मजरों तक विद्युतीकरण सुनिश्चित करने, कृषि फीडरों के पृथक्करण और ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने पर जोर दिया गया।

# आपदा प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वे

## उप मुख्यमंत्री पाठक और कृषि मंत्री शाही ने किसानों को जल्द राहत के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया असामयिक वर्षा, तेज हवाओं और चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान के बीच सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री ब्जेरश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया।

दोनों मंत्रियों ने बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, उन्नाव और लखनऊ सहित कई जनपदों का दौरा कर फसल क्षति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूरा कर प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार किसानों के साथ खड़ी है और हर संभव आर्थिक सहायता दी जाएगी।

हवाई सर्वेक्षण के बाद आजमगढ़ और फतेहपुर में समीक्षा बैठकें भी आयोजित की गईं, जिनमें जिलाधिकारियों व कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि फसल नुकसान का सही आकलन कर जल्द रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि राहत वितरण में देरी न हो।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

### फसलों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बेमौसम बारिश और कुछ जिलों में आगजनी की घटनाओं के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने खेत-खलिहानों में फसल की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विभाग ने निर्देश दिया है कि खलिहानों में सिगरेट, बीड़ी या अन्य ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग न करें, क्योंकि इससे आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। विभाग ने जनपदों में तैनात कृषि अधिकारियों को भी किसानों से लगातार संपर्क में रहकर उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कटाई और मड़ाई के दौरान विशेष सतर्कता जरूरी है। किसानों को सलाह दी गई है कि यदि खड़ी फसल भीग गई है तो उसे एक-दो दिन सूखने दें। कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल में पानी न ठहरने दें और बोझ बांधकर खड़ा करें। खलिहान में भीगी फसल को खोलकर धूप और हवा लगने दें, ताकि वह जल्दी सूख सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि अनाज के दाने भीग गए हैं तो उन्हें तभी भंडारित करें, जब उनमें नमी 10 प्रतिशत तक रह जाए। साथ ही भंडारण से पहले गोदाम, बखारी, बोरे और दीवारों का धूम्रीकरण (फ्यूमिगेशन) कर लेना चाहिए, ताकि अनाज सुरक्षित और कीटमुक्त रह सके।

# डॉ. केके सिंह प्रकरण की होगी हाई-लेवल जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और डीन फैकल्टी प्रवक्ता डॉ. केके सिंह को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। उनके पूरे चिकित्सकीय कार्यकाल में नियुक्ति, बर्खास्तगी और पुनः बहाली मामलों की अब व्यापक जांच होगी। अतीत के पन्ने खुलेंगे। इस मामले में मौजूदा कुलपति की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। राज्य सरकार ने केजीएमयू प्रशासन से विस्तृत आख्या तलब की है, जिससे यह स्पष्ट है कि मामला अब उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है।

भाजपा विधायक रमा निरंजन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि केजीएमयू में नियुक्तियां, खरीद और निर्माण जैसे बड़े फैसले डॉ. सिंह के प्रभाव में होते हैं। इससे राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के पति शरद मिश्र की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। भाजपा विधायक रमा निरंजन ने केके हॉस्पिटल और डिग्री कॉलेज सहित अरबों की अकूत संपत्ति की जांच राष्ट्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है और कहा है कि उन्हें सभी पदों से हटाया जाए।

# 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नोएडा कमिश्नरेट की ट्विंकल जैन लखनऊ की एडीसीपी बनीं
- लखनऊ के ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया

**अमृत विचारः** शासन ने गुरुवार देर शाम को 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। जारी सूची में नोएडा कमिश्नरेट में एडीसीपी रही ट्विंकल जैन को लखनऊ और लखनऊ उत्तरी में एडीसीपी रहे ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, सागर जैन एएसपी ग्रामीण सहारनपुर से एडीसीपी प्रयागराज, मनोज कुमार रावत एएसपी पूर्वी गोंडा को संभल दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को एएसपी सिटी मेरठ से बहराइच, विनायक गोपाल भोंसले को सीतापुर से मेरठ, अंतरिक्ष जैन को मेरठ से बुलंदशहर, लिपि नागयाच को गाजियाबाद कमिश्नरेट से वाराणसी का एडीसीपी, राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मीरजापुर नक्सल एएसपी, अलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़, एडीसीपी वाराणसी डॉ. ईशान सोनी को एएसपी जालौन और एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक को सहारनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

वहीं 35 पीपीएस अधिकारियों में आलोक कुमार सिंह को बहराइच से एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ का उपसेनानायक, संजीव कुमार सिन्हा एएसपी रायबरेली को पुलिस मुख्यालय, आलोक सिंह-3 को एसीपी प्रयागराज से एएसपी रायबरेली, अजीत कुमार रजक को जौनपुर से एएसपी गोंडा, डॉ. तेजवीर सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर, श्याम देव को एएसपी अंबेडकरनगर से 12वीं वाहिनी पीएसी उपसेनानायक फतेहपुर, मनीष कुमार मिश्र को मीरजापुर से अलीगढ़, शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ से उन्नाव, एडीसीपी लखनऊ जया शांडिल्य को एएसपी अभिसूचना मेरठ, कृष्ण कांत सरोज को एएसपी अभिसूचना मेरठ से एएसपी विशेष जांच शाखा लखनऊ, प्रदीप कुमार वर्मा को जालौन से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, राजेश कुमार पांडेय-2 को कानपुर देहात से एडीसीपी गाजियाबाद कमिश्नरेट, अवनीश कुमार मिश्र को मथुरा से पीएसी मुख्यालय लखनऊ, श्वेता कुमारी यादव को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी मथुरा, कृपा शंकर को बलिया से एएसपी कानून-व्यवस्था शाखा डीजीपी मुख्यालय, स्नेहा तिवारी चंदौली से एएसपी बलिया, राघवेंद्र कुमार मिश्रा को मेरठ से उपसेनानायक 2वीं वाहहिनी एसएसएफ गोरखपुर, राजेश कुमार श्रीवास्तव एएसपी केंद्रीय भंडारण सीतापुर से एएसपी यातायात मेरठ, विवेक त्रिपाठी एएसपी यातायात आजमगढ़ से केंद्रीय भंडारण सीतापुर, अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस लखनऊ से एएसपी बदायूं, शंकर प्रसाद को बुलंदशहर से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, पियूष कांत राय को एडीसीपी आगरा से एएसपी चित्रकूट, सत्यपाल सिंह को चित्रकूट से एएसपी पीटीसी मुरादाबाद, आलोक प्रसाद को एएसपी सीतापुर से कानपुर देहात, अरुण कुमार सिंह-2 को फतेहगढ़ से एएसपी यातायात निदेशालय लखनऊ, गिरीश कुमार सिंह को एडीसीपी आगरा से एएसपी फतेहगढ़, राहुल मिठास को मैनपुरी से एएसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, अभिषेक तिवारी को मेरठ से एएसपी मैनपुरी, महेंद्र पाल सिंह को फतेहपुर से सीआईडी सेक्टर लखनऊ का सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। इसी तरह ज्ञान प्रकाश राय को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी फतेहपुर, सतीश चंद्र शुक्ला एएसपी भदोही को एएसपी आपरेशन चंदौली, प्रेमचंद एएसपी उन्नाव को एएसपी राज्य मानवाधिकार आयोग लखनऊ और अभिषेक प्रताप अजेय को एएसपी कन्नौज से बुलंदशहर का एएसपी नगर बनाया गया है।

# कृषि विज्ञान कांग्रेस में नई चुनौतियों पर मंथन, आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना आधारित फसल प्रणाली में हल्दी, मूंग, काली मिर्च और अजवाइन जैसी अंतः फसलों को शामिल करने को लाभकारी बताया। मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए जैव-उर्वरक आधारित पोषक तत्व प्रबंधन और कार्बनिक कार्बन बढ़ाने पर बल दिया गया।

कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित छठवीं उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन गुरुवार को सात तकनीकी सत्रों में खेती की नई चुनौतियों पर व्यापक मंथन कर रहे थे। "विकसित कृषि विकसित भारत @2047" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर दिया।

तकनीकी सत्रों में प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जलवायु सहिष्णु फसल किस्मों के विकास, जैविक तनाव प्रबंधन और फार्म मशीनीकरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर उसे व्यवसाय के रूप में विकसित करने, मार्केटिंग, वैल्यू एडीशन और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। "खेत एक फसल अनेक" की अवधारणा को अपनाने की भी संस्तुति की गई। इसके साथ ही पोषण सुरक्षा पर जोर देते हुए बेबी फूड में गाजर, आम और अमरूद पाउडर के उपयोग तथा आंवला, जामुन जैसे उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने जलवायु अनुकूल खेती और नई तकनीकों के जरिए कृषि को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और लाभकारी बनाने पर बल दिया।

बढ़ते कदम

'सीएम युवा' योजना बनी गेमचेंजर

# नवाचार से प्रदेश के हजारों युवा बने उद्यमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक स्टार्टअप नए सत्र में ढाई गुना लक्ष्य
- फूड, डिजिटल, ट्रेनिंग और सर्विस सेक्टर में युवाओं का रुझान

**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ सरकार की 'सीएम युवा' पहल ने प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए इनोवेशन यानी नवाचार आधारित कारोबार को नई गति दी है। अब युवा नौकरी तलाशने के बजाय खुद रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, कुल स्थापित उद्यमों में करीब 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित हैं, जिसे चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। 'सीएम युवा' योजना के तहत युवाओं को न केवल वित्तीय सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें बाजार, तकनीक और बिजनेस मॉडल की समझ भी दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने 2133 इनोवेटिव उद्यमों को वित्तपोषित कर सबसे आगे स्थान बनाया है। इसके अलावा एसबीआई (1549), बीओबी (1170), पीएनबी (1018) समेत अन्य बैंकों ने भी बड़े पैमाने पर ऋण देकर युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने में मदद की है।

### नए सेक्टरों में बढ़ा भरोसा, बदल रही सोच

प्रदेश में स्टार्टअप का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। फूड और रेस्टोरेंट सेक्टर में सर्वाधिक 763 उद्यम स्थापित होना इस बदलाव का बड़ा संकेत है। इसके अलावा कंप्यूटर ट्रेनिंग (370), पैथोलॉजी सैंपलिंग (260), फास्ट फूड (253), फ्रेंचाइजी मॉडल (253) और ऑनलाइन टीचिंग (189) में भी तेजी देखी जा रही है। जिम, मोबाइल आईटी प्लेटफॉर्म, ट्रैवल एंड टूरिज्म और क्लाउड किचन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी युवाओं की सक्रियता बढ़ी है।

### जिलों में प्रतिस्पर्धा, लखनऊ सबसे आगे

जनपदवार आंकड़ों में राजधानी लखनऊ 287 इनोवेटिव उद्यमों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद आजमगढ़ (286) और हरदोई (262) दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। जौनपुर, अंबेडकर नगर, कानपुर, वाराणसी और रायबरेली जैसे जिले भी तेजी से इस दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं।

### सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समयबद्ध पेंशन देने की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर पर स्पष्ट किया गया है कि पेंशन मामलों में देरी या त्रुटि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी और सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सरकार का फोकस इस बात पर है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को अपने ही हक के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन स्वीकृति, भुगतान और अन्य देयकों की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए।

# विवाद के बाद यूपी लौटे आईएएस अनुराग यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र, कार्रवाई संभव
- वर्चुअल बैठक में सीईसी से बहस के बाद पर्यवेक्षक पद से हटाए गए



अनुराग यादव

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विवादों में आए यूपी कैडर के वरिष्ठ आईएएस अनुराग यादव को चुनाव आयोग ने वापस बुला लिया है। वह लखनऊ लौट आए हैं और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें आगे की कार्रवाई का संकेत दिया गया है। हालांकि, इस पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अनुराग यादव को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक के दौरान उनसे क्षेत्र के पोलिंग बूथ की संख्या पूछी गई, जिसका वह तुरंत सटीक जवाब नहीं दे पाए।

इसी दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त से उनकी तीखी बहस हो गई। बताया जाता है कि उन्होंने बैठक में आपत्ति जताते हुए कहा कि "आप इस तरह बात नहीं कर सकते", जिसके बाद मामला और बढ़ गया। घटना के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें पर्यवेक्षक पद से हटाते हुए तत्काल वापस लौटने के निर्देश दिए। अनुराग यादव प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में इस मामले की व्यापक चर्चा है।



अगर आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसे जाने दें।

–खलील जिब्रान, दार्शनिक

## महज रणनीतिक विराम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्ध विराम पहली नजर में राहत देता है, परंतु इसके भीतर अस्थिरता की गहरी परतें छिपी हैं। सवाल यह नहीं कि युद्ध रुका है, बल्कि यह है कि क्या वास्तव में शांति की कोई ठोस जमीन तैयार हुई है। सबसे पहली बाधा भरोसे की है। डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बदलते बयानों ने वार्ता की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। जब एक पक्ष 'पूर्ण विनाश' की भाषा बोलता है और साथ ही वार्ता की भी बात करता है, तो कूटनीतिक प्रक्रिया पर स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसे में यह मान लेना कठिन है कि अमेरिका ईरान की सभी शर्तों को स्वीकार करेगा—विशेषकर सैन्य उपस्थिति, प्रतिबंधों और परमाणु कार्यक्रम जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। जमीनी स्थिति भी शांति के अनुकूल नहीं है।

संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ईरान के अस्फहान और लबान द्वीप पर हमले इस संघर्ष के विस्तार का संकेत हैं। यदि क्षेत्रीय देश सीधे युद्ध में शामिल होते हैं, तो यह संघर्ष बहु-ध्रुवीय हो जाएगा, जिससे किसी भी युद्धविराम की प्रासंगिकता कम हो जाती है। इसी तरह इजराइल द्वारा लेबनान में कार्रवाई और उसके जवाब में ईरान की नाराजगी तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने जैसे कदम स्थिति को और जटिल बनाते हैं। इस परिदृश्य में चीन की भूमिका निर्णायक बनती दिख रही है। ईरान द्वारा उसके कहने पर युद्धविराम स्वीकार करना इस बात का साफ संकेत है कि वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। अमेरिका के लिए यह स्वीकार करना आसान नहीं होगा कि उसका पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र अब किसी अन्य शक्ति के हस्तक्षेप से संचालित हो। सैन्य दृष्टि से भी स्थिति अस्थिर है। ईरान के पास अभी भी पर्याप्त मिसाइल क्षमता और लांचर मौजूद हैं, जिससे वह वार्ता की मेज पर आत्मविश्वास के साथ बैठ सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका द्वारा 14 दिनों के बाद और भीषण हमलों की संभावित योजना का संकेत इस युद्धविराम को 'सशर्त विराम' बना देता है, जहां शांति असफल होते ही संघर्ष और तीव्र हो सकता है। जब तक गाजा और लेबनान में हमले जारी हैं, तब तक पूरे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की कल्पना अधूरी है। क्षेत्रीय संघर्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं; एक मोर्चे पर शांति और दूसरे पर युद्ध लंबे समय तक साथ नहीं चल सकते। कूटनीतिक स्तर पर भी समाधान कठिन है। न तो ईरान होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ेगा न अमेरिका अपने सैन्य ठिकानों को हटाएगा। ईरान द्वारा परमाणु कार्यक्रम रोकना और इजराइल द्वारा स्थायी युद्ध बंदी की सहमति भी कठिन है।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सीधे इस क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ी है, इसलिए भारत को संतुलित कूटनीति के साथ-साथ शांति प्रयासों का समर्थन करना होगा। कुल मिलाकर यह दो सप्ताह का युद्धविराम ज्यादा से ज्यादा 'रणनीतिक विराम' प्रतीत होता है, न कि स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम। यदि मूल मुद्दों—सुरक्षा, प्रभुत्व और विश्वास का समाधान नहीं हुआ, तो यह शांति अस्थायी ही साबित होगी और क्षेत्र एक बार फिर संघर्ष की आग में झुलस सकता है।

### प्रसंगवश

## विकास और भीड़ के शोर में गुम मानवता

आदिमानव भोजन और आश्रय की तलाश में जंगलों की खाक छानते और कंदराओं में शरण लेते थे। समय बदला और भटकते हुए वही कदम आज आधुनिक महानगरों की कंक्रीट की गगनचुंबी इमारतों की दहलीज तक पहुंच चुके हैं। यदि विकास की इस लंबी और थका देने वाली यात्रा का हम संजीदगी से विश्लेषण करें, तो यह केवल प्रगति का पथ नहीं दिखता। यह मनुष्य की एक ऐसी बौद्धिक 'शरारत' भी प्रतीत होती है, जिसने अपनी अंतहीन आवश्यकताओं की आड़ में पूरी प्रकृति और दुनिया का मौलिक स्वरूप ही बदल डाला है।

प्रारंभिक दौर में मनुष्य की बुद्धि में जो इज़ाफ़ा हुआ, उसने उसे अस्तित्व की लड़ाई जीतने और प्रकृति की प्रतिकूलताओं से लड़ने की प्रेरणा दी। पहिए के आविष्कार से लेकर आग के नियंत्रण तक, सब कुछ मनुष्य की जिजीविषा का प्रमाण था, किंतु जैसे-जैसे विकास का पहिया तेज घूमा, मनुष्य को सुविधा और सत्ता का एक ऐसा घातक चस्का लग गया, जिसे छोड़ना अब उसके वश में नहीं रहा। परिवर्तन की यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म और मंथर थी कि हमें यह बिल्कुल सामान्य लगने लगी। एक पीढ़ी ने अपनी बुद्धि से सुख-सुविधाओं के जो आलीशान तामझाम खड़े किए, अगली पीढ़ी के लिए वही 'अनिवार्य परंपरा' बन गए।



पवन साहू

विधि छात्र

इसी अंधानुकरण ने गांवों को कस्बों में और शहरों को उन मशीनी महानगरों में तब्दील कर दिया, जहां आज मानवता भीड़ के शोर में कहीं खो गई है। विकास का प्रकाश तो चारों ओर फैला, लेकिन इसी चकाचौंध के पीछे इंसानियत धर्मों, जातियों, संकीर्ण भाषाओं और कृत्रिम सीमाओं के अंधेरे में बंट गई। आदिमानव से आधुनिक मानव बनने के इस सफर में एक बहुत ही सूक्ष्म और खतरनाक मनोवैज्ञानिक 'शरारत' ने जन्म लिया सुरक्षा का भय। यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है कि आखिर मनुष्य को यह सुरक्षा किससे चाहिए? इसका जो कड़वा सत्य उभर कर आया, वह यह था कि मनुष्य को सबसे बड़ा खतरा स्वयं मनुष्य से ही है।

यही वह निर्णायक मोड़ था, जहां से सुरक्षा की आड़ में किए गए आविष्कारों का रुख सृजन से हटकर सर्वनाश की ओर मुड़ गया। सुरक्षा की मृगतृष्णा में भटकते मनुष्य ने पहले आत्मरक्षा के नाम पर पत्थर के औजार बनाए, फिर गोले-बारूद और अंततः घातक बंदूकें व विशाल तोपें ईजाद कीं। जब इतने से भी असुरक्षा का बोध कम नहीं हुआ, तो उसने मिसाइलें, रासायनिक हथियार और परमाणु ऊर्जा जैसी प्रलयंकारी शक्तियां हासिल कर लीं। विडंबना देखिए कि आज विश्व के तमाम राष्ट्र अपनी गाढ़ी कमाई और प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा केवल इन्हीं विनाशकारी हथियारों के निर्माण और रखरखाव पर स्वाहा कर रहे हैं। जिस धन से गरीबी और बीमारी मिट सकती थी, उससे मौत का सामान खरीदा जा रहा है।

आज वैश्विक स्थिति यह है कि विकास का जो चमकीला मुखौटा हमने पहन रखा है, वह असल में पूरी मानव जाति के लिए अस्तित्व का संकट बन चुका है। विडंबना यह है कि जिसके पास जितने ज्यादा घातक हथियार हैं, वह सुरक्षित होने के बजाय एक 'विनाशकारी अहंकार' से भर गया है। यह अहंकार मनुष्य को मनुष्य के खिलाफ युद्ध के मैदान में खड़ा कर देता है। राष्ट्रवाद की संकीर्ण परिभाषाओं और सीमाओं के जटिल जाल में हम इस कदर उलझ गए हैं कि हमें सामने वाला व्यक्ति 'इंसान' नहीं, बल्कि केवल एक नंबर या 'दुश्मन' नजर आता है। यदि सुरक्षा के नाम पर हम अपनों का ही रक्त बहाने को तत्पर हैं, तो ऐसी सुरक्षा व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकना ही उचित है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पुलिसकर्मियों को सजाए मौत तंत्र के लिए बड़ी चेतावनी





विवेक सक्सेना

अयोध्या

तमिलनाडु के सथानकुलम कस्टोडियल किलिंग मामले में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा न केवल एक ऐतिहासिक फैसला है, बल्कि यह देश के कानून प्रवर्तन तंत्र के लिए एक कड़ी चेतावनी भी है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है। दोनों के साथ पुलिस स्टेशन के भीतर जो बर्बरता की गई थी, उसने मानवता को शर्मसार कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार कोविड काल के दौरान तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के सथानकुलम में 19 जून 2020 को पुलिस ने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखने के आरोप में व्यापारी पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स को निर्धारित समय से अधिक समय तक मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया था।

बाद में यह आरोप झूठा साबित हुआ। दोनों को थाने ले जाया गया, जहां परिजनों के मुताबिक उनके साथ पूरी रात बुरी तरह मारपीट की गई। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया, लेकिन 22 जून की रात बेनिक्स की और अगले दिन सुबह जयराज की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और जांच पहले राज्य की सीबी-सीआईडी को और बाद में सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगे और कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

करीब छह साल बाद मदुरै की अदालत (मद्रास हाईकोर्ट) ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' (दुर्लभतम) मामला मानते हुए छह अप्रैल 2026 को नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा दी है। कोर्ट ने माना कि दोनों को हिरासत में सुनियोजित (सोच-समझकर) तरीके से टॉर्चर किया गया था, इसलिए सख्त सजा जरूरी है। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल की गवाही अहम रही, जिसने बताया कि थाने में रातभर पिटाई हुई थी और वहां खून के निशान भी थे, हालांकि थाने का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया, जिससे कुछ सबूत नहीं मिल सके।

अदालत ने यह भी कहा कि यह मामला सत्ता के गलत इस्तेमाल का गंभीर उदाहरण है, लेकिन इससे पूरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे ऐसा मामला बताया, जिसने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया और साफ तौर पर सत्ता के गलत इस्तेमाल को दिखाता है। कोर्ट ने यह भी माना कि राज्य में कई ईमानदार पुलिसकर्मी भी हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों में सिर्फ उम्रकैद जैसी सजा से पुलिस के भीतर जरूरी डर नहीं बनेगा।

अदालत ने इस मामले में इंस्पेक्टर श्रीधर समेत नौ दोषियों को बेहद सख्त सजा सुनाई है। सभी को 'डबल डेथ सेंटेंस' यानी दो बार फांसी की सजा दी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में एक साल से लेकर सात साल तक की जेल और कुल मिलाकर करीब 76.38 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताया। उन्होंने सजा सुनाते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है, जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी, लेकिन अपराध पुलिस ने किया है, इसलिए साधारण सजा नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि यह हिरासत में हिंसा का स्पष्ट उदाहरण है।

यह फैसला एक गहरी व्यवस्थागत समस्या को रेखांकित करता है। भारत में हिरासत में होने वाली मौतें कोई नई बात नहीं हैं; प्रतिवर्ष सैकड़ों मौतें होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार के निर्देशों के बावजूद पुलिस बर्बरता जारी है, जो दर्शाता है कि पुलिस सुधार केवल कागजों पर हो रहे हैं। यह फैसला पुलिस प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। जो कानून के रक्षकों द्वारा भक्षक बनने पर कड़ी प्रतिक्रिया है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि वर्दी का मतलब कानून से ऊपर होना नहीं है। जब कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ते हैं, तो यह सीधे तौर पर संवैधानिक मूल्यों और मानवाधिकारों पर हमला है।

यह फैसला पुलिस विभाग के लिए एक चेतावनी है। सवाल यह है कि क्या पुलिस का काम लोगों की रक्षा करना है या उन्हें प्रताड़ित करना? कोविड नियमों के उल्लंघन के झूठे आरोप में निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटकर मार डालना, वर्दी के अहंकार की पराकाष्ठा है। इस तरह की घटनाएं जनता और पुलिस के बीच भरोसे को खत्म करती हैं, हालांकि कुछ लोग मौत की सजा के खिलाफ हैं और इसे 'मानवीय' नहीं मानते, लेकिन जब पुलिस की बर्बरता की सीमा पार हो जाती है, तो ऐसे मामलों में सख्त सजा ही एकमात्र रास्ता बचती है। जैसा कि पीड़ित परिवारों ने कहा, 'हमारे जैसा दर्द कोई दूसरा न झेले'। यह फैसला निश्चित रूप से पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगाएगा और भविष्य में कस्टोडियल टॉर्चर को कम करने में मदद करेगा।

सथानकुलम मामला एक काले अध्याय की तरह याद रखा जाएगा, लेकिन इसका फैसला न्यायपालिका की सर्वोच्चता और कानून के शासन में जनता के भरोसे को बहाल करने का काम करता है। अब समय आ गया है कि पुलिस को एक 'बल' से 'सेवा' में बदलने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि दोबारा किसी 'जयराज' या 'बेनिक्स' को अपनी जान न गंवानी पड़े। सजा-ए-मौत से डर तो पैदा होगा, लेकिन असली न्याय तभी होगा जब पुलिस हिरासत में किसी की मौत की कल्पना भी न की जा सके। यह ऐतिहासिक फैसला न्याय की जीत है। अब जिम्मेदारी है कि निचली अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालयों में भी कायम रखा जाए और मामले को जल्द से जल्द तार्किक अंत तक पहुंचाया जाए।

> मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई मौत की सजा ऐतिहासिक फैसला है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है।

### आमने सामने



ईरान अब शांति चाहता है और बाकी दुनिया भी यही चाहती है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े दबाव को संभालने में मदद करेगा और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अमेरिका अपने ज्यादातर सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है और अब स्थायी शांति के लिए बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी।

–डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

ईरान पर हमले बंद रहते हैं, तो हमारी सेना भी कार्रवाई रोक देगी। अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से जारी रहेगी। यह युद्ध विराम बातचीत का रास्ता खोलने के लिए है और आने वाले समय में इसे स्थायी समझौते में बदला जा सकता है।

-अब्बास अराघची
विदेश मंत्री, ईरान



# नल में जल बनाम कागजों पर राहत



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

भारत दुनिया की लगभग 18% आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी का केवल 4% हिस्सा ही उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। भारत जब आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है, तब एक बुनियादी सवाल देश के विकास के दावों को चुनौती दे रहा है- क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं?

इस साल के एक फरवरी 2026 को पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है। जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया। 2025-26 के बीच भारत के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी ने जो तांडव मचाया है, वह किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए शर्मसार करने वाला है। दिसंबर 25 से जनवरी 26 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 की मौत हो गई।

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त है, वहां की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए। ये घटनाएं केवल मानसून की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक 'सदाबहार शहरी संकट' बन चुका है।

अगस्त 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 81.5% ग्रामीण घरों (करीब 15.8 करोड़ घर) में नल लग चुके हैं, लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39% ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10% से 30% के बीच है।

इस विफलता के कारणों की सूची लंबी है, लेकिन देश में सर्वाधिक देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60% जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। ठेकेदारी प्रथा और जवाबदेही की कमी के कारण पाइप लाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं। सबसे भयानक है कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है।

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से नीचे गिर गया है। कृषि में 'वाटर गज़लर' फसलों (जैसे धान और गन्ना) के लिए अंधाधुंध पंपिंग ने जलभृतों (एक्वाफर्स) को सुखा दिया है। इन कारणों से पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है । केवल पानी की कमी नहीं है, बल्कि उपलब्ध पानी की गुणवत्ता भी गिर रही है। लगभग 70% सतही जल प्रदूषित है। भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम की बढ़ती मात्रा 'कैंसर बेल्ट' जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है।

गांवों से पलायन व शहरों का अनियोजित विकास, सरकार द्वारा तैयार मूलभूत संरचना पर आवश्यकता से अधिक बोझ ने महानगरों को पानी के लिए कंगाल बना दिया है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइन लीकेज और सीवेज मिक्सिंग एक आम समस्या बन गई है। 2026 की शुरुआत में ही कई शहरों में दूषित पानी के कारण बीमारियां और मौतें दर्ज की गई हैं। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई 'अमृत 2.0' का लक्ष्य शहरों को 'वॉटर सिक्योर' बनाना था, लेकिन संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 25 की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में अभी भी 30-70% पानी 'नॉन-रेवेन्यू वॉटर' के रूप में बर्बाद हो जाता है, जो मुख्य रूप से पाइपलाइनों के रिसाव के कारण होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ देकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है।

### सोशल फोरम

## हीरोइन के कत्ल की दास्तां

मौजूदा पीढ़ी के लोगों को इस बात पर हैरानी हो सकती है कि फिल्म अभिनेत्री प्रिया राजवंश का क़त्ल हुए कोई 26 साल बीत चुके हैं। मुंबई पुलिस इस मामले में अपनी तफ़्तीश पूरी कर चुकी है। निचली अदालत मुक़दमे की सुनवाई पूरी करके दोषियों को सज़ा भी सुना चुकी है, लेकिन मामला अब ऊपरी अदालत में है, और वहां पड़ रही हैं, तारीख़ पर तारीख़... !



पंकज शुक्ला

फिल्म ब्लॉगर

ये क़िस्सा ऐसा है कि जब पहली बार ये सामने आया तो इसने पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री को ही नहीं बल्कि देश-दुनिया को हिलाकर रख दिया। अपने ज़माने की एक बेहद ख़ूबसूरत हसीना अपने बंगले में बेजान पाई गई। पुलिस ने जांचा परखा तो मामला मर्डर का निकला। तफ़्तीश हुई, मुक़दमा चला, जिरह हुई और फिर हुई उम्रक़ैद ऐसे चार लोगों को, जिनमें दो पर इन मोहतरमा की देखरेख की जिम्मेदारी थी और दो थे, इनके पार्टनर के बेटे।

'हीर रांझा', 'हंसते ज़ख्म' जैसी सुपर-डुपर हिट फ़िल्मों की हीरोइन रहीं प्रिया राजवंश का करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन प्रिया राजवंश की ज़िंदगी यूं लगता है कि जैसे किसी जासूसी उपन्यास का क़िस्सा है। उनका जन्म आज के पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम में हुआ। घर वालों ने नाम रखा वीरा सुंदर सिंह। वीरा सुंदर सिंह को प्रिया राजवंश नाम दिया मशहूर निर्माता-निर्देशक चेतन आनंद ने। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद को अपनी फ़िल्म के लिए एक नई हीरोइन की तलाश थी। उन्होंने वीरा को अपनी फ़िल्म 'हक़ीक़त' के लिए साइन कर लिया।

चेतन का प्रिया के साथ बहुत गहरा रिश्ता रहा। प्रिया ने अपनी सभी फ़िल्में चेतन आनंद के निर्देशन में ही कीं। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद ने कभी शादी तो नहीं की, लेकिन ये दोनों साथ ही रहते थे। चेतन अपनी पत्नी उमा से अलग हो गए थे। चेतन, प्रिया से लगभग 20 साल बड़े थे। 1997 में चेतन के गुज़र जाने के बाद प्रिया पूरी तरह टूट चुकी थीं। 27 मार्च 2000 को चेतन के जुहू बंगले में प्रिया का शव पाया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक़, उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने उनकी हत्या के जुर्म में चेतन के बेटे केतन और विवेक आनंद को दो नौकरों माला चौधरी और अशोक चिन्नास्वामी के साथ गिरफ्तार भी किया। प्रिया की हत्या की वजह चेतन की वसीयत बताई गई। प्रिया के लिखे नोट्स और पत्रों को अदालत में सबूत के तौर पर पेश किया गया। इसके बाद चारों दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। बाद में सभी हत्याभियुक्तों को ज़मानत मिल गई और मामला फिर से वहीं का वहीं रह गया। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## भेदभावपूर्ण समाज को जन्म देता है दोहरा दृष्टिकोण

भारत के शहरों में अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से इस पर कार्रवाई की जाती है, वह एक बड़े सामाजिक और प्रशासनिक असंतुलन की ओर इशारा करती है। हर कुछ दिनों में खबरें आती है कि कहीं झुग्गियां तोड़ी गईं, कहीं रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया, कहीं फुटपाथ खाली कराए गए। यह सब कानून के दायरे में उचित भी हो सकता है, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी शहर के सुव्यवस्थित विकास में बाधा बनता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या अतिक्रमण केवल उन्हीं तक सीमित है, जिनकी आवाज़ सबसे कमजोर है?

हम ईमानदारी से अपने शहरों को देखें, तो पाएंगे कि अतिक्रमण का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। बड़े-बड़े मॉल और कॉम्प्लेक्स अपने पार्किंग क्षेत्र से बाहर सड़कों तक वाहनों की कतारें फैला देते हैं। अस्पतालों के बाहर एंबुलेंस और निजी वाहनों का ऐसा जमावड़ा होता है कि सड़कें संकरी पड़ जाती हैं। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती, लेकिन इन पर कार्रवाई या तो बहुत कम होती है या फिर केवल दिखावे के लिए की जाती है। जब बात रेहड़ी-पटरी वालों या झोपड़ियों की आती है, तो कार्रवाई तेज, सख्त और अक्सर निर्दयी हो जाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

शिक्षक

यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के भीतर मौजूद वर्गीय असमानता को भी उजागर करती है। कानून का उद्देश्य सभी के लिए समान होना चाहिए, लेकिन व्यवहार में यह अक्सर कमजोरों पर ही अधिक कठोरता से लागू होता है। जब गरीब की झोपड़ी तोड़ी जाती है, तो वह केवल एक ढांचा नहीं टूटता, बल्कि उसके जीवनयापन का आधार भी छिन जाता है। वहीं, जब किसी बड़े प्रतिष्ठान द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जाता है, तो उसे 'व्यवसायिक आवश्यकता' या 'सुविधा' के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अतिक्रमण के इस असमान दृष्टिकोण का एक और पहलू प्रशासनिक लापरवाही भी है। शहरों की सड़कों के बीचोंबीच खड़े बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ये न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होते हैं। इसके बावजूद इन्हें हटाने या व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यह एक ऐसा अतिक्रमण है, जो स्वयं व्यवस्था द्वारा किया गया है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी तय करने से बचा जाता है।

शहरों के सेक्टरों और कॉलोनियों में लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना भी आम है। जाली और फेंसिंग लगाकर पार्कों, गलियों और खाली स्थानों को निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया जाता है। यह धीरे-धीरे एक सामान्य प्रथा बन जाती है, क्योंकि इस पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं होती। परिणामस्वरूप, शहरों का नियोजित ढांचा बिगड़ता जाता है और सार्वजनिक स्थान सिमटते जाते हैं।

शहरी यातायात की समस्या को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि केवल अतिक्रमण हटाने से समाधान नहीं निकलेगा। बुनियादी ढांचे में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर यदि हर चौराहे पर लेफ्ट टर्न के लिए स्लिप रोड बनाई जाए, तो यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। इसी तरह, उचित पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथों का विकास और ट्रैफिक प्रबंधन के आधुनिक उपाय भी जरूरी हैं, लेकिन इन दीर्घकालिक समाधानों पर ध्यान देने के बजाय अक्सर तात्कालिक और दृश्यात्मक कार्रवाइयों को प्राथमिकता दी जाती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# ऐसे हुआ रिवाल्वर का आविष्कार

रिवाल्वर के आविष्कार की कहानी आधुनिक हथियारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जाती है। 19 वीं सदी से पहले आग्नेयास्त्रों में एक बड़ी समस्या यह थी कि हर बार गोली चलाने के बाद उन्हें फिर से लोड करना पड़ता था, जिससे समय लगता था और युद्ध के दौरान यह असुविधाजनक होता था।

इस समस्या का समाधान सैमुएल कोल्ट ने निकाला। उन्होंने 1830 के दशक में रिवाल्वर का डिजाइन तैयार किया, जिसमें एक घूर्णनशील सिलेंडर (cylinder) होता था। इस सिलेंडर में कई गोलियां एक साथ भरी जा सकती थीं, जिससे बिना बार-बार लोड किए लगातार फायर करना संभव हो गया। 1836 में उन्हें अपने इस आविष्कार का पेटेंट मिला और यही आधुनिक रिवाल्वर की शुरुआत थी। कहा जाता है कि सैमुअल कोल्ट को यह विचार एक जहाज यात्रा के दौरान आया, जब उन्होंने जहाज के पहिए (wheel) की घूर्णन प्रणाली को देखा। उसी सिद्धांत को उन्होंने हथियार में लागू किया। उनका बनाया रिवाल्वर जल्द ही लोकप्रिय हो गया, खासकर सेना और कानून-व्यवस्था से जुड़े लोगों के बीच।

समय के साथ रिवाल्वर में कई सुधार हुए, जैसे बेहतर मैकेनिज्म, अधिक सुरक्षित डिजाइन और शक्तिशाली कारतूस। यह हथियार अमेरिका के "वाइल्ड वेस्ट" दौर का प्रतीक भी बन गया और कई ऐतिहासिक घटनाओं में इसका उपयोग हुआ। इस प्रकार, रिवाल्वर का आविष्कार न केवल तकनीकी नवाचार था, बल्कि इसने युद्ध और सुरक्षा के तरीकों को भी पूरी तरह बदल दिया।

### वैज्ञानिक के बारे में



सैमुअल कोल्ट का जन्म 19 जुलाई 1814 को हार्टफोर्ड में हुआ था। बचपन से ही उनमें आविष्कार की गहरी रुचि थी और वे रसायन तथा यांत्रिकी के प्रयोगों में लगे रहते थे। कोल्ट का निजी जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। शुरुआती असफलताओं और आर्थिक संकटों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। 1856 में उन्होंने Elizabeth Jarvis Colt से विवाह किया, जो उनके जीवन में स्थिरता लेकर आईं। दंपति के कई बच्चे हुए, हालांकि अधिकांश शैशव अवस्था में ही गुजर गए, जो उनके जीवन का दुखद पक्ष था। अपने जीवनकाल में कोल्ट एक सफल उद्योगपति बने और उन्होंने समाजसेवा में भी योगदान दिया। 1862 में मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन वे अपने आविष्कारों के कारण आज भी याद किए जाते हैं।



# निकोबारी मैगापोड

## विकास में विलुप्त होती विरासत



प्रकृति की प्रयोगशाला का वह बेजोड़ पक्षी, जो अपनी चोंच से घोंसले की तपिश मापता है और अंडों को सेने के लिए देह की गर्मी नहीं, बल्कि वनस्पतियों की जैविक ऊर्जा का उपयोग करता है। कभी सुनामी के संकट से तो कभी 'विकास' की दौड़ से, कैसे अपनी ही जमीन पर बेगाना-सा हो रहा है निकोबारी मेगापोड? 2026 के नवीनतम शोध में मात्र 4.5 प्रतिशत रह गए पर्यावास में अस्तित्व की आखिरी जंग लड़ती इस दुर्लभ विरासत की विशेष पड़ताल।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

कल्पना कीजिए एक ऐसे पक्षी की जिसे किसी द्वीप के तटवर्ती जिले ने अपनी लोकतांत्रिक पहचान चुनाव शुभंकर के रूप में चुना हो, ताकि मतदाता जागरूक हों और मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके, लेकिन विडंबना यह है कि जिस जीव को हमने लोकतंत्र का प्रतीक बनाया उसका अपना अस्तित्व ही आज विकास और विनाश के बीच झूल रहा है। यह कहानी है अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के एक अनोखे, शर्मीले लेकिन अद्भुत इंजीनियर निकोबारी मेगापोड की इसे 2024 के लोकसभा चुनावों में निकोबार के लिए चुनावी शुभंकर बनाया गया था।

### प्राकृतिक हीटर और मिट्टी के महल

'मेगापोड' का अर्थ है – बड़े पैरों वाला, लेकिन इसकी असली पहचान इसके पैर नहीं, बल्कि असाधारण इंजीनियरिंग क्षमता है। यह पक्षी अन्य पक्षियों की तरह अंडों को सेने के लिए उन पर नहीं बैठता। एक जोड़ा मिलकर लगभग 4 से 5 मीटर व्यास और 2 मीटर तक ऊंचे टीले का निर्माण करता है, जो रेत, मिट्टी और सूखी पत्तियों का एक विशाल टीला होता है। सूखी पत्तियों के अपघटन (सड़ने) से उत्पन्न ऊष्मा ही इसके अंडों को सेने का काम करती है। यह व्यवहार इसे दुनिया के अन्य पक्षियों से बिल्कुल अलग और विशेष बनाता है। निकोबार के आदिवासी इसे 'कुआउ' के नाम से भी पुकारते हैं। इसका टीलेनुमा घोंसला ही एक तरह का प्राकृतिक इनक्यूबेटर है। अंडों के विकास के लिए टीले के अंदर का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच होना आवश्यक है। जरा-सी भी ऊंच-नीच अंडों को नष्ट कर सकती है। यहां नर मेगापोड दिन में कई बार अपनी चोंच को टीले की गहराई में डालकर तापमान की जांच करता है। उसकी चोंच में मौजूद तंत्रिकाएं एक डिजिटल थर्मामीटर से भी अधिक सटीक होती हैं। तापमान बढ़ने पर वह टीले की ऊपरी परत हटाकर गर्मी बाहर निकाल देता है। तापमान कम होने पर अधिक गीली पत्तियां और मिट्टी ऊपर चढ़ा देता है। तापमान का यह संतुलन बनाए रखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### 2026 का वैज्ञानिक सच

- वन्यजीव संस्थान के 2026 के नवीनतम शोध इस पक्षी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी देते हैं:
- **सीमित आवास:** निकोबार द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4.5 प्रतिशत (लगभग 79.30 वर्ग किमी) क्षेत्र ही इसके पर्यावास के लिए उपयुक्त बचा है।
- **समुद्र पर निर्भरता:** इसके 97 प्रतिशत घोंसले (टीले) समुद्र तट से मात्र 100 मीटर के भीतर पाए जाते हैं।
- **मुख्य आश्रय:** ग्रेट निकोबार द्वीप इसका सबसे बड़ा गढ़ है, जहां लगभग 31.39 वर्ग किमी उपयुक्त क्षेत्र मौजूद है। ये आंकड़े इस ओर संकेत देते हैं कि इसका अस्तित्व एक बेहद संकीर्ण भौगोलिक दायरे में सिमट चुका है।

### सुनामी की मार और विकास का दबाव



2004 की विनाशकारी सुनामी ने इस पक्षी प्रजाति को गहरा आघात पहुंचाया, जिससे इसकी आबादी में 71 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। हालांकि प्रकृति के इस प्रहार से उबरने की कोशिशें जारी थीं, लेकिन अब मानव-निर्मित विकास परियोजनाएं ही इसके लिए एक नए संकट के रूप में सामने आई हैं। पत्रिका फ्रंटलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित निर्माण कार्यों के चलते इस पक्षी के लगभग 80 प्रतिशत प्रजनन स्थल खतरे में हैं। इसके अलावा, द्वीपों पर मनुष्यों द्वारा पाले गए कुत्तों, बिल्लियों और सूअरों ने इनके अंडों और चूजों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सड़क निर्माण और तटीय विकास के कारण इनके प्राकृतिक आवास सिमटते जा रहे हैं। मानवीय हस्तक्षेप का इतना व्यापक असर हो रहा है कि यह पक्षी कार निकोबार और चौरा द्वीप जैसे क्षेत्रों से लगभग विलुप्त हो चुका है।

### सुपर-कमांडो चूजों की अद्भुत आत्मनिर्भरता

मेगापोड के चूजे पक्षी जगत में जिजीविषा के अनोखे जीव माने जाते हैं। अंडे से निकलने के बाद वे टीले की गहराई में दबे होते हैं और उन्हें बाहर निकलने के लिए स्वयं ही रास्ता खोदना पड़ता है। ये 'सुपर-प्रिकॉशियल' होते हैं अर्थात जन्म के तुरंत बाद पूरी तरह आत्मनिर्भर। इन्हें न तो माता-पिता की देखरेख की जरूरत होती है और न ही ही किसी शिक्षण-प्रशिक्षण की। ये चूजे 24 घंटे के भीतर उड़ने और भोजन खोजने में सक्षम हो जाते हैं।

### नीति के साथ ही नीयत भी

यह पक्षी हमें सिखाता है कि प्रकृति में ऊर्जा के कैसे-कैसे स्रोत छिपे हैं। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता इकोसिस्टम है। इसके द्वारा बनाए गए टीलों का उपयोग अक्सर अन्य जीव भी अपने लाभ के लिए करते हैं। इसे बचाना केवल एक प्रजाति को बचाना नहीं, बल्कि निकोबार की प्राचीन प्राकृतिक विरासत को बचाना है। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि द्वीपों की पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। सरकार ने इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत उच्चतम सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन इसकी संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए इसकी कागजी सुरक्षा पर्याप्त नहीं है। इसका वास्तविक संरक्षण तभी संभव है, जब विकास योजनाओं में पारिस्थितिक संवेदनशीलता को केंद्र में रखा जाए और स्थानीय जैव-विविधता को प्राथमिकता दी जाए।

### लोकतंत्र की असली परीक्षा

आज विकास का एक ऐसा मॉडल चुना जाना चाहिए, जिसमें प्रकृति और प्रगति साथ-साथ चल सकें। यदि हम इस 'चुनावी शुभंकर' को बचाने में सफल होते हैं, तो यह केवल एक प्रजाति का संरक्षण नहीं, बल्कि यह हमारी वैज्ञानिक समझ, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक परिपक्वता की सच्ची और सार्थक जीत होगी।

वाइल्ड लाइफ



# तराई की समृद्ध जैव विविधता: एक उभरता वैश्विक केंद्र

उत्तर भारत का तराई क्षेत्र देश के सबसे जीवंत वन्यजीव परिदृश्यों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहा है। अपने घने जंगलों, विशाल घास के मैदानों और समृद्ध नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क जैसे गंतव्य अब दुनियाभर के वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। इस बढ़ती पहचान का एक बड़ा श्रेय वन्यजीव फोटोग्राफर अनूप रोहेरा द्वारा उनके प्लेटफॉर्म @UnWildIndia के माध्यम से की जा रही जमीनी स्तर की निरंतर 'स्टोरीटेलिंग' (किस्सागोई) को जाता है। वर्षों से उनके काम ने तराई की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को उजागर किया है, जिससे स्विट्जरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को इन परिदृश्यों को देखने के लिए आने में मदद मिली है। उनके दृश्यात्मक वृत्तांतों ने तराई को वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



अनूप रोहेरा
वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर

भारत के भीतर भी इस क्षेत्र के प्रति रुचि में भारी उछाल देखा गया है। देशभर के वन्यजीव फोटोग्राफर और प्रकृति प्रेमी यहां की यात्राओं की योजना बना रहे हैं। प्रामाणिक और सूचनात्मक डिजिटल कंटेंट के प्रभाव ने जिम्मेदार पर्यटन और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित किया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा टाइगर रिजर्व, किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य और कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से 'अनवाइल्ड इंडिया' (UnWild India) द्वारा बनाई गई वन्यजीव फिल्मों और दृश्यात्मक कहानियों को व्यापक लोकप्रियता मिल रही है। ये परिदृश्य, जो कभी कम जाने जाते थे, अब अपनी अविश्वसनीय जैव विविधता के लिए पहचाने जाते हैं, जिनमें बाघ, तेंदुए, गैंडे, सुस्त भालू (स्लॉथ बीयर), हाथी और सैकड़ों प्रवासी पक्षी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संरक्षण के निरंतर कार्यों ने इस विकास को और मजबूती दी है। इन साझा प्रयासों ने बाघों की आबादी बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में योगदान दिया है। आज, तराई इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे कहानी सुनाने की कला (स्टोरीटेलिंग), संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन मिलकर किसी क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बदल सकते हैं।

# लाल ग्रह की रेत में दफन प्राचीन तूफान का रहस्य

लगभग तीन अरब वर्ष पहले का मंगल आज के निर्जन, ठंडे और शुष्क ग्रह से बिल्कुल अलग रहा होगा। वैज्ञानिकों को मिले ताजा प्रमाण इस ओर इशारा करते हैं कि उस समय वहां का वातावरण कहीं अधिक सक्रिय और गतिशील था। एक शक्तिशाली रेत-तूफान के निशान अब भी मंगल की चट्टानों में सुरक्षित हैं, जिन्हें हाल ही में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने खोजा है। ये खोज न केवल मंगल के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि कभी वहां जीवन के अनुकूल परिस्थितियां मौजूद रही होंगी।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के सेडीमेंटोलोजी (तलछट विज्ञानी) स्टीवन बैनहम के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन ने मंगल की सतह पर मौजूद विशेष प्रकार की लहरदार संरचनाओं, जिन्हें "सुपरक्रिटिकल क्लाइंबिंग रिपल्स" कहा जाता है की पहचान की है। ये संरचनाएं तब बनती हैं, जब तेज गति से बहने वाली हवा या कोई तरल पदार्थ बड़ी मात्रा में रेत या तलछट को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाता है। खास बात यह है कि इन लहरों की परतें एक-दूसरे के ऊपर तीव्र कोण पर चढ़ती हुई दिखाई देती हैं, जो उनके बनने की तीव्रता और निरंतरता को दर्शाती हैं।

क्यूरियोसिटी रोवर ने 2024 के अंत में मंगल के गेल क्रेटर के एक नए क्षेत्र में पहुंचकर इन चट्टानों का अध्ययन किया। हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से ली गई तस्वीरों में लगभग 3.6 अरब वर्ष पुरानी चट्टानों में ये लहरदार पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये लहरें उस समय के एक बड़े और लंबे समय तक चले रेत-तूफान का परिणाम हैं, जो संभवतः कई घंटों तक चला होगा और कमर तक ऊंची रेत को उड़ाकर ले गया होगा।



स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ मैथ्यू लैपोत्रे के अनुसार, इस प्रकार की संरचनाओं का मिलना बेहद दुर्लभ है, खासकर मंगल जैसे ग्रह पर। पृथ्वी पर भी ऐसी संरचनाएं बहुत कम स्थानों पर ही देखने को मिलती हैं, जहां वातावरण और सतही परिस्थितियां विशेष रूप से अनुकूल होती हैं। यही कारण है कि यह खोज वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

आज के मंगल की स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। वहां का वायुमंडल पृथ्वी की तुलना में लगभग 200 गुना पतला है, जिसके कारण रेत के भारी कण हवा में आसानी से नहीं उठ पाते। हालांकि धूल भरी आंधियां आज भी मंगल पर आती हैं, लेकिन वे इतनी शक्तिशाली नहीं होतीं कि इस प्रकार की जटिल संरचनाएं बना सकें। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अतीत में मंगल का वायुमंडल कहीं अधिक घना रहा होगा, जो तेज हवाओं और बड़े पैमाने पर तलछट के परिवहन के लिए उपयुक्त था।

नई वैज्ञानिक जानकारियों के अनुसार, मंगल के प्राचीन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा अधिक रही होगी, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न होकर सतह का तापमान अपेक्षाकृत गर्म बना रहता था। इससे वहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना भी बढ़ जाती है। वास्तव में, गेल क्रेटर में पहले भी प्राचीन झीलों और नदी-नालों के प्रमाण मिल चुके हैं, जो इस सिद्धांत को और मजबूत करते हैं कि मंगल कभी "गीला और गर्म" ग्रह रहा होगा।

इसके अलावा, नासा के पर्सिवरेंस रोवर और ऑर्बिटर मिशनों से भी यह संकेत मिले हैं कि मंगल पर जैविक अणुओं के अवशेष मौजूद हो सकते हैं। हालांकि अभी तक जीवन के प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन इस तरह की खोजें यह दर्शाती हैं कि वहां जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियां कभी मौजूद रही होंगी।

इस प्रकार, क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा खोजी गई ये प्राचीन रेत-लहरें केवल एक भूगर्भीय घटना का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वे मंगल के अतीत की एक जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं। ये हमें यह समझने में मदद करती हैं कि कैसे समय के साथ एक संभावित रूप से रहने योग्य ग्रह आज एक ठंडे और बंजर रेगिस्तान में बदल गया। साथ ही, यह खोज भविष्य में मंगल पर जीवन की संभावनाओं की तलाश के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा भी प्रदान करती है।

# इंसान के भीतर छिपे दूसरे जीवों के जीन का रहस्य

रोचक फैक्ट



मनुष्य स्वयं को पृथ्वी की सबसे विकसित और श्रेष्ठ प्रजाति मानता है, लेकिन आधुनिक आनुवंशिक विज्ञान इस धारणा को एक नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मानव जीनोम पूरी तरह "शुद्ध" नहीं है, बल्कि इसमें लगभग 145 ऐसे जीन पाए गए हैं, जो बैक्टीरिया, कवक, अन्य एककोशिकीय जीवों और यहां तक कि वायरस से आए हैं। यह रोचक तथ्य जीनोम बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में सामने आया है, जिसने विकासवाद की पारंपरिक समझ को चुनौती दी है।

इन जीनों का आदान-प्रदान "क्षैतिज जीन स्थानांतरण" (Horizontal Gene Transfer) नामक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। सामान्यतः हम यह मानते हैं कि जीन माता-पिता से संतानों में ही स्थानांतरित होते हैं, जिसे "ऊर्ध्वाधर जीन स्थानांतरण" कहा जाता है, लेकिन क्षैतिज जीन स्थानांतरण में जीन एक जीव से दूसरे, पूरी तरह भिन्न प्रजाति में भी पहुंच सकते हैं। यह प्रक्रिया विशेष रूप से सूक्ष्मजीवों में सामान्य है, परंतु अब इसके प्रमाण मनुष्यों और अन्य जटिल जीवों में भी मिल रहे हैं।

नए शोधों के अनुसार, ये "विदेशी" जीन मानव शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए कुछ जीन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने, संक्रमणों से लड़ने और पाचन क्रिया को सुचारु रखने में सहायक होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज लगातार विभिन्न सूक्ष्मजीवों के संपर्क में आए, तब यह जीन स्थानांतरण संभव हुआ होगा, जिसने उन्हें नए वातावरण के अनुरूप ढलने में मदद की।

हाल के अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम यानी अरबों सूक्ष्मजीवों का समूह इस जीन आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया न केवल पाचन में मदद करते हैं, बल्कि वे जीन के आदान-प्रदान के माध्यम से हमारे स्वास्थ्य और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इसके अलावा, वायरस भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण "वाहक" के रूप में कार्य करते हैं। वे अपने जीन को मानव कोशिकाओं में सम्मिलित कर सकते हैं, जिससे कभी-कभी नई आनुवंशिक विशेषताएं विकसित हो जाती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मानव जीनोम का एक छोटा हिस्सा प्राचीन वायरसों के अवशेषों से भी बना है, जिन्हें "एंडोजीनस रेट्रोवायरस" कहा जाता है।

इस प्रकार, यह स्पष्ट होता है कि मानव विकास एक सीधी रेखा में नहीं, बल्कि जटिल और परस्पर जुड़े हुए जैविक आदान-प्रदान का परिणाम है। क्षैतिज जीन स्थानांतरण की यह अवधारणा न केवल विकासवाद की हमारी समझ को विस्तृत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जीवन के विभिन्न रूप एक-दूसरे से कितने गहरे जुड़े हुए हैं। मनुष्य की "श्रेष्ठता" का विचार अब एक नई वैज्ञानिक विनम्रता में बदलता दिखाई देता है, जहां हम खुद को प्रकृति की विशाल जैविक श्रृंखला का एक हिस्सा मानने लगते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,631.65 | 23,775.10 |
| गिरावट | 931.25 | 222.25 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 0.93 |

सोना 1,54,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,43,200 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार ,10 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**--तुलसी 2595, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2715, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2395, जय जवान 2125, सचिन 2320, सूरज 2125, अवसर 2100, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2550

**किराना**--निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल (प्रति कु0)**--डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300

**दाल दलहन**--मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**--पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, रोज़ा 4280

# युद्धविराम को लेकर संशय, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से नुकसान में बाजार, ब्रेंट क्रूड हुआ महंगा

**मुंबई, एजेंसी**




पश्चिम एशिया में युद्धविराम या जारी है संग्राम, के असमंजस के बीच भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया। एनएसई निफ्टी भी 222 अंक के नुकसान में रहा।

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।

बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।

लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

संसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल,आईसीआईसीआई बैंक एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15% के लाभ में रहा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.27 प्रतिशत बढ़कर 97.85 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को उल्लेखनीय तेजी रही थी।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,168.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 2,946.32 अंक चढ़कर 77,562.90 अंक पर रहा था जबकि निफ्टी 873.70 अंक के लाभ के साथ 23,997.35 अंक पर बंद हुआ था।

# पश्चिम एशिया से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में भारत सक्षम :विश्व बैंक

## वर्ल्ड बैंक ने जारी की दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर**

भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी।

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करने के एक दिन बाद दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक (समृद्धि) सेबेस्टियन एकार्ट ने कहा कि भारत ने गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से डटी है।

एकार्ट ने कहा कि भारत के पास मजबूत नीतिगत उपाय, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय क्षमता है जिससे जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सकती है। साथ ही यहां मुद्रास्फीति का स्तर कम है और मौजूदा संकट से निपटने के लिए मजबूत लक्ष्य हैं। इस मजबूत वृद्धि गति को यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और नई श्रम नीति जैसी सकारात्मक नीतियों का समर्थन प्राप्त है। ये सभी चीजें निश्चित रूप से मजबूत वृद्धि गति को सुदृढ़ करती हैं एवं समर्थन देती हैं जो अच्छी बात है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हम भारत और इस क्षेत्र को दुनिया के अन्य उभरते बाजारों की तुलना में एक बहुत मजबूत एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद करते हैं। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

## काम की बात

# एआई टूल्स से बनाएं बजट

**कारोबार डेस्क**




आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। अब इसका उपयोग पर्सनल फाइनेंस मैनेजमेंट में भी होने लगा है। खासतौर से युवा एआई आधारित बजटिंग टूल्स का जमकर उपयोग कर रहे हैं। दसअसल ये टूल आपकी कमाई, खर्च और बचत को ट्रैक करके आपको बेहतर तरीके से पैसे संभालने में मदद करते हैं। यदि आप भी बजट बनाने में उलझना नहीं चाहते तो यह जानकारी आपके काम की हो सकती है। हालांकि ये टूल्स काफी उपयोगी होते हैं, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि आपके वित्तीय फैसलों की अंतिम जिम्मेदारी आपकी ही होती है।

### मुख्य बातें

- **स्मार्ट ट्रैकिंग और सलाह**
  एआई टूल्स आपके खर्च करने के पैटर्न को समझते हैं और उसी आधार पर आपको पर्सनलाइज्ड सुझाव देते हैं, जिससे आप अपने पैसे को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकें।
- **ऑटोमेटिड कैटेगरी और अनुमान**
  ये टूल्स अपने आप आपके खर्चों को अलग-अलग कैटेगरी में बांट देते हैं और भविष्य के खर्च का अनुमान भी लगाते हैं, जिससे वित्तीय लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है।
- **हर आय वर्ग को उपयोगी**
  चाहे आपकी आय कम हो या ज्यादा, AI बजटिंग टूल्स हर किसी के लिए मददगार हैं और बेहतर वित्तीय अनुशासन सिखाते हैं।
- **लोकप्रिय एप्स का करें उपयोग**
  आज कई ऐप्स जैसे Rocket Money, Copilot Money, YNAB, Cleo, Buddy और AI की मदद से बजटिंग को आसान बना रहे हैं।
- **सुरक्षा बेहद जरूरी**
  इन टूल्स का इस्तेमाल करते समय अपनी वित्तीय जानकारी की सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (MFA) का उपयोग करना एक सुरक्षित विकल्प है।

### कैसे काम करते हैं एआई बजटिंग टूल्स

- एआई बजटिंग टूल्स आपके बैंक अकाउंट और कार्ड से जुड़कर आपके लेन-देन को ट्रैक करते हैं। ये आपके पिछले खर्चों का विश्लेषण करके बताते हैं कि भविष्य में खर्च कैसा रह सकता है। साथ ही, ये आपको यह भी बताते हैं कि आप अपने जैसे अन्य लोगों की तुलना में कितना खर्च कर रहे हैं।

### मुख्य फायदे

- **रियल टाइम ट्रैकिंग** : हर खर्च पर नजर
- **ऑटोमेटेड कैटेगरी** : खर्चों का वर्गीकरण
- **पर्सनलाइज्ड इनसाइट्स** : खर्च कम करने और बचत बढ़ाने के सुझाव
- **प्रेडिक्टिव एनालिसिस** : भविष्य के खर्च का अनुमान और चेतावनी

- **काम की बात**-एआई टूल्स का उपयोग करते समय अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। इसलिए किसी भी ऐप का उपयोग करने से पहले उसकी प्राइवेसी पॉलिसी और शर्तों को जरूर पढ़ें। भरोसेमंद प्लेटफॉर्म ही चुनें और सुरक्षा फीचर्स को सक्रिय रखें।
- **चेतावनी**-एल्गोरिदम गलतियां कर सकते हैं या संदर्भ को समझने में चूक कर सकते हैं। सुझावों का अंधाधुंध पालन करना हानिकारक हो सकता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### रिलायंस रिटेल बनी दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी स्टार्टअप कंपनी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल दुनिया की सबसे मूल्यवान निजी स्टार्टअप कंपनियों की वैश्विक सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। स्टैनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार, 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन के साथ कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। पहली 100 मूल्यवान स्टार्टअप कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियां शामिल हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 27वें और टाटा ईवी मोबिलिटी नौ अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 93वें स्थान पर है।

# 30 करोड़ आबादी के लिए तैयार हो रहा विकसित यूपी-2047 का रोडमैप

## विजन डाक्यूमेंट में जनसंख्या को केंद्र में रखकर तय हो रहे लक्ष्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **छह ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था और बेहतर जीवन स्तर का लक्ष्य**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार विकसित यूपी-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए करीब 30 करोड़ की आबादी के लिए व्यापक रोडमैप तैयार कर रही है। आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रदेश की जनसंख्या में लगभग पांच करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे ध्यान में रखते हुए विकास की रणनीति बनाई जा रही है।

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026 में प्रदेश की जनसंख्या 25.19 करोड़ रहने का अनुमान है, जो 2031 में बढ़कर 26.65 करोड़, 2046 में 29.84 करोड़ और 2051 में 30.72 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसी आधार पर विजन डाक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, 100 प्रतिशत साक्षरता, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 60 प्रतिशत शहरीकरण और सालाना 100 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने जैसे बड़े लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर में भी लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। 2011 में जहां वृद्धि दर 1.85% थी, वहीं 2021 में यह घटकर 1.70 प्रतिशत हो गई।

2026 से 2051 के बीच इसके और घटकर 0.58% प्रतिवर्ष रहने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि प्रदेश की युवा आबादी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे कौशल, रोजगार और बेहतर सुविधाओं से जोड़कर विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।


### सीएम देंगे रोडमैप को अंतिम रूप: प्रमुख सचिव

नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, सभी लक्ष्यों को भविष्य की जनसंख्या के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री स्तर पर समीक्षा के बाद इस रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# रुपये में तीन पैसे की तेजी, 92.51 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की मामूली तेजी के साथ 92.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने के साथ पश्चिम एशिया के हालात एवं होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों के सतर्क रूख के बीच रुपये में गिरावट आई।

इजराइल के लेबनान पर हमले जारी रखने को लेकर ईरान के वार्ता से बाहर निकलने की धमकी के बीच अनिश्चितता बढ़ गयी है और बाजार 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में आ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.63 के भाव पर खुला। रुपये ने कारोबार के दौरान 92.92 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 92.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# निर्मम तृणमूल कांग्रेस सरकार को बंगाल से हटायें, छह गारंटी का वादा

## देश आगे बढ़ रहा, लेकिन इसने बंगाल को पीछे धकेला : मोदी

हल्दिया (पश्चिम बंगाल), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगर भाजपा विधानसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की जनता को छह गारंटी दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने 'निर्मम' तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने की अपील की जो विकास की राह में 'राज्य को पीछे धकेल रही है'।

पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर तृणमूल कांग्रेस के भय के शासन को भरोसे के शासन में बदला जायेगा, जबकि सभी लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जायेगा।

विकास के मुद्दे पर तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की 'निर्मम सरकार' बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित बंगाल बनाने के लिए जरूरी है कि इस निर्मम सरकार को सत्ता से हटाया जाए।

मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप मछली उत्पादन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में मछली की मांग बहुत अधिक है, फिर भी यह अन्य राज्यों से मछली आयात करता है। पिछले 15 वर्षों में, तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने मछली की आपूर्ति बढ़ाने और मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### मोदी की छह गारंटी

**पहली गारंटी** : भय नहीं भरोसा देंगे।

**दूसरी गारंटी** : लोकसेवकों को कार्यों, नागरिकों के प्रति बनाएंगे जवाबदेह।

**तीसरी गारंटी** : भ्रष्टाचार और महिलाओं के प्रति अपराधों की बंद की गयी फाइलें खोलेंगे।

**चाथी गारंटी** : भ्रष्टाचारी और तृणमूल के गुंडों को भेजेंगे जेल।

**पांचवी गारंटी** : कानूनी शरण लेने वालों को सुविधाएं देंगे और घुसपैठियों को निकालेंगे बाहर।

**छठी गारंटी** : 7वां वेतन आयोग लागू करेंगे।

# मोदी नारी शक्ति पर उपदेश देते हैं, भाजपा बलात्कारियों को माला पहनाती है : सागरिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेता सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिलाओं के अधिकारों के मामले में केवल बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी-शक्ति की बात करते हैं, जबकि उनकी पार्टी लात्कारियों को माला पहनाती है। राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी की पिछली टिप्पणियों की भी आलोचना की, जिसमें 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर की गई उनकी 'दीदी-ओ-दीदी' वाली टिप्पणी भी शामिल है। घोष ने कहा कि मोदी अब नारी शक्ति पर उपदेश दे रहे हैं।

# भाजपा ने सत्ता हथियाने को हटाए 91 लाख नाम : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आपने बंगाल में सत्ता हथियाने के लिए 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन चुनाव हम ही जीतेंगे। उनकी यह टिप्पणी राज्य में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में आई। तृणमूल प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्ला भाषियों को विदेशी बताया जा रहा है और उन्हें घुसपैठिया कहा जा रहा है। उन्होंने चुनाव को जनता के अस्तित्व और बंगाल की पहचान की लड़ाई करार दिया।

## कैमरे की नजर में तीन राज्यों के चुनाव

गुरुवार को असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न हो गया। देखिए कुछ झलकियां।



असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद पत्नी रिंकी भुईयां और बच्चों के साथ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा।



असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए उमड़े लोग।



पुडुचेरी : उपराज्यपाल कुनियिल कैलाशनाथन बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली दिखाते हुए।



**पुडुचेरी** : राज्य में पोलिंग के दिन आदर्श मतदान केन्द्र पर वोटरों का स्वागत रोबोट ने किया। रोबोट संचालित करता एक युवक।



**केरल** : विधानसभा चुनाव में तिरुवनन्तपुरम में एक मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर।



**केरल** : राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली पर निशान दिखाते हुए।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी का तबादला: पलानीस्वामी

**चेन्नई,एजेंसी**

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख एडप्पाडी. के. पलानीस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी के तबादले के निर्वाचन आयोग के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह कदम राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा आठ अप्रैल को किए गए तबादलों के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अधिकारियों के तबादलों से उन्हें क्या समस्या है? उन्होंने कहा कि ये अधिकारी इतने लंबे समय से द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के साथ हैं और चुनाव के दौरान उनका तबादला करने में कुछ भी गलत नहीं था। पलानीस्वामी ने कहा-द्रमुक को लगता है कि वह अधिकारियों पर निर्भर है, लेकिन हम जीत के लिए जनता पर निर्भर हैं। अगर किसी और को नियुक्त किया जाता है तो उन्हें क्या परेशानी है? यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की, जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के उस बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि चुनाव के दौरान भाजपा शासित राज्यों में इस तरह के तबादले नहीं किए गए। पलानीस्वामी ने शहर में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा-निर्वाचन आयोग चाहता है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम के तबादले किया और उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव के तबादले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्वाचन आयोग के इस कदम को एकतरफा और राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया।

# ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा

## आईएमएफ, विश्व बैंक और डब्ल्यूएफपी ने जारी की चेतावनी, कहा- दुनिया में कमजोर लोगों पर पड़ेगा इसका सबसे ज्यादा असर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी जारी की है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा।

संस्थाओं ने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान दो सप्ताह का युद्धविराम समझौता किया है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था क्योंकि उसने अपने परमाणु ईंधन के भंडार छोड़ने से इन्कार कर दिया था।




न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने ईरान और लेबनान के खिलाफ युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### यूनान के प्रधानमंत्री ने ने कहा- होर्मुज पार करने को ईरान को पैसे देना स्वीकार नहीं करेगी दुनिया



**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर दिया कि होर्मुज को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमेरिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया था कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमत हो गया है।

### होर्मुज में ट्रांजिट टोल लगने की संभावना से तेल कंपनियां भी नाराज

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान की ओर से संभावित शुल्क (ट्रांजिट टोल) लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। रिपोर्टों के अनुसार तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

### हिजबुल्ला ने खाई इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम

**मास्को।** लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 254 लोगों के मारे जाने और 1,165 घायल होने के बाद लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला ने कहा कि इजराइल की लेबनान पर बमबारी उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार देती है। तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम लेबनान पर इजराइल के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिनके परिणामस्वरूप भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। ये हमले देश में मानवीय स्थिति को और बदतर बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में घोषित युद्धविराम के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शांति एवं स्थिरता स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को लगातार कमजोर कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में वार्ता पर अभी संदेह के बादल

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजराइल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

### अमेरिका-इजराइल पर युद्धविराम के बाद भी जारी रहेंगे साइबर हमले

- अमेरिकी विशेषज्ञों ने दी ईरानी हैकर्स की इस धमकी को गंभीरता से लेने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** ईरान से संबद्ध हैकर समूहों ने संकेत दिया है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच अस्थिर युद्धविराम लंबे समय तक उनके जवाबी साइबर हमलों को नहीं रोक पाएगा। अमेरिकी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की सलाह दी है।

हंदाला नामक एक प्रमुख हैकर समूह ने युद्धविराम की घोषणा के बाद कहा कि वह अमेरिका पर हमलों को अस्थायी रूप से टाल रहा है, लेकिन इजराइल को निशाना बनाना जारी रखेगा। समूह ने यह भी कहा कि उचित समय आने पर वह अमेरिका के खिलाफ अपनी गतिविधियां फिर शुरू करेगा। फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है।

#### काश पटेल का ईमेल खाता कर चुके हैं हैक

फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है। समूह ने एक्स पर लिखा, हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जरूरत के वक्त साथ नहीं दिया, नाटो पर फिर बरसे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुनः आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कैपिटल अक्षरों में लिखा, नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम पर सहमति के ऐन बाद हुई।

### पाकिस्तानी नागरिक यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** एक पाकिस्तानी नागरिक ने 2024 में न्यूयॉर्क के एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस से प्रेरित हमले की साजिश रचने के मामले में जुर्म स्वीकार किया है। मुहम्मद शाहजेब खान नाम के 21 वर्षीय इस शख्स ने अमेरिका में घुसने और ब्रुकलिन स्थित एक प्रमुख यहूदी धार्मिक केंद्र पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने की साजिश रची थी। शाहजेब ने बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश पॉल गार्डेफे के समक्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े अपराध के आरोप में दोष स्वीकार किया, जिसके लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। सजा अगस्त में सुनाई जाएगी। शाहजेब कनाडा में रह रहा था।

### नेपाल : जमानत पर रिहा हुए केपी ओली और रमेश लेखक

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को बृहस्पतिवार को निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया गया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लेखक को पिछले साल हुए जेन जी आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के लिए पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। इस आंदोलन के दौरान 76 लोग मारे गये थे। सुप्रीम कोर्ट की एक संयुक्त पीठ ने सोमवार को आदेश दिया कि वे ओली और लेखक के खिलाफ जांच बृहस्पतिवार तक पूरी करें या उन्हें हिरासत से रिहा करें।

## बब्बर खालसा के गुर्गों से हैंड ग्रेनेड और आईईडी बरामद

**अमृतसर/ गुरदासपुर।** पंजाब में पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इस मामले में गिरफ्तार किए गए दो गुर्गों से जिसमें पांच हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर के साथ पीटीटी टाइमर, आईईडी विस्फोटक और वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गुर्गों की पहचान आकाश मसीह और जब्लौन के रूप में हुई है, दोनों गुरदासपुर जिले के थाना घुमान कलां के अंतर्गत गांव दुल्ला नंगल के निवासी हैं और उनका आपराधिक इतिहास रहा है। यादव ने बताया कि इन दोनों गुर्गों से महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। इससे पता चलता है कि यह मॉड्यूल राज्य में बड़े आतंकी हमलों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

## मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में 12 केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से संबंधित कार्य के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राज्य में चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने इस मामले में 12 मामले दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों के बाद की गई है।

बुधवार देर रात एजेंसी ने कहा कि उसने मालदा जिले के मोथाबारी पुलिस स्टेशन से सात और कालीचक पुलिस स्टेशन से पांच एफआईआर

#### एनआईए की कार्रवाई

अपने पास लेकर पुनः मामला दर्ज किया है। ये मामले सुप्रीम कोर्ट के छह अप्रैल के आदेश के अनुरूप न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी घटनाओं से जुड़े हैं। एनआईए की टीमें पहले ही मालदा पहुंच चुकी हैं और विस्तृत जांच शुरू कर चुकी हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय एजेंसी को न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच करने का निर्देश दिया और चिंता जताई थी कि ऐसी घटनाएं संस्थागत विश्वसनीयता को कम कर रही हैं।

## अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- वाशिंगटन में वरिष्ठ अधिकारियों से मिले विदेश सचिव विक्रम मिसरी

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से यहां मुलाकात की तथा रक्षा एवं व्यापार संबंधों को और गहरा करने को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर आए मिसरी ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अवर सचिवों माइकल डफी और एल्ब्रिज कोल्बी तथा वाणिज्य मंत्रालय के अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच आदान-प्रदान की गति को बनाए रखते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने युद्ध नीति मामलों के लिए अवर सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ पेंटागन में व्यापक बातचीत की जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर चर्चा हुई। कोल्बी ने पिछले महीने भारत का दौरा किया था और नयी दिल्ली में भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह की बैठक के इतर मिसरी से मुलाकात की थी। मिसरी की रक्षा मंत्रालय में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए अवर सचिव डफी के साथ भी पेंटागन में सार्थक बातचीत हुई।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी की पेंटागन में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए युद्ध विभाग के अवर सचिव माइक डफी के साथ सार्थक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप भारत और अमेरिका के बीच रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधों को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की।

## मंदिर में वर्ग के आधार पर प्रवेश रोके जाने से हिंदू धर्म बुरी तरह प्रभावित होगा: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शबरिमला मंदिर में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि मंदिर और मठ पंथ तथा धर्म के भीतर के वर्गों के आधार पर प्रवेश पर रोक लगाते हैं तो इससे हिंदू धर्म बुरी तरह से प्रभावित होगा और समाज बंट जाएगा। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन की दलीलों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

वैद्यनाथन ने दलील दी थी कि संविधान का अनुच्छेद 26(बी) किसी धार्मिक संप्रदाय को अपने कामकाज का प्रबंधन करने का अधिकार देता है और इसे अनुच्छेद 25(2)(बी) पर वरीयता मिलेगी, जो सरकार को सभी सार्वजनिक हिंदू धार्मिक संस्थानों को आम लोगों के लिए खोलने का अधिकार देता है। वैद्यनाथन केरल के शबरिमला मंदिर के भगवान अयप्पा के भक्तों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित हुए। शीर्ष कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ शबरिमला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई तथा विभिन्न आस्थाओं के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और विस्तार पर भी विचार कर रही थी।

वैद्यनाथन ने दलील दी कि किसी वर्ग विशेष का मंदिर अन्य व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति दे सकता है और उन्हें पूजा-अर्चना में शामिल कर सकता है या फिर वह इसे केवल अपने वर्ग तक ही सीमित रख सकता है। इस पर, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की, एक आशंका है। अगर आप प्रवेश के अधिकार की बात करते हैं, खासकर वेंकटरमण देवरू मामले के संदर्भ में, जिसमें कहा गया था कि गौड़ सारस्वत ब्राह्मणों के अलावा किसी और को प्रवेश नहीं मिलेगा, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को हर मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार होना चाहिए। शबरिमला फैसले (2018) से जुड़े विवाद को एक तरफ रख दें। लेकिन अगर आप यह कहते हैं कि यह एक परंपरा है और यह धर्म का मामला है कि मैं दूसरों को बाहर रखूंगा और केवल मेरे वर्ग, मेरे संप्रदाय के लोग ही मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं, कोई और नहीं, तो यह हिंदू धर्म के लिए अच्छा नहीं है। धर्म पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। यह उसके लिए नुकसानदायक ही साबित होगा। न्यायमूर्ति कुमार ने इस पर सहमति जताई।

### केंद्र की दलील... शबरिमला संबंधी फैसला पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा पर आधारित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने केरल के शबरिमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित है कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं का स्थान उनसे नीचे है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ से कहा कि उन्होंने लिखित अभ्यावेदन दिया है और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनमें पुरुषों को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है। मेहता ने पीठ से कहा, यह देवी भगवती का मंदिर है, उससे कुछ आस्थाएं और मान्यताएं जुड़ी हैं। केरल में एक मंदिर है, मैंने उसके बारे में पढ़ा है, जहां पुरुष महिलाओं के वेश में जाते हैं। वे ब्यूटी पार्लर जाते हैं और परिवार की महिलाएं उन्हें साड़ी पहनने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह पुरुष केंद्रित या महिला केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। मौजूदा मामले में, यह महिला केंद्रित है।

### प्रीति सरन यूएन की अहम संस्था में नए कार्यकाल के लिए चुनी गईं

**न्यूयॉर्क।** वरिष्ठ राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) के लिए फिर से चुना गया है। उनका नया कार्यकाल 2027 से शुरू होगा और यह तीन साल का होगा।




जटिल वैश्विक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बीच, इस वैश्विक संस्था का कुशल नेतृत्व करने में उनकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए उन्हें समिति के लिए फिर से चुना गया है। राजदूत सरन वर्तमान में समिति की अध्यक्ष हैं। यह समिति आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों को सदस्य देशों द्वारा लागू किए जाने के तरीकों की निगरानी करती है।


समिति संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के तहत संचालित होती है। भारतीय विदेश सेवा में अपने 36 वर्षों के शानदार करियर के दौरान, राजदूत सरन ने भारत में और एशिया, अफ्रीका, यूरोप तथा अमेरिका स्थित भारतीय मिशन में विभिन्न उच्च-स्तरीय पदों पर सेवा दी है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


**मेष** — आज का दिन उत्साह व निर्णय क्षमता से भरा रहेगा। धन संबंधी स्थितियां संतुलित रहेंगी। कार्यक्षेत्र में अटके हुए मामलों में गति आएगी।


**तुला** — आज चंद्रमा के प्रभाव से दिन सकारात्मक रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा और मित्रों से सहयोग मिलेगा। आय के नए अवसर मिलने के संकेत हैं।


**वृष** — आज का दिन मानसिक स्थिरता की मांग करता है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। किसी पुराने परिचित से लाभ का संकेत है।


**वृश्चिक** — आज कर्मठता बढ़ेगी और किसी बड़े निर्णय का समय निकट है। पारिवारिक स्तर पर कोई महत्वपूर्ण बात सामने आ सकती है।


**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार में कोई छोटा उत्सव हो सकता है। अचानक धन लाभ का भी संकेत है।


**धनु** — आज भाग्य प्रबल रहेगा। चंद्रमा आपकी राशि में स्थित होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि या नई जिम्मेदारी का योग है।


**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से चर्चा मन हल्का करेगी। नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।


**मकर** — आज ऑफिस में आपके प्रयासों की प्रशंसा होगी। धन की बचत पर विशेष ध्यान दें। संध्या समय मन प्रसन्न होगा।


**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है। सरकारी कार्यों में प्रगति होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।



**कुंभ** — आज का दिन आपकी योजनाओं को गति देगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध हो सकता है। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता आएगी।


**कन्या** — आज आप दक्षता व धैर्य के साथ कार्य करेंगे। कार्यालय में आपके सुझावों की सराहना होगी। किसी यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मीन** — आज आपको निवेश से लाभ होगा। नया काम शुरू करने का शुभ समय है। पुराने विवाद भी समाप्त हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 23.15 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 11.28 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

### सुडोकू -115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

## न्यूज डिकोडर

# डिजिटल किडनैपिंग

## टेक कंपनियों में तैयार किया ऐसा नशा जो आपके दिमाग को मुक्त ही नहीं होने देता

अक्सर ऐसा होता है कि आप बस एक जरूरी मैसेज चेक करने के लिए फोन उठाते हैं, लेकिन अचानक आधे घंटे बाद आपको एहसास होता है कि आप इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे या यूट्यूब पर अनजान वीडियो। यह कोई इत्तफाक नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां अरबों डॉलर खर्च करके ऐसे एल्गोरिदम बना रही हैं जो आपके दिमाग के डोपामाइन सिस्टम को कंट्रोल करते हैं।

### असली खेल क्या है

**कंपनियां स्क्रीन पर बिताए आपके हर सेकंड से पैसा कमाती हैं, इसलिए उनका लक्ष्य आपको फोन से चिपकाए रखना है।**

**डोपामाइन लूप :** जब आप फोन पर कोई नोटिफिकेशन देखते हैं या लाइक मिलता है तो आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज होता है, जो खुशी महसूस कराता है। एआई जान जाता है कि आपको क्या कंटेंट दिखाकर यह नशा दिया जा सकता है।

**इनफिनिट स्क्रॉल :** फेसबुक या इंस्टाग्राम पर नीचे की तरफ खत्म न होने वाला पेज इसलिए बनाया गया है ताकि आपके दिमाग को रुकने और सोचने का मौका ही न मिले। यह ठीक वैसा ही है जैसे जुए की मशीन काम करती है।

**अटेंशन इकोनॉमी :** आज की दुनिया में आपका ध्यान सबसे महंगी मुद्रा है। इसे भुनाने के लिए एआई आपकी हर कमजोरी को ट्रैक करता है, चाहे वह गुस्सा दिलाने वाली खबरें हों या मनोरंजन ताकि आप स्क्रीन छोड़कर न जाएं।



### फैक्ट

क्या आप जानते हैं कि सिलिकॉन वैली के कई बड़े इंजीनियर, जिन्होंने लाइक बटन और स्क्रॉल फीचर बनाया, आज खुद अपने बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रखते हैं। एक स्टडी के अनुसार, औसतन एक व्यक्ति दिन में 2,617 बार अपने फोन को टच करता है। डिजिटल डिटॉक्स करने वाले लोगों में फोकस करने की क्षमता सामान्य लोगों से 40% ज्यादा पाई गई है।

### आपके लिए जरूरी बातें

**डार्क पैटर्न्स :** वेबसाइट्स और एप्स ऐसे डिजाइन तैयार करते हैं जो आपको न चाहते हुए भी क्लिक करने पर मजबूर करते हैं। जैसे कि किसी सब्सक्रिप्शन को कैंसिल करने का बटन बहुत छोटा और गहरे रंग में छिपा देना, ताकि आप हार मानकर पैसे देते रहें।

**घोस्ट नोटिफिकेशन :** क्या कभी आपको महसूस हुआ कि आपकी जेब में फोन वाइब्रेट हुआ, लेकिन चेक करने पर कोई मैसेज नहीं था? इसे 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। कंपनियों के एल्गोरिदम ने हमारे दिमाग को इस कदर ट्रेन कर दिया है कि हम हर वक्त फोन की तरफ भागने के लिए बेचैन रहते हैं।

**चॉइस आर्किटेक्चर :** एआई आपको यह महसूस कराता है कि आप अपनी पसंद का वीडियो देख रहे हैं, लेकिन असल में वह आपको वही दिखा रहा होता है जो वह चाहता है। यूपी नेक्स्ट और ऑटो प्ले फीचर्स आपके निर्णय लेने की क्षमता को खत्म कर देते हैं।

#### स्लीप डिस्टर्बेंस और ब्लू लाइट

रात के समय फोन का इस्तेमाल न केवल आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि एआई एल्गोरिदम रात 11 बजे के बाद आपको ज्यादा उत्तेजक कंटेंट दिखाते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि इस समय आपका सेल्फ कंट्रोल सबसे कम होता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

**ग्रे-स्केल मोड**

अपने फोन की सेटिंग्स में जाकर स्क्रीन को ब्लैक एंड व्हाइट कर दें। रंगीन-चमकीले आइकन दिमाग को ज्यादा आकर्षित करते हैं, ब्लैक एंड व्हाइट स्क्रीन फोन को नीरस बना देती है जिससे आप कम इस्तेमाल करेंगे।

**नोटिफिकेशन फिल्टर**

केवल जरूरी एप्स जैसे कॉल या वर्क मैसेज के नोटिफिकेशन ऑन रखें। सोशल मीडिया के लाइक-कमेंट के नोटिफिकेशन बंद करें।

**बेडरूम को नो फोन जोन बनाएं**

रात को सोते समय फोन को सिरहाने रखने के बजाय दूसरे कमरे में चार्ज करें। अलार्म के लिए फोन नहीं, साधारण घड़ी का उपयोग करें।

**20 मिनट का नियम**

जब भी एप खोलने की तीव्र इच्छा हो, खुद को कहें कि मैं इसे 20 मिनट बाद देखूंगा। अक्सर वह इच्छा तब तक खत्म हो जाती है।

- भारत में एक औसत व्यक्ति दिन भर में लगभग 4.5 से 5 घंटे मोबाइल फोन पर बिताता है। भारतीय यूजर हर महीने औसतन 31 जीबी डेटा खर्च कर रहे हैं।
- किशोरों-युवाओं के मामले में यह समय 7 से 8 घंटे तक पहुंच जाता है। दुनिया भर में मोबाइल इस्तेमाल के मामले में भारत शीर्ष देशों की सूची में शामिल है।

### ये हैं स्वास्थ्य को नुकसान

- लगातार मोबाइल का इस्तेमाल शरीर की बनावट और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है।
- गर्दन झुकाकर लंबे समय फोन चलाने से रीढ़ व गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।
- नीली रोशनी के कारण आंखों में सूखापन, जलन, धुंधली दृष्टि और सिरदर्द की समस्या।



"मैं इंपैक्ट सब नियम को युवा खिलाड़ियों के लिए मौके के रूप में देखता हूं। कइयों को यह नियम पसंद नहीं है लेकिन अगर एक बल्लेबाज या गेंदबाज टीम में जुड़ता है तो अधिक जोखिम वाले फैसले लिये जा सकते हैं।
–प्रभसिमरन सिंह


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


IPL 2026

## आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# ईडन गार्डन्स में लखनऊ का धमाल आखिरी गेंद पर कोलकाता को हराया

## आईपीएल-2026 : मुकुल चौधरी के सामने बेबस नजर आए केकेआर के गेंदबाज

कोलकाता, एजेंसी

मुकुल चौधरी (नाबाद 54) और आयुष बदोनी (54) की आतिशी पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। यह टूर्नामेंट में लखनऊ सुपर जाएंट्स की लगातार दूसरी जीत है।

125 रन पर छह विकेट गंवा चुकी लखनऊ के लिए मुकुल चौधरी संकटमोचन बनकर आए। उन्होंने 27 गेंदों में दो चौके और सात छक्के उड़ाते हुए नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम का स्कोर सात विकेट पर 182 रन कर तीन विकेट से जीत दिला दी।

182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी पहले विकेट लिए 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में वैभव अरोड़ा ने एडन मारक्रम 15 गेंदों में (22) और मिचेल मार्श (15) को आउट कर केकेआर को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान ऋषभ पंत और आयुष बदोनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में कमरन ग्रीन ने ऋषभ पंत (10) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। निकोलस पूरन (13), अब्दुल समद (दो) रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में अनुकूल राय ने आयुष बदोनी को आउट कर लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका दिया। आयुष बदोनी ने 34 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 54 रनों की पारी खेली।



शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी।

अगले ही ओवर में सुनील नारायण ने मोहम्मद शमी का शिकार कर लिया। इसके बाद मुकुल ने अकेले दोनों छोरो से तूफानी बल्लेबाजी करते हुए छक्को की झड़ी लगा दी। उन्होंने मैच की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सुनील नारायण, कार्तिक त्यागी और कमरन ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां अंगकृष रघुवंशी (45), कप्तान अजिंक्या रहाणे (41), रोवमन पॉवेल (नाबाद 39) और (कैमरन ग्रीन (नाबाद 32) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ चार विकेट पर 181 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स को पहला झटका 15 रन के स्कोर पर फिन ऐलन (नौ) के रूप में लगा। उन्हें प्रिंस यादव ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अंगकृष रघुवंशी ने अजिंक्या रहाणे के साथ दूसर विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने अजिंक्या रहाणे को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहाणे ने 24 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 41 रन बनाये। अगले ही ओवर में एम सिद्धार्थ ने अंगकृष्ण रघुवंशी का शिकार कर लिया। रघुवंशी ने 33 गेंदों में पांच चौके ओर दो छक्के लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह (चार) को आवेश खान बोल्ड आउट किया। इसके बाद रोवमन पॉवेल और कैमरन ग्रीन के बीच पांचवें विकेट के लिए 70 रनों की अविजित साझेदारी ने कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर चार विकेट पर 181 रन तक पहुंचा दिया। पॉवेल ने 24 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 39 रनों की पारी खेली। कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 32 रन बनाये।

### केकेआर

**181/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| अंगकृष रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

**अतिरिक्त** : 11, गेंदबाजी : शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1, सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

### एलएसजी

**182/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का रघुवंशी बो वैभव | 13 |
| एडेन मारक्रम का पोवेल बो वैभव | 22 |
| ऋषभ पंत का त्यागी बो ग्रीन | 10 |
| आयुष बडोनी का रिंकू बो अनुकूल | 54 |
| निकोलस पूरन का रमनदीप बो त्यागी | 13 |
| अब्दुल समद बो अनुकूल | 02 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 54 |
| मो. शमी का अनुकूल बो नारायण | 01 |
| आवेश खान नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 10, **गेंदबाजी** : वैभव 4-0-38-2, अनुकूल 4-0-32-2, सैनी 3-0-37-0, नारायण 4-0-13-1, त्यागी 3-0-31-1, ग्रीन 2-0-28-1

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप



यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
अंगकृष रघुवंशी
कोलकाता-155 रन

### पर्पल कैप

रवि बिश्नोई
राजस्थान- 7 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट



# कोनोली को टाइमिंग और लय पर भरोसा

मुल्लांपुर, एजेंसी

- **पावर हिटिंग के दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने संयमित पारी खेल सभी को किया प्रभावित**

टी20 क्रिकेट में पावर हिटिंग (ताकत वाले शॉट) के इस दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली सफलता के लिए टाइमिंग, लय और आत्मविश्वास पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस 22 साल के खिलाड़ी ने अपने आईपीएल पदार्पण पर 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन की संयमित पारी खेलकर प्रभावित किया।

उनकी इस पारी से पंजाब किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन विकेट से जीत मिली। इस पारी ने उनके इस विश्वास को मजबूत किया कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए सिर्फ पावर हिटिंग ही जरूरी नहीं है। हर खिलाड़ी की अपनी ताकत होती है और मैं अपनी उन्हीं खूबियों पर कायम रहना चाहता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे सफलता दिलाई है। कोनोली ने में कहा बेशक, टी20 क्रिकेट में ताकत (पावर) एक बड़ा हिस्सा बनती जा रही है, लेकिन इसके अलावा भी कई तरीके हैं और मैं उन्हें समझने और सीखने की कोशिश करूंगा। अपनी मौजूदा शैली में सहज कोनोली मानते हैं कि लय पर आधारित उनका खेल उन्हें टीम के लिए सबसे प्रभावी योगदान देने में मदद करता है।

### हाईलाइट

## भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर गोपीनाथ का निधन

**चेन्नई।** टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

## आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु और प्रणय हारे



**निंगबो।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21.6, 21.12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21.18, 21.8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21.12, 21.19 से मात दी।

## वैष्णवी व सहजा को शिकस्त दे, इंडोनेशिया ने भारत को हराया

**नई दिल्ली।** वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली की एकल मुकाबलों तथा अंकिता रैना और ऋतुजा भोसले की जोड़ी की हार से बिली जीन किंग कप के एशिया-ओशियाना ग्रुप-1 मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ने भारत को 3-0 से करारी शिकस्त दी। इस हार से भारत के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। वैष्णवी ने प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, जबकि सहजा विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन के सामने सहज नहीं दिखीं। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की वैष्णवी ने मुकाबले में दमखम दिखाया, लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं।

# टी-20 में नौ विकेट लेकर कार्डोसा ने रचा इतिहास

ब्रासीलिया, एजेंसी

ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं।

कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में लेसोथो की टीम 6.2 ओवर में सिर्फ 13 रन पर सिमट गई।





# आरसीबी-रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर

गुवाहाटी, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरुआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी।

दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है।

आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

## सूर्यवंशी असली सुपरस्टार बन सकते हैं : स्मिथ

**नई दिल्ली** : बेहद प्रतिभावान वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ ने आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन के बाद 15 साल के इस भारतीय खिलाड़ी को 'असली सुपरस्टार' बताया है। सूर्यवंशी ने मंगलवार को बारिश से बाधित मैच में राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर 27 रन की जीत के दौरान दुनिया के सबसे अच्छे टी20 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इस युवा खिलाड़ी ने 14 गेंद में 39 रन की पारी के दौरान बुमराह के ओवर में दो छक्के जड़े। स्मिथ ने अपने ब्लॉग में लिखा आईपीएल ठीक वैसे ही शुरू हुआ है जैसा मैंने सोचा था, सपाट पिचों और बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के साथ। हमेशा की तरह यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुराने सुपरस्टार कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर शुरुआती कुछ हफ्तों में नजर रखनी होगी।

### लिया पक्ष

गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन न लेने की हो रही आलोचना, मुकाबले में दिल्ली ने गंवा दिया था मैच

# डेविड मिलर की मंशा में खोट नहीं निकाल सकते :गावस्कर

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।


जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने ''जियो हाटस्टार'' से कहा डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए। वह मैच ड्रॉ रहा। गावस्कर ने कहा इसी समय पर मैच के हालात को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। मुझे इससे रवि शास्त्री का वह एक रन याद आता है जो 1986 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने सही समय पर लेकर स्कोर बराबर कर दिया था।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की तारीफ की जिन्होंने गुजरात के लिये चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा राशिद खान ने जबर्दस्त गेंदबाजी की। लेकिन एक ईकाई के रूप में गुजरात की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन खेल में ऐसा होता है।

## अक्षर ने शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने गुजरात टाइटंस के हाथों एक रन की दिल तोड़ने वाली हार के बाद अपनी टीम से शांत रहने और अपना हौसला बनाए रखने की अपील की। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को मैच के बाद फ्रेंचाइजी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में, अक्षर ने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए, इस करीबी हार के बावजूद सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया। अक्षर ने साथियों से कहा सीजन की शुरुआत में, मैंने कहा था, आप जानते हैं, अपनी भावनाओं पर काबू रखें और किसी भी स्थिति में शांत रहें। सभी, आप जानते हैं, दुखी हैं, बुरा महसूस कर रहे हैं। हम फिर भी मुस्कुरा सकते हैं, यह ठीक है। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि अगर उसने वे छक्के नहीं मारे होते, तो मुझे नहीं लगता कि हम, आप जानते हैं, खेल में बने रहते। हम चेन्नई जाएंगे और फिर से शुरुआत करेंगे।



# प्रीति, मीनाक्षी के नेतृत्व में भारत की स्वर्णिम सफलता

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार के नेतृत्व में भारत ने बृहस्पतिवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगा दी।

मीनाक्षी (48 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) के अलावा प्रिया घंघास (60 किग्रा) और 'वर्ल्ड बॉक्सिंग कप' की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने भी फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत को सबसे बड़ा झटका 57 किग्रा वर्ग में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रूएनरोस (पूर्व नाम जुतामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत को एक और रजत पदक अल्फिया पठान (80+ किग्रा) के रूप में मिला, जो फाइनल में कजाखस्तान की दीना इस्लामबेकोवा से 0-5 से हारकर उपविजेता रहीं। फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय मुक्केबाजों ने इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुरूप है।



पदकों के साथ भारतीय मुक्केबाज। एजेंसी